e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 81

शुक्रवार

22.03.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार

ज्ञान ही वह नींव है जिस पर सफलता का झंडा लहरा सकता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

रोजा का समय

इफ्तार (22.03.24): शाम 06:02 बजे

सेहरी (23.03.2024) सुबह 04 : 28 बजे

Sreeleathers

66 K-ROAD, BISTUPUR

त्वरित न्यूज

साइबर ठगों ने पद्मश्री से सम्मानित डॉक्टर से ठग लिए 2 करोड़ रुपए

लखनऊ : उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के एक प्रतिष्ठित डॉक्टर से जालसाजों ने दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है। जालसाजों द्वारा ठगे जाने के बाद पद्म श्री से सम्मानित डॉक्टर ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। डॉक्टर ने अपनी शिकायत में कहा, मैं एक वेल्थ मैनेजमेंट फर्म के विज्ञापन देखकर इसका सदस्य बना। उन्होंने मुझसे पैसे जमा करने को कहा और बाद में बार-बार अपनी वेबसाइट पर मुनाफा दिखाया। अकाउंट फायदा दिखा रहा था। उन्होंने मुझसे और ज्यादा रुपये जमा करने के लिए कहा। जब यह रकम 2.27 करोड़ रुपये तक पहुंच गई तो मैंने रुपये निकालने के लिए कहा।

एशियाई शेरों की अकाल मौत पर हाई कोर्ट ने जताई चिंता

अहमदाबादः गुजरात हाई कोर्ट ने एशियाई शेरों की अकाल मौत को लेकर स्वत- संज्ञान याचिका पर सुनवाई करते हुए रेलवे पर नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल की खंडपीठ ने गुजरात के गिर जंगल में पाए जाने वाले एशियाई शेरों की मौत पर चिंता जताई है। कोर्ट ने रेलवे से जवाब मांगा है कि स्पीड नियंत्रण और फेंसिंग के बारे में क्या विचार कर रहा है। इस मामले में शपथपत्र दाखिल करने को कहा है।जानकारी के अनुसार गिर के जंगल में 650 से अधिक एशियाई शेर हैं। गिर क्षेत्र में पिछले 2 साल में 184 शेरों की मौत हुई है। इनमें 32 शेरों की मौत दुर्घटना में हुई है। जानकारी के अनुसार एशियाई शेर पूरे एशिया में सिर्फ गुजरात के जंगल में ही पाए जाते हैं। गिर से होकर रेलवे लाइन गुजरती है, जो अमरेली से अलग-अलग जगहों की ओर जाती है। इन जगहों पर रेलवे को ब्रॉडगेज लाइन नहीं डालनी है। शेरों की मौत के मामले में कोर्ट में आगामी दिनों में सुनवाई होगी।

केंद्र सरकार ने झामुमो की पूर्व विधायक सीता सोरेन को दी जेड श्रेणी की सुरक्षा

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा की पूर्व विधायक सीता सोरेन को केंद्र सरकार ने जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। सीता सोरेन ने बीते 19 मार्च को झामुमो से इस्तीफा देने के तुरंत बाद दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। जेड श्रेणी में 22 कर्मियों की सुरक्षा होती है, जिसमें 4-6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी शामिल होते हैं। झारखंड पुलिस की विशेष शाखा में राज्य सुरक्षा वर्गीकरण समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक के दौरान झारखंड के विशिष्ट, अति विशिष्ट व्यक्तियों के आसन्न खतरे की समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद जेड प्लस, जेड, वाई प्लस, वाई और एक्स कटैगरी में सुरक्षा में सभी लोगों को रखा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और राजनीति में कदम रख चुकीं कल्पना सोरेन को भी अब वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। राज्य पुलिस ने कुल 119 लोगों की सुरक्षा की समीक्षा की थी।

चुनाव आयोग ने सार्वजनिक किया चुनावी चंदे का डेटा, वेबसाइट पर डाली जानकारी

नई दिल्ली : केंद्रीय चुनाव आयोग ने एसबीआई की ओर से इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर दी गई जानकारी को गुरुवार को सार्वजनिक कर दिया. चुनाव आयोग ने चुनावी चंदे की जानकारी को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया.एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक इलेक्टोरल बॉन्ड के नंबर चुनाव आयोग को सौंपे हैं.इसके साथ ही हलफनामे के मुताबिक एसबीआई ने इलेक्शन कमीशन को बॉन्ड खरीदने वाले का नाम, बॉन्ड का नंबर और उसकी राशि, बॉन्ड कैश करवाने वाली पार्टी का नाम, राजनीतिक पार्टी के बैंक अकाउंट के आखिरी 4 नंबर, कैश करवाए गए बॉन्ड का नंबर और उसकी राशि के बारे में जानकारी दी.

रांची का तापमान

अधिकतम 26°

न्यूनतम 12°

शराब घोटाले में 2 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी का एक्शन

सीएम अरविंद केजरीवाल अरेस्ट

एजेंसी

नई दिल्ली : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार की रात करीब 9.15 बजे गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने पहले 10वां समन जारी किया और उसके बाद उनके आवास पर पहुंची। जहां सीएम से दो घंटे तक पूछताछ की। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। सीएम की गिरफ्तारी दिल्ली शराब घोटाले में हुई है। इस मामले में यह 16वीं गिरफ्तारी हुई है। बता दें कि शाम सात बजे ईडी की टीम सीएम के सरकारी आवास पर पहुंची थी। ईडी ने पूछताछ में 20 से ज्यादा सवाल पूछे। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल ने कई सवालों के जवाब नहीं दिए। वहीं इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अब इसके बाद अरविंद केजरीवाल को ईडी के कार्यालय ले जाया गया। बता दें कि आज शाम ईडी की टीम सीएम आवास पहुंची थी। इसके बाद ही आशंका जताई जाने लगी थी कि केजरीवाल को गिरफ्तार किया जा सकता है। इसके बाद सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी सीएम आवास पहुंच गई थीं।

हालांकि दोनों कोआवास के अंदर नहीं जाने दिया गया था। वहीं इसके बाद केजरीवाल के वकीलों की टीम ने सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दाखिल की थी। उन्होंने इस मामले में त्वरित सुनवाई की मांग की थी। हालांकि सुनवाई नहीं हुई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी की टीम के सीएम आवास पर पहुंचने की खबर आते ही बाहर आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का हुजूम जुटना शुरू हो गया था। पुलिस को इसकी आशंका पहले से भी थी और उन्होंने इसकी तैयारी भी कर ली थी। आवास के बाहर रैपिड एक्शन फोर्स समेत पुलिसकर्मियों की भारी तैनाती कर दी गई थी।

इसके साथ ही आवास को चारो तरफ से बैरीकेडिंग कर दी गई थी। बता दें की यह पहला ऐसा मामला है जब कोई मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए गिरफ्तार हुआ है. ऐसे में सवाल उठता है कि अब दिल्ली में आम आमदी पार्टी की सरकार का क्या होगा.

यानी कौन सरकार चलाएगा. इसको लेकर आम आमदी पार्टी का स्पष्ट स्टैंड है कि अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे. यानी वह पद से इस्तीफा नहीं देंगे.

पीएम को केजरीवाल से लगता है डर : आप

ईडी की टीम के सीएम केजरीवाल के आवास पर पहुंचने के बाद आप ने कहा कि पीएम मोदी को केजरीवाल से डर लगता है. पूरे देश में केजरीवाल ही मोदी के एकमात्र विकल्प हैं. पार्टी की ओर से कहा गया है कि केजरीवाल को तो गिरफ़्तार कर लोगे, लेकिन हर शहर, गांव, क़स्बे में केजरीवाल की जो सोच पैदा होगी, उसे कैसे गिरफ़्तार करोगे?

अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे : आम आदमी पार्टी

हाईकोर्ट से लगा था केजरीवाल को झटका

बता दें कि गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट से सीएम केजरीवाल को बड़ा झटका लगा था. कोर्ट ने कहा कि उन्हें गिरफ्तारी से राहत नहीं है. ईडी के समन पर केजरीवाल पूछताछ के लिए नहीं पहुंच रहे थे, उन्होंने कोर्ट से इस बात का आश्वासन मांगा था कि अगर वह पूछताछ के लिए जाते हैं तो उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा. इस पर कोर्ट ने कहा कि समन के जवाब में केजरीवाल को ईडी के सामने पेश होना होगा, उनकी गिरफ्तारी पर रोक नहीं है.

बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के मुद्दे पर कांग्रेस ने जमकर बोला हमला

भाजपा ने कांग्रेस को चुनाव मैदान से हटाने का खतरनाक खेल शुरू किया है : खड़गे

एजेंसी

नई दिल्ली : कांग्रेस ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया और राहुल गांधी भी मौजूद रहे। इस दौरान पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के मुद्दे पर जमकर हमले बोले गए। केंद्र सरकार को केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग और चुनावी चंदों के मुद्दों पर घेरा गया। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में भाजपा पर बड़ा आरोप लगायाए। खरगे ने कहा, भाजपा ने कांग्रेस को चुनाव मैदान से हटाने का खतरनाक खेल शुरू किया है। लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है, जब सभी दलों के पास समान संसाधन हों। उन पर किसी एक दल का एकाधिकार न हो। सत्ताधारी पार्टी द्वारा संवैधानिक और न्यायिक संस्थाओं पर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष नियंत्रण करने का प्रयास किया जा रहा है। चुनावी चंदा यानी बॉन्ड मामला सुप्रीम कोर्ट में है। खरगे ने कहा कि भाजपा के चंदे के खेल ने देश की छवि को ठेस पहुंचाई है। स्वस्थ लोकतंत्र पर प्रश्न उठा है।

कांग्रेस को आर्थिक रूप से कमजोर करने की लगातार कोशिश कर रहे हैं प्रधानमंत्री : सोनिया गांधी

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे का असर सिर्फ कांग्रेस पर ही नहीं पड़ रहा है, बल्कि इसका असर हमारे लोकतंत्र को भी मौलिक रूप से पड़ता है। प्रधानमंत्री भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए लगातार कोशिश कर रहे हैं। पार्टी के खाते में जनता से इकट्ठा किया गया पैसा है। हमारे खातों से पैसे जबरदस्ती छीने जा रहे हैं। हालांकि, इन सब चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी हम अपने चुनाव अभियान को जोर-शोर से आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। एक तरफ चुनावी बॉन्ड का मुद्दा है, जिसे सुप्रीम कोर्ट असंवैधानिक करार दे चुका है। चुनावी बॉन्ड से भाजपा को भारी लाभ हुआ। दूसरी ओर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की वित्तीय स्थिति को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। हम सभी का मानना है कि यह अलोकतांत्रिक है।

> खरगे ने कहा, भाजपा ने कांग्रेस को चुनाव मैदान से हटाने का खतरनाक खेल शुरू किया है। लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है, जब सभी दलों के पास समान संसाधन हों।

चुनाव लड़ने की हमारी क्षमता को नुकसान पहुंचाया जा रहा है : राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हमारे सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। हम कोई प्रचार नहीं कर सकते, हम अपने कार्यकर्ताओं का समर्थन नहीं कर सकते, हम अपने उम्मीदवारों का समर्थन नहीं कर सकते। हमारे लोग हवाई जहाज तो छोड़िए, रेलवे की यात्रा के लिए भी टिकट नहीं खरीद सकते। यह चुनाव से दो महीने पहले किया गया। एक नोटिस 90 के दशक से आया, दूसरा 6-7 साल पहले; कुल राशि 14 लाख रुपये और सजा हमारी पूरी वित्तीय पहचान। चुनाव आयोग ने भी कुछ नहीं कहा। यहां कोई लोकतंत्र नहीं है। पहले से ही चुनाव लड़ने की हमारी क्षमता को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हम पहले ही एक महीना खो चुके हैं। राहुल ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी को निशाना बनाए जाने की कार्रवाई है। ऐसा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री कर रहे हैं। यह विचार कि भारत लोकतंत्र है, एक झूठ है। आज भारत में कोई लोकतंत्र नहीं है। यह विचार कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, एक झूठ है। भारत के 20त लोग हमारे लिए वोट करते हैं और फिलहाल हम किसी भी चीज के लिए 2 रुपये का भुगतान नहीं कर सकते।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर हम दखल नहीं देंगे, अव्यवस्था फैल जाएगी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली : लोकसभा चुनाव से पहले दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त की नियुक्तियों पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि वह इस मामले में दखल नहीं देगा, क्योंकि इससे अव्यवस्था फैल जाएगी. इस तरह कोर्ट ने दोनों चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को बरकरार रखा है. बता दें कि हाल ही में भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारियों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया. मामले की सुनवाई के दौरान गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने यह भी पाया कि दोनों चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधी के खिलाफ कोई आरोप नहीं हैं. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस चरण में हम दखल नहीं देंगे. चुनाव आ रहे हैं, ऐसे में दखल देने पर अव्यवस्था फैल जाएगी.

केंद्र की फैक्ट चेक यूनिट पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक: सुप्रीम कोर्ट ने पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट स्थापित करने पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आईटी संशोधन नियम 2023 के तहत केंद्र सरकार द्वारा फैक्ट चेक यूनिट की 20 मार्च की अधिसूचना पर रोक लगा दी है। बता दें कि ये पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ऑनलाइन कंटेंट की निगरानी के लिए बनाया गया था। इसके तहत ये यूनिट सरकार के खिलाफ कोई भी गलत जानकारी का फैक्ट चेक करती और गलत पाए जाने पर उसे फिर पब्लिश करने पर रोक लगा देती।

केंद्र सरकार द्वारा भेजे जा रहे विकसित भारत के मैसेज पर शख्त हुआ ईसी

मैसेज भेजना तुरंत बंद करें : चुनाव आयोग

एजेंसी

नई दिल्ली : चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार पर सख्ती दिखाई है। आयोग ने आज इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को व्हाट्सएप पर विकसित भारत मैसेज भेजने को लेकर तुरंत रोकने का निर्देश दिया है। इलेक्शन कमीशन ने इस मामले पर तत्काल मेट वाई से अनुपालन रिपोर्ट मांगी गई है। इलेक्शन कमीशन को इस बारे कई सारी शिकायते मिली थीं। इसे लेकर आयोग ने एक्शन लिया है। चुनाव आयोग ने आईटी मंत्रालय को व्हाट्सएप पर विकसित भारत संदेशों की डिलीवरी तुरंत रोकने का निर्देश दिया है। मामले पर अनुपालन रिपोर्ट तत्काल मेट वाई से मांगी गई है। जवाब में, मेट वाई ने आयोग को सूचित किया था कि यद्यपि पत्र एमसीसी लागू होने से पहले भेजे गए थे, उनमें से कुछ को सिस्टेमैटिक और नेटवर्क लिमिटेशन के कारण संभवतः देरी से लोगों तक पहुंचाया जा सकता था।

मैसेज में पीएम मोदी की गारंटी नाम से एक वीडियो प्रसारित किया जा रहा था: गौरतलब है कि लोगों के वाट्सऐप पर सरकार के आईटी मंत्रालय द्वारा विकसित भारत संपर्क नाम से मैसेज भेजे जा रहे थे, जिसमें पीएम मोदी की गारंटी नाम से एक वीडियो प्रसारित किया जा रहा था। इसी को लेकर चुनाव आयोग के पास ढेर सारी शिकायतें की गई थीं, इसे आम चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद बीजेपी सरकार ऐसे मैसेज भेज रही है। मैसेज में यह लिखा गया, नमस्ते, यह संदेश पीएमनरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भारत सरकार के विकसित भारत संपर्क केंद्र द्वारा भेजा गया है।

चुनाव आयोग ने पहले भी लिया था बड़ा एक्शन: इससे पहले चुनाव आयोग ने 6 राज्यों के गृह सचिव समेत पश्चिम बंगाल के डीजीपी को हटा दिया था। इसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में गृह सचिवों शामिल हैं, इसके अलावा आयोग ने मिजोरम और हिमाचल प्रदेश में सामान्य प्रशासनिक विभाग के सचिव को भी हटा दिया।

रांची : तुपुदाना ओपी प्रभारी के आवास पर ईडी ने की छापेमारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड पुलिस की चर्चित सब इंस्पेक्टर व तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह के यहां ईडी ने अपनी दबिश दी. मीरा सिंह के अलावा रांची के कांग्रेस नेता लाल मोहित नाथ शाहदेव के यहां भी ईडी ने छापेमारी की. लाल मोहित नाथ शाहदेव मीरा सिंह के करीबी बताए जा रहे हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उनके आवास से 15 लाख रुपए और 8 मोबाइल बरामद किए गए हैं. बताया जा रहा है कि जमीन और बालू कारोबार को लेकर यह छापेमारी की गई है. हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. बता दें कि खूंटी महिला थाना की प्रभारी रहते हुए मीरा सिंह को 25 फरवरी 2021 को एसीबी ने 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था. जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था. बाद में मीरा का तबादला रांची हो गया. जिसके बाद उन्हें तुपुदाना ओपी प्रभारी बना दिया गया. तुपुदाना में कई विवाद में पड़ने के बाद मीरा का तबादला हजारीबाग कर दिया गया था, लेकिन बाद में मुख्यालय के आदेश पर ही उसे रद्द भी कर दिया गया.

शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने में पदाधिकारी कार्य योजना बनाकर करें काम : के. रवि

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष लोक सभा निर्वाचन 2024 को सम्पन्न कराने में पदाधिकारी कार्ययोजना बनाकर काम करें। निर्वाचन अवधि के दौरान विधि व्यवस्था संधारण में पूरी मुस्तैदी रखें। दुर्गम स्थानों पर अवस्थित मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी एवं आवश्यक सेवाओं के लिए आवागमन की व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सभी बूथों पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। बूथों पर पेयजल, शौचालय, रैम्प, बिजली जैसी मूलभूत व्यवस्था होना अनिवार्य है। वे आज गुमला के समाहरणालय सभागार में गुमला, लोहरदगा, खूंटी, राँची एवं सिमडेगा जिले के पुलिस, सीआरपीएफ, वन विभाग एवं संबंधित जिला प्रशासनों के पदाधिकारियों के साथ इन जिलों में लोक सभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक कर रहे थे।।उन्होंने समीक्षा के क्रम में इन जिलों के संवेदनशील मतदान केन्द्रों के लिए निर्वाचन से संबंधित समुचित व्यवस्था करने को कहा।उन्होंने निदेश दिया कि सभी प्रस्तावित हैलिपैड को चिन्हित कर उनके सुदृढीकरण का कार्य कर लें ताकि पोलिंग पार्टी एवं इमरजेंसी सेवाओं में इनका इस्तेमाल हो सके। साथ ही वन विभाग द्वारा पेड़ों की छटाई, स्मोक आदि की भी व्यवस्था कर लें। संवेदनशील बूथों पर सीआरपीएफ एवं पुलिस बल के पर्याप्त संख्या में जवानों की तैनाती का आकलन कर लें। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी.होमकर के द्वारा विशेष रूप से विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से की गई तैयारी, स्वच्छ, भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव की तैयारियों का अनुश्रवण आदि की बिंदुवार समीक्षा की गयी। इसके अलावा रीलोकेटेड बूथों से संबंधित मतदाताओं को समय पूर्व जागरूक करने से भी संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी श्री एवी होमकर, सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, डीआईजी दक्षिणी छोटानागपुर रेंज, प्रमंडलीय आयुक्त सहित लोकसभा निर्वाचन से संबंधित वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

महिला समेत तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार

कानपुर (एजेंसी): लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को रेल बाजार थाने की पुलिस ने गांजा की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से लगभग 50 किलोग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी दिलीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार गिरोह के सदस्यों में एक महिला भी है।

❤ दिल का हाल सुने ❤ दिल वाला....

रोग नहीं, रोकथाम जरूरी

हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।

यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?

✆ 78083 68888 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, शुक्रवार, 22 फरवरी 2024| पेज 2

आयुक्त ने गढ़वा एवं भवनाथपुर में मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं को जाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दृष्टिगत पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के गढ़वा एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया। आयुक्त ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के राजकीयकृत बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 117, 118, 119 एवं 120, उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी मेराल में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 58, 59 एवं 60 का भ्रमण किया। साथ ही भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय पाल्हे कला स्थित मतदान केंद्र संख्या 268 एवं 269 का भ्रमण किया। इसके अलावा राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय नगर उंटारी स्थित मतदान केंद्र संख्या 237, 258 एवं 259 एवं राजकीय कन्या मध्य विद्यालय नगर उंटारी के मतदान केन्द्र संख्या 240, 241, 262 एवं 263 का भ्रमण किया। आयुक्त ने उक्त विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन किया। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा इनके निबंधन, मतदान दिवस पर परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों की संरचना, मतदान केन्द्रों पर रैंप, व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, वोलेंटियर का सहयोग लेने संबंधी जानकारी ली और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति को जाना। उन्होंने मतदान केंद्रों के मतदान कक्ष में मतदान के दिन पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं गर्मी के मद्देनजर पंखा को ठीक रखने का निदेश दिया। आयुक्त ने मतदान केन्द्रों पर महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय व्यवस्था को भी देखा और वहां रनिंग वाटर की व्यवस्था एवं शौचालय जाने के रास्तों में साइनेज लगाने का निदेश दिया। स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि भवनाथपुर विधानसभा के नगर उंटारी एवं अन्य कई मतदान केन्द्रों पर भू-जल स्तर नीचे चले जाने के कारण बोरिंग सूख जाता है। ऐसे में चापकल से पानी की व्यवस्था होती है। इसपर आयुक्त ने वाटर टंकी लगाने, शुद्ध पेयजल की समस्या वाले मतदान केन्द्रों पर मतदान दिवस के दिन टैंकर से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर चिकित्सा किट, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट आदि अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधा रखने का भी निदेश दिया। उन्होंने बीएलओ से मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या से भी अवगत हुए। साथ ही जो मतदाता मतदान केन्द्र पर पहुंचने में असमर्थ हैं, उनके लिए फॉर्म 12डी को भरवाने का निदेश दिया। आयुक्त ने गढ़वा एवं भवनाथपुर के मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं से संतुष्ट हुए। साथ ही मामूली कमियों को तत्काल दूर करने का निदेश दिया। **स्ट्रॉग रूम एवं डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण :** आयुक्त बाल किशुन मुंडा, उपायुक्त शेखर जमुआर सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्री सदगुरू जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज गढ़वा स्थित स्ट्रॉग रूम/डिस्पैच सेंटर एवं मल्टीपरपस हॉल का निरीक्षण किया। साथ ही यहां उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं की सराहना किया। साथ ही इसके बेहतर रखरखाव करते हुए सदुपयोग का निदेश दिया। आयुक्त के भ्रमण के दौरान आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार, गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार, जिला योजना पदाधिकारी-सह-प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित हैं।

रमजान पर मस्जिद में कुरान ए पाक तरावीह की नमाज संपन्न

हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): हुसैनाबाद अनुमंडल के देवरी मस्जिद में चांद रात से चल रही नमाजे ए तरावीह बुधवार की रात हाफिज सब्बीर कारी ने खत्म कराई। इस दौरान रोजेदारों ने नमाज अदा करने और सुनने का सवाब पाया. जिसके समापन के बाद देश दुनिया में अमन और और देश की खुशहाली और तरक्की के लिऐ सामूहिक रूप से दुआ मांगी गई इसके बाद लोगों ने हाफिज को नजराना वा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर मस्जिद के पेश इमाम कलाम अंसारी ने कहा की रमजान की चांद नजर आने के बाद शुरु होने वाली इस विषेश नमाज तरावीह की काफ़ी अहमियत है। अपने रब को राजी करने के लिऐ रात ईशा की नमाज के बाद तरावीह की नमाज लोग घंटे खड़े होकर पढ़ते पढ़ते है। साथ ही कुरान पाक भी सुनते हैं। उन्होंने कहा की तमाम महीनों में रमजान का महीना सबसे अफजल है। अल्लाह इस महीने में बंदों के लिए अज्र बढ़ा देता है। एक नेक काम करने पर 70 नेकियों का सवाब खुदा अपने बंदों को देता है, माहे रमजान में अल्लाह पाक ने खास कर गरीबों का ख्याल रखने का हुक्म दीया है। देवरी मस्जिद कमिटी के संरक्षक शकील अहमद ने कहा की इस्लाम में रमजान के तीस दीन का तीन अशरो में बाट कर अहमियत बताई है। पहले दस दिनों का अशरा रहमतों का होता है। दूसरा अशरा गुनाहों से माफी और तीसरा अशरा जहन्नम से निजात का है। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष निजाम खान, सचिव तनवीर अहमद, सैयद नौशाद अहमद, जुबैर अहमद, अफरोज खान, आरजू खान, सैयद अफान मीर, सैयद कामरान मीर, वकिल अहमद, शमशेर खान, इरफान खान, जाशिम अंसारी, मजहरउल इस्लाम, ताबीस अंसारी, सलीम खान, मोहसिन खलीफा, इकरामुद्दीन अंसारी, चिंटू मंसूरी, राजा अंसारी, सैयद सन्नी हुसैन, मुख्तार अंसारी, हफीज खान, असलम खान, शारिक अहमद, शेख इमरान, समेत काफ़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

थाना परिसर में शांति समिति का किया गया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : उंटारी थाना परिसर में होली त्योहार को लेकर एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे होली त्योहार को आपसी भाई चारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि लोग नशे की हालत में ही लोग विवाद करते है। सभी ने होली के दिन शराबबंदी की बात कही। जिससे रंगों का त्योहार होली में रंग में भांग उत्पन्न न हो।बैठक में दोनों समुदायों के लोगों से मिल जूल कर होली पर्व मनाने का आग्रह किया। उपस्थित सदस्यों ने आग्रह किया कि होली से दो दिन पहले शराब विक्री पर रोक लगाने का अनुरोध किया। जिसपर एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने सभी को आश्वस्त किया कि होली पर्व से पहले अवैध शराब बंद रहेंगा। सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीना पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। अश्लील गाना पर पाबंदी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अश्लील गाना बजाते पकड़े जाने पर कानूनी कारवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि होली पर्व को देखते हुए पुलिस गश्त बढ़ा दिया जाएगा।इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर भी पुलिस की नजर रहेगी। मौके पर पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह,थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, एस आई शशिकांत शुक्ला, रंजन कुमार साव, हजारी प्रसाद, राकेश चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता,प्रो महमूद आलम, विकास पांडेय, अशोक सेठ, लक्ष्मण राम, सूरजदेव मेहता, विभूति भूषण चौबे, प्रमोद कुमार, राजकुमार राम, मुश्ताक अहमद शेख, उषा देवी, शिविष्टयानी केरकेट्टा, भगवान राम, वीरेंद्र कुमार, अमर राम, अमर पांडेय, राम पवन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

हिंदू नूतन वर्ष में राजनीतिक परिवर्तन का संकल्प लेने की जरूरत : विकाश दुबे

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में नवयुक संघ द्वारा गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विकाश दुबे दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विष्णु शुक्ला डुलडुल व संचालन पंडित विजय कांत शुक्ला ने किया। विकाश दुबे ने कहा कि रंगों का त्योहार होली असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक है। होली पर्व हम सबको एक दूसरे से जोड़ने का भी कार्य करता है। इसलिए सभी को मिलजुलकर इस पर्व को मनाना चाहिए.वैसे भी मिलजुलकर मानने से किसी भी पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। श्री डूबे ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है। जिसका मुख्य कारण अभी तक के जनप्रतिनिधियों मे राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी रहा है। क्षेत्र के विकास हेतु राजनीतिक परिवर्तन की जरूरत है। हिंदू नूतन वर्ष में राजनीतिक परिवर्तन का संकल्प लेने की जरूरत है। समारोह के दौरान खूब अबीर गुलाल उड़ा। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। समारोह में भोजपुरी के प्रसिद्ध गायकों के होली गीतों पर श्रोता खूब झूमे। मौके पर विकाश शुक्ला, यमुना प्रसाद शुक्ला, डब्लू चौबे, रामकुमार शुक्ला, उदय दुबे, ओम प्रकाश शुक्ला, लालबाबू शुक्ला, आलोक शुक्ला, प्रभात रंजन दुबे, राजू शुक्ला, सोना बच्चा शुक्ला, शशिकांत शुक्ला सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

पंचायत सचिवालय सहायक संघ ने बीडीओ को सौंपा आवेदन

बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ प्रखंड पंचायत सचिवालय सहायक संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू के नेतृत्व में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन सौपकर कार्य पर लौटने की जानकारी दिया है। दिए आवेदन में बताया है कि राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय संघ सेवक अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर बीते 8 जुलाई 2023 से अनिश्चितकालीन धरना रांची के राजभवन के पास 253 दिनों से दे रहा था ।जिसको लेकर राज्य सरकार के मंत्री परिषद की बैठक बीते 12 मार्च को प्रोजेक्ट भवन में हुई जिसमें संघ की मांगों को लेकर सरकार ने विचार करते हुए संघ की मागे पूरी कर दी हैं ।इसलिए पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है इसलिए प्रखंड के तमाम पंचायत सचिवालय के सहायक पुनः अपने काम पर लौट चुके हैं ।इसलिए पंचायत सचिवालय सहायक ने सरकारी योजनाओं में काम पर लाने का आग्रह बीडीओ से किया है। वही बताया है कि पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक कर दिया जाए। मौके पर किरण देवी, सुभाष कुमार, संतोष प्रजापति, रघु कुमार, अनिल कुमार प्रसाद, आदित्य कुमार, अशोक कुमार, गणेश कुमार, अजीत कुमार, पवन राम, सरिता कुमारी शांति देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

बीएलओ व स्वयंसेवको का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को बीएलओ व स्वयंसेवकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बीपीआरओ विकास जायसवाल ने स्वयंसेवकों को चुनाव के दौरान उनके कर्तव्य व दायित्वों की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने डाक मत पत्र से मतदान कराने, मतदाता सूचना पर्ची निकालने, उसका वितरण करने, मतदान के पूर्व एवम मतदान दिवस का वीडियो बनाने की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग करते हुये, पीने की पानी का व्यवस्था करना, मतदाताओं को कतार में खड़ा होने के लिये मार्किंग करना आदि की जानकारी दिया। बीएलओ को चुनावी पाठशाला के लिये 18 वर्ष से कम आयु वाले स्वयंसेवकों को तैयार करने, कतार प्रबंधन, मतदान केंद्र से 100 मीटर और 200 मीटर की दूरी चिन्हित करना, मतदाता के क्रमांक का पता लगाना सहित अन्य आवश्यक जानकारी विस्तार से दिया। प्रशिक्षण में बीएलओ संगीता देवी, रीना देवी, रेखा देवी, रवीना बानो, सुधा देवी, सुनीता देवी, प्रभा देवी, शीला देवी सहित सभी बीएलओ व स्वयंसेवक उपस्थित थे।

बच्चों में दक्षता हासिल कराने को एफएलएन प्रशिक्षण शुरू

प्रशिक्षण का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते शिक्षक

प्रभात मंत्र संवाददाता

पंडवा (पलामू) : प्रखंड संसाधन केंद्र पंडवा में गुरुवार को फाउंडेशनल लिटरेसी व न्यूमेरेसी का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया। मौके पर प्रशिक्षक अशोक कुमार पाठक ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण से संबंधित जानकारियां दी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरी प्रसाद ठाकुर ने बताया कि एफएलएन प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्तर के बच्चों को भाषा व गणित में दक्षता हासिल कराने संबंधी बिदुओं पर जानकारी देना है। इस उद्देश्य से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। नई शिक्षा नीति अंतर्गत निपुण भारत अभियान में कक्षावार भाषा व गणित विषयों में बच्चों को निपुण करने साथ साथ कक्षानुरुप दक्षता विकसित करना है। इस मौके पर प्रशिक्षक अभय कुमार द्विवेदी, पंकज कुमार, सत्येंद्र मेहता तथा प्रशिक्षु अजय कुमार पाठक, राजू रंजन, संतोष कुमार मेहता, दिलीप कुमार सिंह सहित दर्जनों उपस्थित थे।

चला गया संघन चेकिंग वाहन अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

नौड़ीहा बाजार (पलामू) : नौड़ीहा बाजार थाना के समीप चेक पोस्ट के पास पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार संघन वाहन चेकिंग अभियान नौड़ीहा बाजार थाना के थाना प्रभारी अनिल कुमार दुबे के नेतृत्व मे पुलिस अवर निरीक्षक श्री रितेश लकड़ा के द्वारा चलाया गया। जिसमें सभी वाहनों की स्विप्ट बेल्ट व ड्राइवरी लाइसेंस एवं वाहनों की कागजातों की जाँच की गई। दो पहिया वाहनों की कागजात ड्राइवरी लाइसेंस, जूता, हेलमेंट व डिक्की खुलवाकर जाँच किया गया। वैसे वैगर ड्राइवरी लाइसेंस, कागजात, जूता और हेलमेट के बिना गाडी चालकों की कड़ी हिदायत दी गई। थाना प्रभारी श्री अनिल कुमार द्विवेदी ने बताया है जाँच अभियान लगातार जारी रहेगा।

सेवा संस्कार धर्म संस्कृति जय श्री राम समिति का परम लक्ष्य है : दीपक साहू

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): आज नगर क्षेत्र के बाल्मीकि नगर हनुमान मंदिर के प्रांगण में जय श्री राम समिति की बैठक नगर अध्यक्ष दीपक साहू की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं नववर्ष को लेकर खास चर्चा हुई। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा सेवा संस्कार धर्म संस्कृति हमारा परम लक्ष्य है। इस लक्ष्य को हर इंसान के अंदर होनी चाहिए सेवा देने का अनेकों प्रकार के मौके होते हैं और ऐसे मौके को बेकार न जाने दे किसी भी धर्म जाति से बिलॉन्ग करें हम सब का एक ही लक्ष्य मानव सेवा होनी चाहिए। आगे कहा आने वाला 9 अप्रैल को नववर्ष विक्रम संवत के उपलक्ष पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें आप सबों की भागीदारी सुनिश्चित हो। बैठक में सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। संरक्षक बजरंग करुवा, कन्हैया करुवा, रवि करूवा, वीरेंद्र करुवा,बृजमोहन करूवा, मुनि पद करूवा, शंकार मुखी, विजय करूवा, अध्यक्ष रमेश करूवा, महामंत्री रोशन करूवा, कार्यकारी अध्यक्ष वीरू मुखी, उपाध्यक्ष रोहित मुखी, प्रीतम मुखी, पवन करूवा, कोषाध्यक्ष रोहन करुवा, संगठन मंत्री शिवा करुवा, संजय करूवा मीडिया प्रभारी रोहन करूवा, संपर्क अभियान प्रमुख मिथिलेश लोहार को बनाया गया। मौके पर जिला संरक्षक अनूप गुप्ता, जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, बजरंग करुवा नगर महामंत्री सुशील पटनायक समेत काफी संख्या में मौजूद थे।

रोटरी स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल छात्र छात्राओं के बीच प्रकाशित किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर अंतर्गत रोटरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशित कर दिया गया। जिसके मुख्यातिथी चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी थे। उन्होंने कहा कि विद्यादान एक बहुत ही पवित्र कार्य है। रोटरी स्कूल एक लब्ध प्रतिष्ठित विद्यालय है जहां गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जाती है। हम तमाम सफलता प्राप्त छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। पूर्व की भांति इस वर्ष भी वर्ग में प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान पाने वाले तथा शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज़ करने वाले छात्रा/छात्राओं को सादे समारोह में उनके अभिभावक के समक्ष मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा पारितोषिक दे कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चैयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने सफल विद्यार्थियों को बधाइयां दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। देश के विकास के लिए इन्हें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दे कर तैयार करना नितान्त आवश्यक है।विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि वार्षिक परिणाम से हम संतुष्ट हैं क्योंकि है प्रत्येक वर्ग में प्रतिस्पर्धा के कारण रैंक लाने वालों की संख्या बढ़ी है, बेहतर के लिए सतत प्रयास जारी है,संतोष विकास की गति को अवरुद्ध कर देता है, अभी हमें बहुत ऊंची उड़ाने भरनी हैं।सीबीएसई की परीक्षा के साथ विद्यालिय परीक्षा व इसका परिणाम घोषित करना मेरे लिए प्रेरित कार्य प्रतित हो रहा है। धर्म और कर्म दोनो को साथ लेकर चलना आसान नहीं होता है पर मजबूत संकल्प शक्ति और सहयोगियों के सहयोग ने मुझे सफलता के मुकाम पर पहुंचा दिया। विगत सत्र की अपेक्षा इस वर्ष कार्य दिवस मे वृद्धि हुई है। अभी भी आगे बढ़ाने का प्रयास मेरा रहेगा। कुछ कक्षाओं में स्थान रिक्त हो रहा है, इच्छुक अभिभावक अपने बच्चो का नामांकन करा सकते है। नए सत्र में 11 वीं की कक्षा के लिए और्बाधिक नामांकन प्रारंभ कर दी गई है।मैं उन तमाम अभिभावकों को साधुवाद देना चाहूंगा जिन्होंने पिछले सत्र में सहयोग दिया और उसी तरह अगले सत्र में भी सहयोग की अपेक्षा रखता हूं।

छतरपुर बाजार परिसर में रंगारंग भव्य होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

होली को लेकर दिखा उत्साह, कार्यक्रम में झूमे लोग जम कर उड़े अबीर गुलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

छतरपुर : फुटपाथ विक्रेता संघ के द्वारा छतरपुर के बाजार प्रांगण में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन फीते में फीता बांध कर नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा उर्फ बुल बाबा, संघ के संरक्षक और समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, शिशु विद्या भारती के निदेशक अरुण ठाकुर, समाजसेवी कामेश्वर पासवान, अरुण ठाकुर, गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य, परीक्षा नियंत्रक, फुटपाथ विक्रेता संघ के अध्यक्ष गौतम साहित्य अन्य लोगो ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर फुटपाथ संघ के संरक्षक अरविंद गुप्ता ने कार्यक्रम को संचालन करते हुए लोगों से प्यार सौहाद्र और मोहब्बत वाली होली मनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह अपने आप में संघ द्वारा किया गया एक अनोखे तरह का आयोजन है, जब फुटपाथ विक्रेता संघ के द्वारा फीता काटकर नहीं, बल्कि फीते में फीता बांधकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाता है जिससे समाजिक सौहाद्र का संदेश जाए। नगर के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा ने कहा की होली मिलन समारोह की आयोजन से समाज की एकता मजबूत होती है और इस तरह का आयोजन होना चाहिए जिसके लिए संघ बधाई का पात्र है। संघ के अध्यक्ष गौतम सागर ने कहा कि यह संघ के द्वारा किया जा रहा दूसरा होली मिलन समारोह है कई सामाजिक संदेश देता है बस करना इतना है कि फुटपाथ के दुकानदारों को सम्मान से जीने का अधिकार कोई छीन न पाए। इस अवसर पर इलाके के प्रसिद्ध गायक धर्मेंद्र उजाला, श्याम सांवरिया, सनोज सागर और उनकी टीम ने अपने वादन गायन और नृत्य से लोगों का दिल जीत लिया। वहीं इस कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकारों और गणमान्य लोगों को फुटपाथ विक्रेता संघ के द्वारा माला और चांदी का पेन दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के अध्यक्ष गौतम सागर, संरक्षक अरविंद गुप्ता चुनमुन, कोषाध्यक्ष गोकुल प्रसाद, सुनील कुमार, सरजू साहू अमित ठाकुर, अंकित कुमार, मृणाल कुमार, विजय, प्रकाश, मनोज, कार्य, कुंदन गुप्ता, उमेश, सुरेंद्र, विनोद सहित कई। दुकानदारों ने योगदान दिया।

संघ ने नए शिक्षा पदाधिकारी का पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): शिक्षक शिक्षा का कार्य मुस्तैदी से करें उपर्युक्त बातें नवपदस्थापित डीईओ सह डीएसई नीलम आयलीन टोप्पो ने कार्यालय कक्ष में शिक्षक प्रतिनिधियों के साथ भेंट वार्ता के दौरान कही। टोप्पो ने कहा कि शिक्षक अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करेंगे तो निश्चित रूप से नौनिहालों का भविष्य उज्जवल रहेगा। झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन एवं लोहरदगा जिला अध्यक्ष मुमताज अहमद,अरुण राम ने नए शिक्षा पदाधिकारी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही आशा व्यक्त किया कि आने वाले दिनों में शिक्षकों की बेहतरी के लिए कार्य होगा। नए अवकाश तालिका पर भी चर्चा की गई।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ायी गयी

रांची : जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। कोर्ट ने दोनों की न्यायिक हिरासत की अवधि चार अप्रैल तक बढ़ा दी है। अब दोनों की अगली पेशी कोर्ट में चार अप्रैल को होगी। इससे पूर्व हेमंत सोरेन को ईडी ने 13 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, जबकि भानु प्रताप को 12 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। इसके बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया गया था। ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है। इस मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन एवं अज्ञात अन्य को आरोपित बनाया गया है। बड़गाईं अंचल की 8.5 एकड़ जमीन दखल के मामले में ईडी ने यह कार्रवाई की है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नस करने की साजिश कर रही भाजपा : सोनल शांति

रांचीः प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनल शांति ने भाजपा पर आरोप लगाया कि कांग्रेस को चुनाव से दूर करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नस करने की साजिश भाजपा कर रही है। भाजपा विपक्ष को समाप्त करने की कोशिश में सारी संवैधानिक मर्यादाओं को लांघ चुकी है। प्रवक्ता सोनल शांति ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि विपक्षी नेताओं और दलों को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है। इसके लिए सारी संवैधानिक संस्थाओं ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग आदि का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक अकाउंट फ्रीज किया जाना पूरी तरह से साजिश का हिस्सा है।

रिसालदार शाह बाबा दरगाह मैदान में 11 दिवसीय ईद एक्सपो का होगा आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : डोरंडा स्थित रिसालदार शाह बाबा दरगाह के कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस किया गया जिसमे बताया गया कि रांची के इतिहास में पहली बार 28 मार्च से 7 अप्रैल तक ईद एक्सपो लगाया जा रहा है जिसका आयोजन रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमिटी द्वारा रांची के डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा उर्स मैदान में किया जा रहा है, जहां एक ही परिसर में कपड़े, जूते, चप्पल, चूड़ी, ज्वेलरी, क्रॉकरी आइटम, खिलौने, सेवई, ड्राई फूड, आचार पापड़ के साथ फूड के अनेकों प्रकार रहेंगे। ये सभी स्टॉल झारखंड के साथ साथ कश्मीर, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कोलकाता, राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि देश के अलग अलग राज्य से अपने विभिन्न प्रकार सामानों के साथ उपलब्ध रहेंगे। अभी कुछ स्टॉल के लिए जगह खाली है, जो यहां अपना स्टॉल लेना चाहते हो वे दरगाह कमिटी से इस नंबर 8789059677, 9110054784 संपर्क करें। आज शहर एवम आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी जानकारी देने हेतु कई प्रचार वाहन को हरा झंडा दिखाकर दरगाह के सदर एवम अन्य अधिकारियों ने रवाना किया जो रांची के विभिन्न इलाकों में लगातार सुबह से लेकर शाम तक गली मोहल्लों के चक्कर लगाएगी । ईद एक्सपो का उद्घाटन 28 मार्च को किया जाएगा।

इस अवसर पर दरगाह कमिटी के सदर अयूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, उप सचिव जुल्फिकार अली भुट्टो, निवर्तमान पार्षद नसीम गद्दी उर्फ पप्पू गद्दी उपस्थित होकर मीडिया प्रतिनिधि को ये सारी जानकारियां दी। इस मौके पर उपाध्यक्ष बेलाल अहमद, उपसचिव मो सादिक, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन, शाहिद खान, समीर हेज़ाजी, सरफराज कुरैशी, इबरार गद्दी एवम कार्यकारिणी सदस्य नज्जू अंसारी, संपा गद्दी, अब्दुल खालिक, एजाज गद्दी, आफताब आलम, साजिद उमर, मो शहजाद, आसिफ नईम, आसू गद्दी, मुश्तक गद्दी, आकिब गद्दी, मिन्हाज, बबलू, अनीस गद्दी, समेत कमेटी के लोग मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर एयरपोर्ट, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर चौकसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : लोकसभा चुनाव 2024 में धन बल का इस्तेमाल ना हो, इसे लेकर चुनाव आयोग पूरी तरह से निगरानी कर रहा है। इसके लिए चुनाव आयोग ने धन बल के प्रयोग की रोकथाम के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर वैसे तो देशभर में चौकसी बरती गई है, लेकिन झारखंड में इसकी रोकथाम के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आचार संहिता का पालन कराने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि किसी उम्मीदवार या उनके समर्थकों के द्वारा वोट के लिए कोई प्रलोभन या धमकी दी जाती है तो यह दंडनीय अपराध है।

आयोग चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने के लिए संकल्पित है। चुनाव आयोग के निर्देश पर एयरपोर्ट, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के आवागमन पर नजर रखने के लिए एक टीम गठित की जा रही है। इस टीम में आयकर विभाग, कमर्शियल टैक्स विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन और चुनाव आयोग के अधिकारी होंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग की टीम के द्वारा कैश की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा के अनुसार कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्यरत रहेगा, जिसमें किसी भी तरह की सूचना या शिकायत आने पर त्वरित कार्रवाई के लिए कदम उठाया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हर जिले में खोले जा रहे कंट्रोल रूम में आप जिले के एसटीडी कोड के साथ टोल फ्री नंबर 1950 डायल कर किसी भी तरह की सूचना या शिकायत चुनाव आयोग तक पहुंचा सकते हैं। आम लोगों के द्वारा मिलने वाली शिकायत पर आयोग ने 100 मिनट के अंदर कार्रवाई करने का समय निर्धारित किया है।

ट्रैफिक एसपी ने किया औचक निरीक्षण नप गए ट्रैफिक पोस्ट में बैठे पुलिस कर्मी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। पुलिस अधीक्षक यातायात रांची सुमित कुमार ने दिन के करीब 12:00 बजे बिरसा चौक यातायात का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जिसमें पाया गया की पोस्ट पर प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी के द्वारा यातायात का संचालन सही ढंग से नहीं किया जा रहा है । जिससे यातायात बाधित हो रही थी। उक्त पोस्ट पर प्रतिनियुक्ति सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों पर कार्यवाही की गई है। यातायात एसपी ने कहा कि जिम्मेदारी के साथ काम करें। एयरपोर्ट पार्किंग पर किसी तरह की समस्यां न हो । इधर उधर वाहनों का नहीं लगाने दे।

ग्रामीण एसपी सुमित कभी भी व कहीं भी औचक निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार कभी भी कहीं भी औचक निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं । गुरुवार को रांची एयरपोर्ट में औचक निरीक्षण करने पहुंचे और काम में कोताही बरतने वाले सिपाहियों को फटकार लगाया। इसके बाद रांची जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के मांडर , खलारी, मैक्लुस्कीगंज एवं चामा विकेट का भी औपचारिक निरीक्षण किया । इस दौरान संबंधित थाना प्रभारियों एवं डीएसपी की उपस्थिति में ग्रामीण एसपी ने सख्त दिशा निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर सतर्क रहे और पूरी तरह से ऐसे भवन, संवेदनशील बूथों पर नजर रखें । किसी तरह की कोई परेशानी चुनाव में ना हो अभी से ही सुनिश्चित करें। साथ ही अपराध नियंत्रण कर पुराने अपराधियों की तलाश करें थाना में हाजिरी दिलाने , लंबित फाइलों का निष्पादन और वारंटी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का सख्ती से निर्देश दिया।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा अखिल भारतीय हिंदी संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है। बैंक द्वारा देश भर के सभी बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और बीमा कंपनियों के लिए दिल्ली में भविष्य की बैंकिंग विषय पर अखिल भारतीय हिंदी सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस सेमिनार में अंशुली आर्या, आई.ए.एस., सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक आशीष पाण्डेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सेमिनार में चित्रा दातार, महाप्रबंधक, के. राजेश कुमार, महाप्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन एवं राजभाषा, हरि शंकर वत्स, अंचल प्रबंधक, दिल्ली अंचल तथा डॉ. राजेन्द्र श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) प्रमुखता से उपस्थित थे। इस सेमिनार में वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय के निदेशक जगजीत कुमार तथा उप निदेशक धर्मबीर ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सभी का मार्गदर्शन किया। सेमिनार में सभी बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और बीमा कंपनियों के शीर्ष कार्यपालकों और राजभाषा प्राधिकारियों ने बड़ी संख्या में सहभाग लिया। मुख्य अतिथि अंशुली आर्या ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक और वित्तीय संस्थान किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार हैं।

आरपीएफ ने शराब के साथ आरोपित को किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) होली पर्व के मद्देनजर स्टेशनों और ट्रेनों में विशेष चौकसी बरत रही है। इसी क्रम में हटिया रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान एक व्यक्ति को हटिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर बैग के साथ संदेहास्पद अवस्था में बैठा देखा ।

जांच करने पर बैग से 16 विभिन्न कंपनियों के शराब की बोतल मिली। इसके बाद आरोपित राजभवन कुमार को गिरफ्तार किया गया। आरोपित बिहार के जहानाबाद का रहने वाला है।

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह शराब बिहार ले जाकर अधिक दाम में बेचता है। बरामद शराब का बाजार मूल्य 16 हजार 800 रुपए बताया जा रहा है। आरपीएफ से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची मंडल में आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर होली पर्व के मद्देनजर ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ हटिया और फ्लाइंग टीम ने यह कार्रवाई की है। आरपीएफ हटिया के सहायक उप निरीक्षक रवि शेखर ने शराब को जब्त कर लिया। टीम का नेतृत्व हटिया के उपनिरीक्षक दीपक कुमार कर रहे थे। आरोपित और जब्त शराब को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया।

बिल्डर ने खुद को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। गुरुवार की सुबह डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित हिनू में एक बड़ी घटना घट गई। एक बिल्डर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली । बिल्डर की पहचान नीरज सहाय के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नीरज सहाय ने सुबह करीब आठ बजे खुद को कमरे में बंद कर लिया और अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से साइलेंसर लगाकर गोली मार ली। कुछ समय गुजरने के बाद परिवार के लोग दौड़कर आये लेकिन कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। परिजनों ने मामले की जानकारी डोरंडा थाने को दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर कमरे का दरवाजा तोड़ा और अंदर गये। कमरे में नीरज सहाय मृत पड़े थे और उनकी लाइसेंसी पिस्तौल उनके हाथ में थी। नीरज सहाय के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि बुधवार रात तक सब कुछ ठीक था। नीरज कहीं से भी तनावग्रस्त नहीं लग रहे थे। फिर सुबह उन्होंने आत्महत्या क्यों कर ली, यह समझ नहीं आ रहा है। हालांकि अब जानकारी मिल रही है कि नीरज सहाय को हाल ही में अपने व्यवसाय में भारी नुकसान हुआ था, जिसके कारण वह तनाव में थे। बताया यह। भी जा रहा है की करोड़ों रुपए की लेन देन के मामले में कर्जदार हो चुके थे इ लिए वे परेशान थे। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में लगी थी।

रेलवे स्टेशन पर बेतरतीब ढंग से न लगाए ऑटो : दिनेश सोनी

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची। रांची रेलवे स्टेशन के आरपीएफ इंस्पेक्टर सूरज पांडेय एवं झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश सचिव आकाश भारती, प्रदेश कोषाध्यक्ष अमर मुंडा , महानगर अध्यक्ष बादल थापा के साथ बेवजह ट्रेन आने के समय पर स्टेशन के चौक पर बेढंग तरीका से ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक लगाकर जाम का समस्या उत्पन्न किया करते हैं उसे समस्या से छुटकारा कैसे मिले इन्हीं सब मामले को देखते हुए आरपीएफ स्पेक्टर सूरज पांडे ने महासंघ के पदाधिकारी को बताया कि जिस वक्त स्टेशन परिसर पर ट्रेन आता है और जो पैसेंजर बाहर में निकलता है उन सब के साथ कुछ ऑटो चालक , ई रिक्शा चालक बीच सड़क पर अपना ऑटो एवं ई रिक्शा खड़ा करते हैं जिसके चलते सारी यात्रियों को एवं रोड में आने जाने वाले वहां के लोग काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

अगर ऑटो चालक ,ई रिक्शा चालक चौक चौराहा छोड़कर अपना ऑटो, ई रिक्शा का परिचालन सही तरीके से करें और सड़क से किनारे लाइन से लगाखृ रखें।

कोरोना काल में रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी मामले में फैसला तीन को

रांची : रांची में कोरोना काल में रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी मामले के आरोपित राजीव कुमार और मनीष कुमार सिन्हा के डिस्चार्ज पिटिशन पर साइबर क्राइम एंड ड्रग कॉस्मेटिक मामले के विशेष न्यायाधीश मनीष रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। गुरुवार को दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। अदालत ने तीन अप्रैल को फैसला की तिथि निर्धारित की है। कोरोना काल के दौरान की रेमडेसिविर इंजेक्शन की झारखंड में व्यापक मांग को देखते हुए कालाबाजारी कर दवा की अधिक कीमत की वसूली की थी।

उपायुक्त ने बूथों का किया निरीक्षण, प्रधानाध्यापक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सभी बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने लोहरदगा के राजकीय कृत मध्य विद्यालय, जरिया बेड़ो-2, बूथ संख्या 225, 226 और राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय बेड़ो-1 बूथ संख्या 231, 232 एवं 233 में साफ-सफाई, पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था, बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिये गये आदेश को स-समय पूरा कराने को कहा। उपायुक्त जब निरीक्षण के लिए राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय बेड़ो-1 गये तो स्कूल के प्रधानाध्यापक अनुपस्थित थे। इस पर उपायुक्त ने नाराजगी जतायी और संबंधित अधिकारी को उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी सरकारी कर्मचारी वर्किंग डे पर अनुपस्थित पाया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने मतदान बूथ पर बीएलओ से दिये गये उत्तरदायित्व के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही बीएलओ से बूथ स्तरीय जागरुकता समूह के बारे में भी पूछा। उपायुक्त ने बीएलओ को कहा कि कोई मतदाता छूटे नहीं, सभी अपना मतदान अवश्य करें, इस पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, विशिष्ट अनुभजन पदाधिकारी मोनी कुमारी, बेड़ो प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव और बेड़ो अंचल अधिकारी प्रताप मिंज उपस्थित थे।

राज्य के नवनिर्माण में युवा आजसू की भूमिका अहम : सुदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड राज्य के निर्माण में युवाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। आज वक्त की मांग है कि युवा फिर से आगे आएं और राज्य के नवनिर्माण की दिशा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। सुदेश कुमार महतो गुरुवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित युवा आजसू की बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि युवा सोच, युवा जोश के साथ युवा आजसू राज्य के नवनिर्माण में महती भूमिका निभाएगी। युवाओं के बीच से नेतृत्व तैयार करना युवा आजसू का उद्देश्य है। राज्य की दिशा और दशा तय करने की क्षमता युवाओं में है। इस दौरान उन्होंने युवा आजसू के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप भी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पार्टी द्वारा द्वारा दिए गए दायित्व का निर्वहन करें। आपसी ताल-मेल और समझ के साथ काम करें और यह तय करें कि युवा आजसू राज्य के युवाओं की आवाज बने और उनके हक व अधिकार की लड़ाई में हमेशा साथ खड़ी रहे।

इन्हें मिली जिम्मेदारी

राज्य संयोजक - टिकैत महतो, अमित कुमार, हीरालाल महतो, दिलीप किस्कू, रविन्द्र ठाकुर, राजेश कुमार, महतो, डॉ. लाल मनीष नाथ शाहदेव, अमित महतो, गौतम सिंह एवं अब्दुल सहित अन्य।

जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय शिविर के लिए झारखंड की आधा दर्जन खिलाड़ियों को आमंत्रण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। 03 अप्रैल से 16 मई 2024 तक साई सेंटर बंगलुरु में आयोजित जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड के 06 महिला हॉकी खिलाड़ी नीरु कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, निराली कुजूर,निशा मिंज और संजना होरो को आमंत्रित किया गया है। वर्तमान समय में ये नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, निराली कुजूर और निशा मिंज झारखंड सरकार खेल विभाग द्वारा संचालित एकलव्य हॉकी सेंटर रांची के प्रशिक्षणार्थी है। जिनमे नीरू कुल्लू,रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर और निशा मिंज सिमडेगा जिला की तथा बिनिमा धान खूंटी जिला की रहने वाली है। इन पांच खिलाड़ियों के अलावा झारखड़ के एक और खिलाड़ी खूंटी जिला की संजना होरो का भी इस कैंप के लिए आमंत्रित किया गया है जो वर्तमान समय में साई सेंटर कोलकाता में प्रशिक्षण लेती है। इन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय कैंप में सामिल होने के लिए हॉकी इंडिया के एक्सकुटिव डायरेक्टर कमांडर आर के श्रीवास्तव ने हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह को पत्राचार के माध्यम से सूचित किए है और चयनित खिलाड़ियों को 02 अप्रैल को कैंप में उपस्थित होने की जानकारी दी है। जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में एक साथ झारखंड के आधा दर्जन खिलाड़ियों को आमंत्रित करने पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह,विजय शंकर सिंह सहित हॉकी झारखंड एवम खेल विभाग के अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। साथ ही सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, शुक्रवार, 22 मार्च 2024 | पेज 4

टाना भगतो के नवाहांडी कार्यक्रम में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की हुई शामिल

मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता): मांडर प्रखंड के ग्राम सकरा में टाना भगतो के नवाहांडी कार्यक्रम में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की हुई शामिल। यह कार्यक्रम टाना भगत वासी वर्ष मे तीन बार मानते है, इसमे वे अपने पूर्वजो को याद करते है, और उनके नाम पर पूजा पाठ करते है। साथ ही गांव के ग्रामीणों को एक जगह बुलाकर उनके नाम पर भोज खिलाते है। कार्यक्रम मे विधायक ने लोगो को सम्बोधन करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति, पूजा पाठ एवं रहन सहन दुसरे लोगो से काफी भिन्न है, और सुन्दर है। लेकिन आज की युवा पीढ़ी इनसे रुबारू नही है और जो जानते है वे भूलते जा रहे है। आज हमे अपने रीति रिवाज एवं पूजा पाठ को संरक्षित करने की जरूरत है, जिसके लिए मां बाप को अपने बच्चों को अपने रीति रिवाज, पूजा पाठ, संस्कृति एवं रहन सहन को बताने की जरूरत है।। ताकि वे अपने आने वाले पीढ़ी को बतला सके। विधायक वहां सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे विस्तार से बतलाया और उनका लाभ लेने को कहा। 99मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि विश्वास उरांव, प्रीति कुजूर, पार्टी कार्यकर्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।

बच्चों के बीच प्रमाण पत्र का हुआ वितरण

खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में रहते हुए जिन बच्चों ने कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण प्राप्त किया है उन लोगों के सामने यह एक अवसर है की प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात वह अपने जीवन में सफलता की ऊंचाई तक पहुंचे। सत्य प्रकाश ने इन बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की कामना की। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य सुजीत गोस्वामी ने बताया कि खूंटी के कल 25 बच्चे रांची में संप्रेषण गृह में रहते हुए कंप्यूटर प्लंबर तथा इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण प्राप्त किया था। आज के कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राची मिश्रा, प्रधान दंडाधिकारी तुषार आनंद, सदस्य मीरा कुमारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर,अधिवक्ता बनर्जी, मदन मोहन राम, प्रेम प्रकाश एवं किशोर गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुजीत गोस्वामी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन मीरा कुमारी ने किया।

विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया

खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता): उपायुक्त , पुलिस अधीक्षक , एवम जिला परिवहन पदाधिकारी खूंटी के निर्देशानुसार मोटरयान निरीक्षक खूंटी शाह नवाज द्वारा खूंटी थाना क्षेत्र अंतर्गत Tax defaulter वाहनों का विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया जिसमे आज दिनांक 21.03.2023 को कुल चार वाहन 3 ट्रक एवम एक चेसिस पर कारवाई करते हुए जप्त कर खूंटी थाना को सुपुर्द किया गया है। जिससे लगभग आठ लाख राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। मोटरयान निरीक्षक खूंटी शाह नवाज द्वारा वाहन स्वामियों से अनुरोध किया कि वाहन का परिचालन MV ACT का अनुपालन करते हुए वाहन का परिचालन करे, साथ ही tax defaulter वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के संबंध में बताया गया कि ये अभियान आगे जारी रहेगा।

पिपरवार के 2194 सीसीएल कर्मियों को लगाया जाएगा चुनाव ड्यूटी में

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):सीसीएल पिपरवार एरिया के विभिन्न परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मचारियों को इस वर्ष लोकसभा चुनाव के ड्यूटी में लगाया जाएगा।इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी का उपायुक्त चतरा के द्वारा पिपरवार एरिया में कार्यरत कुल 2194 सीसीएल कर्मचारियो का नाम चुनाव ड्यूटी के लिए भेजा गया है।पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मियों के चुनाव ड्यूटी में नाम आने से कोयलांचल क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।सूत्रों की माने तो जिला से आयी लिस्ट के अनुसार सभी के चुनाव ड्यूटी मे जाने से पिपरवार में कोयला खनन का काम पूरी तरह से बंद हो जाएगा। स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन ने भी कोयला खनन का काम जारी रखने को लेकर कुछ सीसीएल कर्मियों को रोकने की अपील जिला से की है,जिससे कोयला खनन का काम जारी रह सके।बताया गया कि पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना,पिपरवार यूनिट, सीएचपी परियोजना,जीएम युनिट के सीसीएल कर्मचारियों को इस वर्ष लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगाया जाएगा,जिसको लेकर सीसीएल कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का काम भी शुरू कर दिया गया है। गुरुवार को पिपरवार के सैकड़ो सीसीएल कर्मचारियों का चतरा में चुनाव का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जाने को लेकर सीसीएल पिपरवार प्रबंधन के द्वारा कर्मचारियों के लिए बस की व्यवस्था की गई थी। सभी सीसीएल कर्मचारी बचरा चार नंबर चौक से एक साथ बस से प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए।

एचएमएसआई ने किया होंडा बिगविंग का उद्घाटन

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):कृष्णनगर क्षेत्र में प्रीमियम मोटरसाइकिल परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, होंडा मोटरसाइकिल & स्कूटर इंडिया ने पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर में एक बिल्कुल नए प्रीमियम मोटरसाइकिल बिक्री और सेवा आउटलेट, होंडा बिगविंग का गर्व से उद्घाटन किया।कृष्णनगर में बिगविंग डीलरशिप उत्साही लोगों के लिए एक इमर्सिव मोटरसाइकिल अनुभव प्रदान करती है, जिसका उद्देश्य नए और संभावित ग्राहकों के बीच सगोरिडिन भावना को बढ़ाना है, जिसका उद्देश्य एक परिवर्तनकारी युग की शुरुआत करना है। बिगविंग ने पूरे भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है, अब यह 130 से अधिक परिचालन टचपॉइंट पर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहा है।

समर कैंपेन की हुई शुरुआत

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): गर्मी के मौसम के करीब आते ही क्रोमा ने अपने बहुप्रतीक्षित समर कैंपेन की शुरुआत की है। इसमें ग्राहकों को एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, रूम कूलर और कई अन्य चीजों पर कई शानदार डील्स का वादा किया गया है। मई 2024 तक चलने वाले इस कैंपेन का उद्देश्य घरों को बेहतरीन कीमतों और सुविधाजनक भुगतान विकल्पों के साथ नवीनतम कूलिंग गैजेट्स से लैस करना है। कैंपेन के तहत ग्राहक ढेरों ऑफर का लाभ उठा सकते हैं, जिसमें कोई भी इलेक्ट्रॉनिक्स लाने और नया एसी घर ले जाने का अवसर शामिल है। 1.5 टन स्प्लिट एसी 1,500 रुपये प्रति महीने से भी कम कीमत पर उपलब्ध हैं, जबकि इन्वर्टर स्प्लिट एसी की कीमत 24,990 रुपये से शुरू होती है। किसी भी एसी की खरीद पर 45,000 रुपये तक की छूट के साथ बचत काफी अधिक है।

उपायुक्त ने किया बूथ निरीक्षण
अनुपस्थित पाए जाने पर प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई के आदेश दिए : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने गुरूवार को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के बेडो प्रखंड स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय जरिया बूथ संख्या-225, 226 व राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय बेड़ो बूथ संख्या-231, 232, 233 का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मतदान बूथों पर पेयजल,शौचालय, बिजली सहित अन्य सुविधा की सुनिश्चितता को लेकर सभी बूथों मुआयना किया। मौके पर राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के अनुपस्थित पाए जाने पर उपायुक्त ने कार्रवाई के

आदेश दिये। उपायुक्त ने इस दौरान अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा, कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन करते हुए हुए मतदान केंद्रों में साफ-सफाई पेय जल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, मतदान केंद्रों में बिजली की वैकल्पिक कराने, विद्यालयों में न्यूनतम मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं इसे ससमय पूरा कराने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया। वही उपायुक्त ने मतदान बूथ पर बीएलओ से दिए गए उत्तरदायित्व के बारें में विस्तृत जानकारी लेते हुए उनसे बूथ स्तरीय जागरूकता समूह के बारे में जानकारी ली गई। उन्हें विशेष रुप से कहा गया की कोई मतदाता छूटे नही सभी अपना मतदान अवश्य करें इसपर विशेष ध्यान दे। इधर राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय बेड़ो-1 के प्रधानाध्यापक के अनुपस्थित पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए सम्बंधित अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा की कोई भी सरकारी कर्मचारी कार्य दिवस पर अनधिकृत अनुपस्थित पाए जाने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची विवेक कुमार सुमन, विशिष्ट अनुभजन पदाधिकारी रांची मोनी कुमारी, बीडीओ राहुल उरांव व सीओ प्रताप मिंज साथ में थे।

पिपरवार में सीसीएल प्रबंधन व ग्रामीणों के बीच हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में गुरुवार को सीसीएल प्रबंधन और ग्राम राजधर, बहेरा,कारो के विस्थापित ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार और संचालन भूमि एंव राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह ने किया।इस बैठक मे सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के राजधर साईडिंग से विस्थापित हुए ग्रामीणों के द्वारा सीसीएल प्रबंधन को सौपे गए मांग पत्र पर चर्चा की गई।जिसमे मुख्य रूप से विस्थापित रैयतो के लंबित पड़े नौकरी,मुआवजा और पुनर्वास का मुद्दा छाया रहा।बैठक मे अधिग्रहित भूमि के बदले लंबित नौकरी एवं मुआवजा को लेकर रैयतो से कागज जमा करने,रैयतो के पेड़ पौधा का मुआवजा देने, रैयतो के लंबित पुर्नवास केन्द्र मुहैया कराने,विस्थापित गांव में सीएसआर योजना के कार्यो

मे स्थानीय विस्थापित रैयतो की भागीदारी सुनिश्चित करने,ठेकेदारी मे 70 प्रतिशत काम स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों को देने हैं,साईडिंग से निकलने वाले सरकारी एवं गैर सरकारी रेट में त्रिपालिंग करने, साइडिंग में चल रहे हैं निजी कंपनियों के कार्यो में स्थानीय लोगों की बहाली करने,कल्याणपुर में बंद पड़े डीएवी स्कूल को चालू करने, साइडिंग से उत्पन्न प्रदूषण के नियंत्रण पर पहल करने, साइडिंग में हैंड लोडिंग कार्य शुरू करने,नई खुलने वाली भूमिगत खदान में स्थानीय ग्रामीणों को प्राथमिकता देने सहित अन्य मांगो पर चर्चा की गई।प्रबंधन द्वारा उक्त मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया गया।बैठक में प्रबंधन से मिले आश्वासन के बाद ग्रामीणों द्वारा 25 मार्च से होने वाले राजधर साईडिंग बंद को स्थगित कर दिया गया।ग्रामीणों ने कहा कि 4 जून तक प्रबंधन को समय दिया गया है यदि मांगे पूरी नहीं होती है तो 5 जून से हड़ताल किया जाएगा।बैठक मे प्रबधंन की ओर से परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार,एसओसी सुमन कुमार,भूमि एंव राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह, नीरज कुमार,राजीव रंजन सहित ग्रामीणो मे बहेरा मुखिया रेखा देवी,पंसस बंसती देवी,वार्ड सदस्य फहीम रजा,जाहिद अली, रमेश मुंडा,सोनु गुप्ता,बिरेंद्र उरांव,मोहम्मद इलियास, देवकुमार उरांव,परेश उरांव, नरेश उरांव,नुमन उरांव, फूलमनी देवी,मालती देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल, मांडर में क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

मांडर : होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल, नारो मांडर में अभिभावकों और शिक्षकों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम अभिभावकों को वर्तमान शैक्षणिक व्यवस्था में नई शिक्षा नीति 2020 में होने वाले परिवर्तन और आपकी भागेदारी और जिम्मेदारी पर प्रशिक्षक अरविन्द कुमार, प्रमुख साधन सेवी सह एच एम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य द्वारा विस्तृत जानकारी देते हुए इससे होने वाले लाभ और प्रतियोगी शिक्षण में आ रहे विषयों की कठिनायों का सामना पर चर्चा किये। दूसरे सत्र में विद्यालय के शिक्षकों के साथ नई शिक्षा नीति 2020 को अपने विद्यालय में लागू कैसे करना है उसकी तैयारी पर विस्तृत जानकारी देते हुए लेशन प्लान बनाने और शैक्षणिक व्यवस्था पर होने वाले परिवर्तन पर सहभागी विधि से बहुत ही सरल तरीके से प्रशिक्षण दिए। विशेष रूप से क्लास रूम मैनेजमेंट और कमजोर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने पर बतलाए। प्रशिक्षक अरविंद कुमार द्वारा खेल खेल में शिक्षा को सरल और आनन्ददायी बनाने पर जोर दिए। कार्यक्रम में स्वागत भाषण विद्यालय के निदेशक आलोक बिपिन टोप्पो ने दिया जबकि संचालन आलोक तिवारी ने किया। इस प्रशिक्षण में आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टाँगर बिजुपाड़ा के निदेशक अमीन अंसारी और शाइन पब्लिक स्कूल नगजुआ के निदेशक मजीद आलम अपने शिक्षकों के साथ शामिल थे।

कुआं में गिरने से एक व्यक्ति की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

कर्रा : जरियागढ थाना क्षेत्र के उडिकेल पंचायत के चांपी गांव निवासी जेमन आईन्द उम्र करीब 54 वर्ष का कुंआ में गिरने से मौत हो गयी. प्राप्त जानकारी के अनुसार जेमन अपने घर के कुंआ से पानी निकालने के क्रम में पैर फिसलने से कुंआ मे गीर जाने से बुधवार को मौत हो गयी. वही गुरूवार को जरियागढ पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु सदर अस्पताल खूंटी भेजकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक सिल्ली डीएसपी रणवीर सिंह की अध्यक्षता की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए बीडीओ रेणु बाला ने कहा कि होली रंगों का त्योहार एवं भाईचारे का पर्व है इसे शांतिपूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएं। किसी के बहकावे में आकर हुड़दंग ना मचाएं। वहीं डीएसपी ने कहा शराब के नशे में वाहन ना चलाए हेलमेट का उपयोग हमेशा करें। रंगों का त्योहार को आपस में मिलकर भाईचारे के साथ मनाएं। किसी को जबरन रंग ना लगावें। छोटे बड़ों का सम्मान करें।उन्होंने कहा की होली के दिन पुलिस

प्रशासन क्षेत्र में गस्ती करते रहेगें किसी प्रकार का अप्रिय घटना हो या किसी प्रकार का समस्या हो तो पुलिस को तुरंत सुचीत करे। बैठक समापन के बाद आपस में एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।इस मौके पर इंस्पेक्टर हनशे उरांव,सिल्ली थाना प्रभारी मोहीत कुमार, ओपी प्रभारी कुंदन सिंह, उप प्रमुख आरती देवी, राजेंद्र प्रसाद साय, मोहम्मद फारुख,राजा पुष्पेन्द्र नाथ सिंह देव, समेत बुद्धिजीवी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

होली को लेकर पिपरवार थाना मे हुई शांति समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : रंगो का त्योहार होली को लेकर पिपरवार थाना परिसर मे गुरूवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता पिपरवाह थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा और संचालन अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार ने किया।बैठक मे होली का त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे रात्री दस बजे के बाद डीजे नही बजाने,अवैध शराब बेचने वालो पर सख्त कारवाई करने का निर्णय लिया गया।

थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालो को किसी भी कीमत मे बक्शा नही जाएगा।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।किसी भी तरह के धार्मिक उन्माद फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आपसी भाईचारगी और शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने का निर्णय लिया।बैठक के अंत में सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा, अभिमन्यु कुमार,अंजनी कुमार, शैलेश राय,सुरेन्द्र उपाध्यय,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरूण महतो, मुखिया उतरी मुखिया गुंजन सिंह,बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी,किचटो मुखिया संगीता देवी,बेंती मुखिया सरिता देवी,पूर्व मुखिया मीना कुमारी,सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद,विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,श्रमिक प्रतिनिधि इस्लाम अंसारी, रविन्द्रनाथ सिंह,भीम सिंह यादव,अब्दुल कूदूस,धीरेन्द्र शर्मा,रविन्द्र सिंह,अंगद महतो,अनिल सोनी,नईम अंसारी,इदरीश अंसारी, सुनील प्रसाद,लियाकत अंसारी,पिंकी सिंह,राधा देवी,गीता एक्का,किरण देवी,कुमारी अनुप्रिया,बक्शी सिंह,कमला महतो,अरूण सिंह,अभय सिंह सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।

मृतक के परिजनों से मिले बंधु तिर्की

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता): बेड़ो बस्ती निवासी मृतक रतनी उरांव के परिजनों से गुरूवार को पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की मिले।परिजनों को ढांढस बंधाया और हर सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिलाया। ज्ञात हो पीछले रविवार को रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर हुए सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बेड़ो बस्ती निवासी रतनी देवी (50) की सोमवार को इलाज के दौरान रांची के रिम्स अस्पताल में मौत हो गई थी। मौके पर बंधु तिर्की के साथ कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष प्रो0 करमा उराँव, थाना प्रभारी नकुल शाह, पुनई उराँव, सोमरा लोहरा सहित कई लोग उपस्थित थे।

कोयलांचल क्षेत्र में मार्च के महीने में हो रहा है ठंड का एहसास



पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के इलाको में मार्च के इस महीने में भी ठंड का एहसास हो रहा है।लोग एक बार फिर से अपने-अपने घरों में गर्म वस्त्र निकाल कर उसका उपयोग शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसार पिछले चार दिनों से कोयलांचल का पूरा इलाका बादलों की चपेट में है।चार दिनों तक कई जगह पर जोरदार बारिश,तेज हवा और गरज के साथ ओलावृष्टि भी हुई है,जिसके कारण तापमान में काफी गिरावट आई है।तापमान में गिरावट आने के साथ ही कोयलांचल क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है।सुबह में घना कोहरा दिन में ठंडी हवा और रात में शीतलहरी से ठंड का एहसास अधिक हो रहा है।इस संबंध में कोयलांचल क्षेत्र के लोगों ने बताया कि मार्च के महीने में गर्मी से लोग परेशान रहते थे।लोग अपने-अपने घरों में पंखा एसी कूलर का उपयोग करते थे लेकिन इस वर्ष मार्च के महीने में लोग कंबल और गर्म वस्त्र का उपयोग कर रहे हैं।फिलहाल यह मौसम कब तक ऐसा रहेगा यह भविष्यवाणी करना मुश्किल है।बदलते मौसम के बीच कोयलांचल का मौसम सुहाना हो गया है।

गैर मजरूवा जमीन में हो रहे निर्माण कार्य के विरोध में ग्रामीण हुए गोल बंद

कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड अंतर्गत कांटी ग्राम के मुख्य सरना स्थल परिसर में ग्राम सभा की बैठक ग्राम प्रधान तेम्बा कच्छप की अध्यक्षता में की गयी बैठक में मुख्य रूप से कांटी गांव अंतर्गत हापू टोंगरी में हो रहे निर्माण कार्य के विरोध में विशेष चर्चा की गयी. जिसमें ग्रामीणों का कहना है यह जगह गैर मजरूआ जमीन है जिसमें गांव के संजय तिर्की के द्वारा सर्फ व साबुन बनाने की फैक्ट्री का निर्माण कार्य किया जा रहा है ग्रामीणों का कहना है यह स्थल गैर मजरूआ जमीन है और इसमें निजी कार्य के लए ग्रामीण किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य का विरोध करती है इधर संजय तिर्की का कहना है कि यहां कुल 37.50 एकड़ के लगभग गैर मजरूआ है लेकिन 9 एकड़ जमीन हमारे पूर्वजों द्वारा बंदोबस्ती कराया गया है और मैं उसी जमीन के अंतर्गत कार्य कर रहा हूं ग्रामीणों का कहना है 9 एकड़ जमीन की कागजात ग्राम सभा के सामने दिखाएं उसके बाद ही आगे का कार्य करें. ग्राम सभा की अनुमति के बगैर यहां कार्य नहीं किया जाना है. मौके पर सुशील धान, अनिल धान, मदरा उरांव, ब्रजेश धान, गोईदा पहान, रंजीत धान, सुनील धान, फ्रांसिस धान, इस्माइल धान, संजय धान, अनूप धान, विजय धान, शुकरा प्रधान, जोसेफ धान के अलावे सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के उद्देश्य से बूथ जागरूकता दल की बैठक

खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता): स्वीप के तहत जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाए गए। आज जिले के विभिन्न प्रखंडों में बूथ जागरूकता दल की बैठक का आयोजन किया गया, ताकि हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस क्रम में बूथ जागरूकता दल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ स्तर पर लोगों को मतदान करने हेतु भी प्रेरित किया जा रहा है। बीएलओ, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहियाओं द्वारा जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो।

ग्रामीणों ने ली मतदाता प्रतिज्ञा : हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

गैलेक्सी ए55 5जी व गैलेक्सी ए35 लांच

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी ए55 5जी और गैलेक्सी ए35 5जी पेश किए हैं, जिनमें इनोवेटिव फीचर्स दिए गए हैं। नए ए सीरीज डिवाइस में गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन,एआई -एन्हांस्ड कैमरा फीचर्स और सैमसंग नॉक्स वॉल्ट, एक छेड़छाड़-रोधी सुरक्षा समाधान है। गैलेक्सी ए55 5जी और ए35 5जी फ्लैगशिप स्मार्टफोन हैं, जिनमें मेटल फ्रेम और प्रीमियम ग्लास बैक है, जो तीन रंगों में उपलब्ध हैं और वाटर रेजिस्टेंस के लिए IP67 रेटेड हैं। इनमें 120Hz रिफ्रेश रेट और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन के साथ 6.6-इंच FHD+ सुपर एमोलेड डिस्प्ले है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, शुक्रवार, 22 मार्च 2024 | पेज 5

होली, रमजान व लोकसभा चुनाव को लेकर ईचागढ़ थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना परिसर में थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे की अध्यक्षता में होली, रमजान व लोकसभा चुनाव 2024 के विधि व्यवस्था संधारण को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख गुरूपद मार्डी मौजूद रहे। इस मौके पर शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में लोगों से होली एवं रमजान का त्यौहार को मनाने की अपील की गई। वहीं लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने एवं विधी व्यवस्था को दुरुस्त रखते हुए लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। वहीं शांति समिति के सदस्यों के बीच अबीर-गुलाल लगाकर होली मनाया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, छुटु घोष,ग्राम प्रधान मानिक घोष, अनिल सिंह,अमित सिन्हा, ललीत मोहन घोष,फटीक गोराई, अमुल्य प्रामाणिक, रायुफ अंसारी, मुरलीधर मिश्रा, राजेन सिंह मुण्डा, नरेन गोप आदि उपस्थित थे।

विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल में होली मिलन का आयोजन

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में गुरुवार, 21 मार्च को हर वर्ष की तरह होली का त्योहार मनाया गया जिसमें सभी शिक्षक एवम स्टाफ के अलावा सभी संप्रदाय के प्रबुद्ध लोग शामिल हो कर एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रधानाध्यापिका डॉ निधि श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए गुलाब इत्यादि रंगीन और खुशबूदार फूल इन पर डाल कर होली का आनंद उठाया साथ ही मिलजुल कर होली का उत्सव मनाने का संदेश दिया।शिक्षक शिक्षिकाओं तथा स्कूल के सभी स्टाफ फूल, अबीर एक दूसरे पर डाले और होली के पकवानों का आनंद उठाया। आजाद नगर पीस कमिटी के सचिव मुख्तार आलम खान ने होली को सद्भावना का पर्व बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सैयद आसिफ अख्तर, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, सैयद मंजर अमीन , अनिल कुमार शामिल हुए।

पति के साथ बाइक से जा रही पत्नी गिरी, घायल

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत शेन इंटरनेशनल स्कुल के समीप चलती बाइक से गिरने चौका के उरमाल निवासी भोगता पुराण की पत्नी लखिमनी देवी घायल हो गई। मौके पर पहुंची कांड्रा पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए बालीगुमा स्थित एक निजी नर्सिंग होम ले जाया गया। बताया गया है महिला अपने पति भोगता पुराण के साथ बाइक से राजनगर से अपने घर उरमाल जा रही थी। शेन इंटरनेशनल स्कूल के समीप अचानक उसके सिर में चक्कर आ गया और वह चलती बाइक से गिर गई।

जेपी स्कूल व जेपी इंग्लिश स्कूल में धूमधाम से संपन्न हुआ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): संकोसाई डिमना रोड मानगो स्थित जय प्रकाश स्कूल का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आज संपन्न हुए। विगत 18 मार्च से शुरू वार्षिक खेलकूद में जेपी स्कूल और जेपी इंग्लिश स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। दोनो स्कूल से 4- 4 टीमों ने भाग लिया। लड़कों के लिए क्रिकेट, फुटबॉल और लड़कियों के लिए बैडमिंटल और वॉलीबाल का आयोजन किया गया। क्रिकेट का फाइनल मुकाबले में महाकाल और डार्क सीनियर बॉयज के बीच खेला गया । जिसमे डार्क सीनियर बॉयज ने 29 रन से मैच जीत गया। फुटबॉल का फाइनल मुकाबला भी खेला गया। वहीं लड़कियों को तितली टीम ने बैडमिंटन की विजेता रही।इस अवसर पर देवघर पंचायत के मुखिया शशि भूषण , बीजेपी के विजय तिवारी अन्य उपस्थित थे। जेपी स्कूल के सचिव अर्जुन शर्मा ने बताया कि इतना बड़ा खेल का आयोजन पहली बार किया गया। इस मौके पर स्कूल के सभी टीचर्स, बच्चे एवं अभिभावक मौजूद थे।

सुप्रियो भट्टाचार्य से मिले झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष, आस्तिक महतो के लिए मांगा टिकट

- जमशेदपुर से आस्तिक के प्रत्याशी बनने पर सिंहभूम, रांची व खूंटी लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन की आसान जीत का दावा

- कोल्हान में काफी लोकप्रिय चेहरा हैं आस्तिक महतो
- जल्द जमशेदपुर आ सकते हैं सुप्रियो, कार्यकर्ताओं से लेंगे फीडबैक

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : झामुमो के पूर्वी सिंहभूम जिला समिति में उपाध्यक्ष रह चुके एक नेता ने रांची में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य से मिलकर जमशेदपुर लोकसभा सीट पर जल्द से जल्द प्रत्याशी की घोषणा करने की मांग की है। उन्होंने बताया है कि जमशेदपुर के लिए सबसे बेहतर प्रत्याशी झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमो के वरिष्ठ नेता आस्तिक महतो ही साबित होंगे। उन्होंने भट्टाचार्य को तर्क देते हुए बताया है कि आस्तिक महतो कुड़मी समुदाय के साथ-साथ अन्य समाज के लिए भी लोकप्रिय चेहरा हैं। जमशेदपुर से लगातार दो बार सांसद बने भाजपा नेता को तीसरी बार जमशेदपुर सीट से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है और उनके सामने इंडिया गठबंधन को एक मजबूत प्रत्याशी की जरूरत है। आस्तिक महतो पिछले कई वर्षों से सक्रिय रहकर पूरे कोल्हान प्रमंडल के गांव-गांव में अच्छी पकड़ बना चुके हैं। कुड़मी बहुल गांवों के आलावा अन्य गांवों में भी लोग आस्तिक महतो को उम्मीदवार बनाने की मांग करते हुए बेसब्री से उनकी घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। आस्तिक महतो ही भाजपा प्रत्याशी को पटखनी दे सकते हैं। झामुमो नेता ने बताया कि पूरे कोल्हान प्रमंडल में आस्तिक महतो का अच्छा खासा प्रभाव है। पिछले कई महीनों पूर्व उनके बेटे की शादी के मौके पर आयोजित प्रीतिभोज समारोह में

एक नमूना देखने को मिला है जहां आम से लेकर खास सभी लोगों की मौजूदगी रही। यहां तक कि राज्य के मंत्री, विधायक, सांसद से लेकर केंद्रीय मंत्री तक भी उक्त समारोह में शामिल होकर हर वर्ग के लोगों की उपस्थिति देख लोकप्रियता की चर्चा कर चुके हैं। झामुमो नेता ने बताया है कि 14 विस सीटों वाली कोल्हान प्रमंडल में सिर्फ दो

लोकसभा सीट ही नहीं बल्कि रांची लोकसभा सीट अंतर्गत ईचागढ़ एवं खूंटी लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले खरसावां विस क्षेत्र में भी आस्तिक महतो का अच्छा खासा प्रभाव है। वे लोगों के बुलावे पर (बिना कार्ड या फोन पर आमंत्रण) सुदूर गांवों तक पहुंच जाते हैं। उन्होंने झामुमो के दिवंगत सांसद सुनील कुमार महतो के सानिध्य में रहकर भी काफी कुछ सीखा और लोगों के प्रति उनका सरल व्यवहार आकर्षण का केंद्र है। झामुमो नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि सुप्रियो भट्टाचार्य एक-दो दिनों के अंदर ही जमशेदपुर आने एवं क्षेत्र भ्रमण के क्रम में पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेने के पश्चात प्रत्याशी घोषित करने का आश्वासन दिया है।

शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

चांडिल : नीमडीह प्रखंड अंतर्गत घुटियाडीह गांव में गुरुवार को महान स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो का 286वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी. घुटियाडीह स्थित रघुनाथ महतो के प्रतिमा पर ग्रामीण समेत राजनीतक व समाज सेवी दल के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया. इस अवसर पर वीर शहीद रघुनाथ महतो शांति समिति आदर्श ग्राम द्वारा महिलाओं व बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता का आयोजित किया गया है। खगेन महतो ने कहा कि जिस तरह से शहीद रघुनाथ महतो ने अपना प्राण त्याग कर हमें आजादी दिलाई थी, उसी तरह हमें भी एकजुट होकर अपनी भाषा, संस्कृति को बचाने की लड़ाई लड़नी होगी।

तेंदुआ को लेकर फेंक मैसेज या वीडियो प्रसारित करनेवालों पर अब होगी कार्रवाई: एसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : तेंदुआ को लेकर सोशल मीडिया पर फेंक मैसेज या वीडियो प्रसारित करनेवालों पर अब होगी कार्रवाई। इसकी तैयारी में जिला प्रशासन जुट गई है। जिले के आरक्षी अधीक्षक मनीष टोप्पो ने बताया कि वन विभाग और पुलिस-प्रशासन लगातार क्षेत्र में कैम्प कर रही है। अभी तेंदुआ का स्पष्ट लोकेशन नहीं मिल सका है। अफवाहों की वजह से रेस्क्यू टीम और पुलिस-प्रशासन को परेशानियों का सामना करना रहा है। उन्होंने लोगों से सावधान और सजग रहने की अपील की है। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वाले पोस्ट पर निगाह रखने की बात कही है। कहा कि सोशल मीडिया सेल को सक्रिय कर दिया गया है। साथ ही, बगैर पुष्टि किए फोटोग्राफ्स या वीडियो डालने वाले लोगों

को चिन्हित किया जा रहा है। वैसे ग्रुप एडमिन तत्काल उन्हें ब्लॉक करें अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि तरह- तरह के भ्रामक वीडियो और फोटोग्राफ्स व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर किया जा रहा है जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

नारायणा हेल्थ का स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल

- गोल्डन आवर के महत्व पर प्रकाश डालती मेडिकल डॉक्यू-ड्रामा सीरीज इनसाइडर

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भारत का अग्रणी संस्थान नारायणा हेल्थ ने बेहद ही हर्ष के साथ अपनी नई मेडिकल डॉक्यू-ड्रामा सीरीज इनसाइडर का अनावरण किया। इस तरह की यह पहली सीरीज है जो हेल्थ इमरजेंसी की स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान करती है। साथ ही उन मरीजों की सच्ची कहानियों को भी साझा करती है, जिन्होंने अविश्वसनीय चुनौतियों का सामना किया। 27 मार्च को विशेष रूप से जियो सिनेमा, जियो टीवी और टीवी पर 10 प्रभावशाली एपिसोड के प्रीमियर के साथ इनसाइडर जीवन-घातक आपात स्थितियों का सामना करने वाले मरीजों की सच्ची कहानियों को दिखायेगा। इस संबंध में नारायणा हेल्थ के फाउंडर और चेयरमैन डॉ. देवी शेट्टी ने कहा कि इनसाइडर के साथ, नारायणा हेल्थ आपातकालीन देखभाल की पूरी जानकारी सीधे दर्शकों तक पहुंचाएगी। ये हमारी स्वास्थ्य देखभाल टीमों के संघर्ष और अटूट

समर्पण की कहानियाँ हैं।नारायणा हेल्थ के मैनेजिंग डायरेक्टर और ग्रुप सीईओ डॉ. इमैनुएल रूपर्ट ने कहा कि इनसाइडर के साथ, नारायणा हेल्थ जागरूकता से आगे बढ़कर सशक्तिकरण पर जोर देता है। यह सीरीज आपात स्थितियों की वास्तविकताओं के बारे में बताती है, जिसमें दिखाया गया है कि मेडिकल इमरजेंसी के समय आस-पास खड़े लोग, इमरजेंसी डॉक्टर एवं स्पेशलिस्ट क्या-क्या करते हैं।

एडीसी ने बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ की समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : कुचाई प्रखंड सभागार में गुरुवार को जिला के अपर उपायुक्त संजय कुमार दास ने सभी बीएलओ के साथ बैठक की.बैठक में मुख्य रुप से निर्वाचन संबंधी कार्यो के प्रगति की समीक्षा की. मतादान दिवस के दिन बीएलओ के दायित्व को संबंध में जानकारी दी गयी. साथ ही एएसडी वोटर्स को चिन्हित करने संबंधी निर्देश भी दिये गये. बूथों के भौतिक सत्यापन,बूथों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी ली. साथ ही सभी बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया. बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रधान माझी, अंचल अधिकारी सीला उरांव, ललित प्रधान, राजकुमार लोहार, लव कुमार मंडल, अर्जुन महतो, प्रशांत कुमार समेत सभी बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

286 वीं जयंती पर स्मरण किए गए वीर शहीद रघुनाथ महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : आदिवासी कुड़मी समाज के तत्वावधान में गुरुवार को महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो की 286वीं जयंती मारवाड़ी धर्मशाला सरायकेला परिसर में मनाई गई। वीर शहीद रघुनाथ महतो की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आदिवासी कुड़मी समाज के प्रमंडल पदाधिकारी मनोहर महतो ने कहा क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो ने देश की आजादी की लड़ाई में अहम योगदान रहा। क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से गुरुपद महतो, विजय महतो, जितेंद्र महतो, चित्तरंजन महतो, प्रकाश महतो, अमूल्य महतो, शैलेंद्र महतो, रमेश महतो, मनोहर महतो आदि शामिल थे।

आदिवासी उच्च विद्यालय बोड़ाम में छत का प्लास्टर गिरने पर कक्षा 6 की तीन बच्ची घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : आदिवासी उच्च विद्यालय, बोड़ाम में जर्जर हो चुके भवन से गुरुवार को अचानक छत का प्लास्टर गिरने पर अफरा तफरी मच गई। विद्यालय भवन के अंदर अपने कक्षा 6 में पढ़ाई के लिए बैठी तीन छात्राओं अनिता महतो, रचना महतो एवं पूजा महतो को चोट लगी और घायल हो गई। इस घटना में अनिता महतो के हाथ में चोट लगी है जबकि रचना महतो व पूजा महतो को सिर पर हल्की चोट है। इस संबंध में अभिभावकों का कहना है कि जर्जर भवन में बच्चों को नहीं बैठना चाहिए। घटना के बाद विद्यालय के शिक्षक ने घायलों की चिकित्सा कराई। अभिभावकों ने शिक्षकों से सूचना मिलने के पश्चात चिरूडीह नर्सिंग पहुंचकर बच्चों के बारे में जानकारी ली। घटना के बाद विभाग के प्रति अभिभावकों में काफी रोष है।

नशीले दवाइयां बिक्री पर निगरानी हो : सुधीर पप्पू

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जिला बार एसोसिएशन के वरीय सदस्य एवं सोनारी थाना शांति समिति के सचिव अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने शहर के दवाई दुकानों से होनेवाली नशीले दवाइयां की बिक्री पर निगरानी रखने पर बल दिया है। सिदगोड़ा टाउन हॉल में हुई केंद्रीय शांति समिति की बैठक में उन्होंने सुझाव दिया कि इलाके को उड़ता पंजाब बनने से रोका जाए। सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार बहुत सारी दवाइयां दुकानों से नशीले दवाइयां की बिक्री गलत ढंग से होती है या दुकानदार को प्रभावित कर लोग

दवाइयां ले लेते हैं और नशे में डूबे रहते हैं।उन्होंने कहा कि होली के मौके पर तो सरकार द्वारा विदेशी एवं देसी शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा रहता है। किंतु नशीले पदार्थ के एडिक्टेड युवक दवाइयां दुकानों से दवाइयां प्राप्त करते हैं और समाज में कानून व्यवस्था की स्थिति को खराब करते हैं।इस पर जिला उपायुक्त एवम एसएसपी ने आश्वस्त किया कि इस दिशा में प्रशासन कार्रवाई करेगा।वही सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि हाल के वर्षों में यह देखा जा रहा है कि चौक चौराहों पर तो होली के अवसर पर डीजे साउंड सिस्टम बजाया जाता है। इसके साथ ही गाड़ियों में डीजे सिस्टम लगाकर मोहल्ले मोहल्ले घूमा जाता है और अश्लील गीत बजाए जाते हैं। इस पर रोक लगाए जाने की जरूरत है।

एचडीएफसी टॉप 100 फंडः 27 साल का प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड

- अक्टूबर 1996 में शुरू की गई यह स्कीम भारत में सबसे लंबे समय तक चलने वाली म्यूचुअल फंड योजनाओं में से एक बन गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्य रूप से लार्ज-कैप शेयरों (फंड) में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम एचडीएफसी टॉप 100 फंड ने 2023 में सफलतापूर्वक 27 साल पूरे कर लिए हैं। पिछले 27 वर्षों में फंड ने लगभग 19 फीसदी सीएजीआर (कम्पाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट) दिया है। इसके अलावा, एचडीएफसी टॉप 100 फंड में हर महीने के पहले बिजनेस डे पर व्यवस्थित रूप से निवेश किए गए 10,000 रुपए का एसआईपी (कुल निवेश 32.90 लाख रुपए) बढ़कर 29 फरवरी, 2024 तक

7.98 करोड़ रुपए (अंत में दिए गए पूर्ण प्रदर्शन विवरण देखें) हो गया। यह परफॉर्मेंस बाजार के उतार-चढ़ाव से निपटने और निवेशकों को फायदा दिलवाने की फंड की क्षमता का प्रमाण है।रेगुलेटरी और इंटर्नल रिस्क दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए बहुत नियंत्रित तरीके से एक्टिव पोजिशन लेने के साथ रिस्क मैनेजमेंट पर बहुत ध्यान दिया जाता है। पोर्टफोलियो स्टॉक की संख्या में अच्छी तरह से विविधतापूर्ण है और फंड मैनेजर बेंचमार्क वर्सेस डिविएशन कॉल की मापतौल रखते हैं।एचडीएफसी एएमसी के एमडी और सीईओ नवनीत मुणोत का कहना है, 'इक्विटी में धन सृजन के लिए अच्छा निवेश प्लस समय प्लस धैर्य परखा हुआ सिद्धांत रहा है। एचडीएफसी एएमसी के इक्वीटिज सीनियर फंड मैनेजर राहुल बैजल ने कहा, पिछले 27 वर्षों में एचडीएफसी टॉप 100 फंड का प्रदर्शन हमारे शोध, अनुशासित निवेश दृष्टिकोण और अच्छी तरह से स्थापित व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करने का प्रमाण है।

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को मिलेगा सर जहांगीर घांदी मेडल

- 23 मार्च को एक्सएलआरआइ के 68 वें कन्वोकेशन में इंडस्ट्रियल व सोशल पीस के लिए मिलेगा सम्मान

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : एक्सएलआरआइ का 68वां दीक्षांत समारोह 23 मार्च (शनिवार) 2024 को आयोजित होगा. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन शामिल होंगे. वे एक्सएलआरआइ से पासआउट होने वाले कुल 552 विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे. इस मौके पर उन्हें एक्सएलआरआइ की ओर से वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित 'सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस' से सम्मानित किया जायेगा. दीक्षांत समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जायेगा. इस दौरान टाटा स्टील

इंडिया एंड साउथ इस्ट एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे, एक्सएलआरआइ के डीन एकेडमिक्स प्रो डॉ संजय पात्रो समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी मौजूद रहेंगे. इस बार पहली बार एक्सएलआरआइ के दीक्षांत समारोह का आयोजन टाटा ऑडिटोरियम में नहीं होने के बजाय फुटबॉल ग्राउंड में हो रहा है. संस्थान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर खास तौर पर तैयारियां की गयी है।

किस केटेगरी के कितने विद्यार्थियों को किया जाएगा पुरस्कृत

- बिजनेस मैनेजमेंट : 209
- ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट- 176
- 15 माह के पीजीडीएम (जीएम) प्रोग्राम : 113
- फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम) : 14
- पीजीडीएम (इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर क्रिएशन) : 40

टाटा स्टील यूआईएसएल ने अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया, तीन हजार से ज्यादा लगाया पौधा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा स्टील यूटिलिटीज इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टीएसयूआईएसएल) ने आज अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत, कदमा के सुरम्य जैव विविधता पार्क में एक गतिशील वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। लगभग 55 वंश और प्रजातियों के 3000 से अधिक पौधे लगाए गए। इस अवसर पर कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए और टाटा

स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल की वरिष्ठ नेतृत्व टीम के साथ कई पौधे लगाए।वृक्षारोपण अभियान के संयोजन के साथ , एक विचारोत्तेजक सेमिनार आयोजित किया गया, जो इस वर्ष की थीम पर केंद्रित था- वन और नवाचार एक बेहतर दुनिया के लिए नए समाधान। आर पी सिंह, पूर्व मुख्य वन संरक्षक, झारखंड सरकार, डॉ. सीताराम पांडा, प्रभारी, आईबीजी, कोलकाता और डॉ. अमर सिंह, प्राचार्य, जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं ने नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने में वनों की भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि और दृष्टिकोण साझा किए। ।टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और पूरे कार्यक्रम में मार्गदर्शन और नेतृत्व प्रदान किया। सेमिनार में विभिन्न कॉलेजों के छात्रों सहित 100 से अधिक लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।

एनडीए का कुनबा बढ़ाने की कोशिश

लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान के साथ सियासी हलचलें तेज हो गई हैं। चुनाव से पहले दोनों प्रमुख गठबंधन एनडीए और इंडिया अपना कुनबा बढ़ाने की कोशिश में लगे हैं। इसी बीच अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि भाजपा नीत एनडीए महाराष्ट्र में राज ठाकरे को अपने साथ लाने में जुटा है। इसको लेकर मंगलवार को दिल्ली में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुलाकात की। इस मुलाकात के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। मनसे के एनडीए में शामिल होने की अटकलों के बीच उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा आलाकमान ठाकरे के नाम को चुराने की कोशिश कर रही है।लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा एनडीए के कुनबे को बड़ा करने में लगी है। हाल ही में पार्टी ने आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की तेलगु देशम पार्टी और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ गठबंधन किया। ओडिशा में भी नवीन पटनायक की बीजू जनता दल के साथ गठजोड़ पर चर्चा जारी है। इसी क्रम में भाजपा महाराष्ट्र में मनसे प्रमुख राज ठाकरे को साथ लाने की कोशिश में है। इन खबरों को तब और बल मिला, जब राज ठाकरे दिल्ली पहुंचे। मंगलवार सुबह ठाकरे ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े से मुलाकात की। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच गृह मंत्री शाह के आवास पर लंबी मुलाकात हुई। मुलाकात को लेकर मनसे के वरिष्ठ नेता बाला नंदगांवकर ने कहा कि बातचीत सकारात्मक रही है। महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन में पहले से ही तीन दल शामिल हैं। राज्य में भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट) और राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित गुट) की महायुति सरकार चल रही है। इसमें अब नए दल मनसे के आने की चर्चा है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना अभी किसी गठबंधन में शामिल नहीं है और अकेले ही चुनाव लड़ती रही है। पिछले कुछ महीनों से मनसे और भाजपा के बीच गठबंधन की खबरें आती रही हैं। हाल के दिनों में शिवसेना नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राज ठाकरे के बीच कई बार मुलाकातें हुई हैं। इसके अलावा भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी राज ठाकरे से मुलाकात की। हाल ही में एक साक्षात्कार में देवेंद्र फडणवीस ने कहा था,भविष्य में मनसे कहां होगी और किसके साथ होगी, यह समय बताएगा। हम निश्चित तौर पर राज ठाकरे के दोस्त हैं। हमारी बैठकें होती हैं। हम कई विषयों पर बातचीत करते हैं। हालांकि, कुछ दिन पहले राज ठाकरे से जब मीडिया ने मनसे-भाजपा-शिवसेना गठबंधन के बारे में पूछा तो उन्होंने नकार दिया था। अब अमित शाह के साथ मनसे प्रमुख की मुलाकात के बाद गठबंधन की अटकलें तेज हो गई हैं।स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि मनसे भाजपा से तीन सीटें चाहती है। ये सीटें दक्षिण मुंबई, शिरडी और नासिक हो सकती हैं। इस बीच शिवसेना नेता और मंत्री दीपक केसरकर ने एक बयान में कहा कि अगर मनसे गठबंधन में शामिल होती है तो उन्हें अपने चुनाव चिह्न के बजाय महागठबंधन में एक पार्टी के प्रतीक पर चुनाव लड़ना होगा। केसरकर ने कहा, महाराष्ट्र की 48 सीटों में से उन्हें घटाकर बाकी सीटें बाकी पार्टियों को मिलेंगी। हमें उसी हिसाब से अपनी संख्या तय करनी होगी। वर्तमान में शिवसेना के साथ 13 सांसद हैं। अजित पवार की एनसीपी भी हमारे साथ है। फिलहाल अजित के साथ केवल एक सांसद है, लेकिन उनके विधायकों की संख्या बहुत ज्यादा है। जिन लोकसभा क्षेत्रों में उनके विधायक हैं, वहां उनकी पार्टी का सम्मान किया जाएगा। उसी के अनुसार महायुति की ताकत तय होगी।राज ठाकरे, शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के भतीजे हैं। उद्धव ठाकरे के साथ सियासी मतभेद के चलते राज शिवसेना से अलग हो गए थे। इसके बाद 9 मार्च 2006 को राज ठाकरे ने मुंबई में %महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना% नाम से एक अलग पार्टी की स्थापना की। मनसे ने कई आंदोलनों के जरिए मराठी अस्मिता का मुद्दा उठाया। पार्टी की स्थापना के एक साल के भीतर ही मनसे को नगर निगम चुनावों का सामना करना पड़ा, जिनमें पार्टी को सफलता नहीं मिली। इसके बाद 2009 में पार्टी ने पहली बार लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ा। 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों को अच्छे वोट मिले, लेकिन सीट जीतने के लिए काफी नहीं थे। इसके ठीक छह महीने बाद विधानसभा चुनाव में पार्टी के 13 विधायक चुने गए। चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन को देखते हुए चुनाव आयोग ने पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए आधिकारिक चुनाव चिह्न दिया। वर्ष 2010 में पार्टी को रेलवे इंजन चुनाव चिह्न मिला। 2012 में हुए 10 नगर निगम चुनावों में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को जबरदस्त सफलता मिली थी। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का पहला महापौर नासिक शहर में जीता था। पुणे शहर में पार्टी ने विपक्ष के नेता के रूप में उभरी। इसके अलावा मुंबई-ठाणे शहर में मत प्रतिशत काफी बढ़ गया। साल 2019 एक और चुनाव का साल था, तब विपक्षी दल के रूप में मनसे ने सरकारों की आर्थिक नीतियों का कड़ा विरोध किया। लेकिन जब जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाई गई तो राज ठाकरे ने केंद्र सरकार को बधाई दी। साल 2020 में मुंबई में हुए अधिवेशन में मनसे ने सीएए का समर्थन किया था।

नंदीग्राम में किसानों पर गोलीबारी की घटना विनाशकारी साबित हुई

ममता बनर्जी के लिए कहीं नंदीग्राम न बन जाए संदेशखाली

विकास सक्सेना

स्वतंत्र भारत के एक राज्य में सत्ताधारी दल का नेता किस प्रकार महिलाओं को अपनी 'निजी सम्पत्ति' की तरह 'इस्तेमाल' कर रहा था यह सुनकर सभ्य समाज के किसी भी व्यक्ति की रूह तक कांप जाए। पीड़ति महिलाओं ने स्वयं आरोप लगाए हैं कि कबीलाई संस्कृति की तरह सुन्दर महिलाओं के घरों पर संदेश भेजे जाते थे कि वे रात को पार्टी कार्यालय पर आ जाएं अन्यथा सफेद साड़ी पहनने के लिए तैयार रहें। हालात इतने खौफनाक थे कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडे वहां के पुरुषों से सरेआम कहा करते थे कि वह महिला पत्नी भले ही तुम्हारी हो लेकिन उस पर अधिकार 'हमारा' है।

अंग्रेजी की एक प्रसिद्ध कहावत है कि एक कील की वजह से पूरा राज्य खो जाता है। इसको स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि कील की वजह से नाल, नाल की वजह से घोड़ा, घोड़े की वजह से युद्ध और युद्ध की वजह से राज्य से हाथ धोना पड़ जाता है। यही हाल लोकतंत्र में भी होता है। कई बार बहुत मजबूत दिख रहे नेता या दल के लिए कोई घटना उसके पतन का कारण बन जाती है। पश्चिम बंगाल इसका जीता जागता उदाहरण है। यहां 34 साल के वामपंथी शासन के लिए 14 मार्च, 2007 को नंदीग्राम में किसानों पर गोलीबारी की घटना विनाशकारी साबित हुई। कभी राज्य की 80 प्रतिशत से ज्यादा सीटें जीतने वाले वामदलों का आज यहां एक भी विधायक नहीं है। वामपंथियों को बेदखल करके यहां की सत्ता पर काबिज होने वाली ममता बनर्जी के लिए अब संदेशखाली का मामला वामपंथियों के नंदीग्राम की तरह साबित हो सकता है। इसके अलावा अब नागरिकता संशोधन कानून लागू करके केंद्र सरकार ने दीदी के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। स्वतंत्र भारत के एक राज्य में सत्ताधारी दल का नेता किस प्रकार महिलाओं को अपनी 'निजी सम्पत्ति' की तरह 'इस्तेमाल' कर रहा था यह सुनकर सभ्य समाज के किसी भी व्यक्ति की रूह तक कांप जाए। पीड़ति महिलाओं ने स्वयं आरोप लगाए हैं कि कबीलाई संस्कृति की तरह सुन्दर महिलाओं के घरों पर संदेश भेजे जाते थे कि वे रात को पार्टी कार्यालय पर आ जाएं अन्यथा सफेद साड़ी पहनने के लिए तैयार रहें। हालात इतने खौफनाक थे कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडे वहां के पुरुषों से सरेआम कहा करते थे कि वह महिला पत्नी भले ही तुम्हारी हो लेकिन उस पर अधिकार 'हमारा' है। मामला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संदेशखाली गांव की महिलाओं का शोषण रोकने की जगह उनकी अस्मत से खेलने वाले पार्टी कार्यकर्ता शेख शाहजहां और उसके गुर्गों को बचाने में अपनी राजसत्ता की ताकत का इस्तेमाल किया। मुख्य आरोपित शेख शाहजहां के मामले में ममता बनर्जी एक के बाद एक गलती करती चली गईं। जब खाद्यान्न घोटाले के मामले में पूछताछ के लिए गए ईडी के अधिकारियों पर शेख शाहजहां और उसके गुंडो ने हमला किया तो उनको गिरफ्तार कराने की जगह यह जताने की कोशिश की गई कि किस तरह केंद्रीय जांच एजेंसियों को बंगाल में काम करने

से रोका जा सकता है। इस घटना के बाद गांव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की गई जिससे पीड़ति महिलाओं को नई ताकत मिल गई। उन्होंने शेख शाहजहां के जुल्मों के खिलाफ आवाज बुलंद की। लेकिन जब ये महिलाएं कैमरे के सामने आकर अपनी व्यथा सुना रही थीं उस समय राज्य की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनकी पीड़ा समझने के बजाए उन पर लांछन लगा रही थीं। ममता बनर्जी के सवाल हैरान करने वाले थे। वे अपनी पीड़ा बताने वाली महिलाओं के मुंह ढंकने पर सवाल उठा रही थीं। जबकि दुष्कर्म पीड़ताओं की पहचान उजागर करने पर रोक है। पीड़ताओं से पूछा जा रहा था कि उन्होंने अब तक पुलिस में शिकायत दर्ज क्यों नहीं कराई। महिलाएं बता रही थीं कि जब वे पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने जाती थीं तो उन्हें वापस शेख शाहजहां और उसके गुंडों के पास भेज दिया जाता था। शोषण की सारी सीमाएं पार होने के बाद सड़कों पर उतरी महिलाओं ने बाकायदा न्यायालय में शपथ पत्र देकर आप बीती बताई तो न्यायालय के दबाव में आरोपित शिबू हाजरा, उत्तम सरदार और शेख शाहजहां आदि के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हो गए। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में फरार चल रहे शेख शाहजहां को 56 दिनों तक सरकार बचाती रही। मामले के ज्यादा तूल पकड़ने और न्यायालय से फटकार लगने पर आखिरकार उसे गिरफ्तार किया गया पर उसे बचाने के लिए ममता बनर्जी की सरकार पूरी ताकत से जुटी रही। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआई के सुपुर्द नहीं किया। इसके बाद जब अवमानना का मामला दर्ज हुआ तो भी दो घंटा इंतजार कराने के बाद पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआई के हवाले किया। न्यायालय जाते समय शेख शाहजहां की चाल - ढाल से उसके रुतबे का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। पश्चिम बंगाल के एक छोटे सुदूर गांव संदेशखाली जहां पहुंचने के लिए धामाखाली से नाव में सवार होकर इच्छामती नदी को पार करना पड़ता है। वहां की पीड़ताओं ने पूरे पश्चिम बंगाल के वातावरण का बदल कर रख दिया है। मां, माटी और मानुष की बात करने का दावा करने वाली ममता बनर्जी पर आरोप लग रहे हैं कि पीड़तिाएं अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग की होने के कारण इनके लिए उनकी संवेदनाएं नहीं जगीं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की राजनीतिक हैसियत का अंदाजा विधानसभा चुनाव 2021 के परिणामों से आसानी से लगाया जा सकता है। यहां की 292 विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव में से 213 पर टीएमसी, 77 पर भाजपा और दो सीटों पर अन्य दलों के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। चुनाव नतीजे आने के बाद टीएमसी कार्यकर्ताओं ने अराजकता की सारी सीमाएं पार कर दीं। टीएमसी के गुंडो पर भाजपा समर्थक महिलाओं के साथ बलात्कार के भी आरोप लगे। इसके बाद किसी ने सिर मुंडवाकर तो किसी ने नाक रगड़कर भाजपा को छोड़कर टीएमसी का दामन थाम लिया। अब कई सामाजिक और राजनीतिक चिंतकों का मानना है कि संदेशखाली ममता बनर्जी के लिए वामपंथियों के नंदीग्राम की तरह हो सकता है। विधानसभा चुनाव 2006 में 233 सीटें जीतकर सीपीएम नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य ने सत्ता में वापसी की थी। तब ममता बनर्जी की पार्टी महज 30 सीटों पर सिमट कर रह गई थी। लगातार तीन दशक के शासन के बावजूद प्रचंड जीत से उत्साहित बुद्धदेव भट्टाचार्य ने हल्दिया बंदरगाह के निकट एक छोटे गांव नंदीग्राम में केमिकल हब बनाने की जिद ठान ली। इसके लिए इंडोनेशिया के सलीम ग्रुप को 10 हजार एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना था। लेकिन नंदीग्राम के किसानों ने अपनी जमीन देने से इनकार कर दिया। उनका नेतृत्व वहां के स्थानीय नेता और कांथी के विधायक शुभेंदु अधिकारी ने किया। ममता बनर्जी भी आंदोलनकारियों के साथ हो गईं। इन आंदोलनकारियों ने इस इलाके की नाकेबंदी करके सरकारी कर्मचारियों की आवाजाही पर रोक लगा दी। इससे बलपूर्वक निपटने के लिए आज से 17 साल पहले 14 मार्च को 2500 पुलिसकर्मियों का एक जत्था नंदीग्राम भेजा गया।

दृष्टि कोण

लोकसभा चुनावों में कांग्रेस इस बार उत्तर प्रदेश में शून्य पर सिमट सकती है

उत्तर प्रदेश की राजनीति में जिस कांग्रेस का हमेशा अपर हैंड रहता था, वह अब दूसरों के रहम-ओ-करम पर राजनीति करने को मजबूर हो गई है। प्रदेश में ना उसका वोट बैंक बचा है, ना नेता और संगठन। हाँ, यदि हवा-हवाई बातों से पार्टी को फायदा हो पाता तो जरूर यूपी में कांग्रेस टॉप पर होती, लेकिन ऐसा होता नहीं है। आज का मतदाता अपने नेताओं पर बारीकी से नजर रखता है। इस कसौटी में कांग्रेस की टॉप लीडरशिप और गांधी परिवार पूरी तरह से नाकामयाब रहा है। कांग्रेस के विधान सभा और लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के आंकड़े भी चुनाव-दर-चुनाव उसके जनाधार खिसकने के साक्षी हैं। यह गिरावट 1984 के बाद चार दशक में आई है। 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सभी 85 सीटों (तब उत्तराखंड की भी पांच सीटें शामिल) पर चुनाव लड़ी थी और 83 सीटों पर जीत हासिल की थी। भले ही तब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस के साथ जनभावनाओं का ज्वार था, जिसके सहारे पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपने प्रदर्शन के शिखर को छुआ।

यह वह दौर था जब राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस का एकछत्र राज था और बीजेपी की एंट्री भर हुई थी, लेकिन उसकी राजनैतिक विचारधारा कांग्रेस से उलट थी। बीजेपी तुष्टिकरण की जगह हिन्दुत्व की बात करती थी। अयोध्या, काशी और मथुरा उसके एजेंडे में प्रमुख रूप से शामिल थे, जिससे कांग्रेस हमेशा किनारा करती रही थी। वहीं क्षेत्रीय दलों के रूप में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी जातिवादी राजनीति को आगे बढ़ा रहे थे। प्रदेश की राजनीति में बदले समीकरणों ने जहां दूसरे दलों के लिए नई संभावनाएं जगाईं, वहीं कांग्रेस को अपनों से मायूसी ही मिलती गई। 1984 में 51.03 प्रतिशत वोट हासिल करने वाली कांग्रेस फिर ऐसे जनाधार को वापस नहीं हासिल कर सकी। आज उसका जनाधार दो प्रतिशत में सिमट गया है। दरअसल, प्रदेश में सपा व बसपा के उदय के साथ ही कांग्रेस पीछे होती गई और भाजपा की प्रखर हिंदुत्व वाली छवि ने उसकी राह और मुश्किल कर दी। ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम कांग्रेस के परंपरागत वोटर माने जाते थे। सपा के उदय के साथ मुस्लिम कांग्रेस से छिटक कर उसके पाले में चला गया। बसपा ने कांग्रेस के दलित वोट बैंक पर कब्जा कर लिया। कांग्रेस से मोहभंग के बाद ब्राह्मणों ने भाजपा का दामन थाम लिया। वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड के अलग होने के बाद की बात की जाए तो कांग्रेस वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में 80 सीटों पर लड़ी थी और 21 सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछले ढाई दशक में यह कांग्रेस का सर्वाधिक उत्साहित करने वाला प्रदर्शन था। इसके पीछे कांग्रेस की मनरेगा व खाद्य सुरक्षा को लेकर नीतियों की बड़ी भूमिका मानी गई थी। कांग्रेस केंद्र में दोबारा सरकार बनाने में सफल हुई थी। इसके बावजूद कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपनी साख को बचाए रखने में कामयाब नहीं रही। उत्तर प्रदेश में अपना जनाधार बढ़ाने के लिय पार्टी ने कई प्रयोग भी किए। राहुल गांधी को यूपी में पैर पसारने के लिये खुली छूट दी गई, इसके नतीजे उत्साहवर्धक नहीं आये तो प्रियंका वाड्रा को प्रदेश का प्रभारी भी बनाया गया, लेकिन बूथ स्तर पर कमजोर हुई पार्टी के सामने कार्यकर्ताओं में पुराना जोश भरना सपना ही रहा। उधर, कांग्रेसी नेता आपस में टांग खिंचाई करते रहे, जिसकी वजह से पार्टी में अंतरकलह भी बढ़ता गया। 2014 लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद कांग्रेस के लिए उत्तर प्रदेश में 2009 का अपना प्रदर्शन दोहराने को तरसती ही रही। नेहरू-गांधी परिवार का उत्तर प्रदेश से गहरा रिश्ता होने के बाद भी पार्टी खोया दमखम नहीं जुटा सकी। पिछले चुनाव में कांग्रेस रायबरेली की एकमात्र सीट पर ही जीत का स्वाद चख सकी थी। पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी तक हार गये।

कुछ अलग

हनुमान ने शनिदेव को कैसे किया शांत

एक समय हनुमान, हिमालय पर्वत पर तपस्या में लीन थे। तभी उनके पास सूर्य-पुत्र शनिदेव पहुंच गए। शनिदेव लोगों को कष्ट देने के लिए आज भी प्रसिद्ध हैं। शनिदेव इसी मंशा से हनुमान के पास गए थे। हनुमान ने शनिदेव से आने का कारण पूछा, तो शनिदेव ने कह दिया, 'मैं लोगों के शरीर में प्रवेश करके उन्हें कष्ट देता हूं और आपके पास भी इसी उद्देश्य से आया हूं।' हनुमान बोले, 'मेरे भीतर तो केवल राम रहते हैं; तुम कहां रहोगे?' इस पर शनिदेव ने हंसकर कहा, 'मैं ढाई वर्ष तक मस्तिष्क में, अगले ढाई वर्ष उदर के भीतर और अंतिम ढाई वर्ष उदर से नीचे रहकर व्यक्ति को निष्क्रिय कर देता हूं। आपके साथ भी यही करूंगा।' हनुमान तुरंत तैयार हो गए और बोले, 'तो फिर मेरे सिर पर सवार हो जाओ।' शनिदेव ने जैसे ही हनुमान के मस्तिष्क में प्रवेश किया, हनुमान के सिर में दर्द होने लगा। परंतु उन्हें शनिदेव से निपटने का तरीका आता था। उन्होंने एक बड़ी-सी शिला उठाई और अपने सिर पर रख ली। शनिदेव पीड़ा से चिल्ला उठे। लेकिन हनुमान ने उस पर ध्यान नहीं दिया। फिर एक और शिला उठाकर सिर पर रख ली। अब शनिदेव के लिए संकट खड़ा हो गया। वे आए थे हनुमान को कष्ट देने, लेकिन स्वयं कष्ट में फंस गए! अब शनिदेव, हनुमान से मोल-भाव करने लगे। 'यदि आप मुझे छोड़ दें, तो मैं आपके कष्ट की अवधि साढ़े सात वर्ष से घटाकर साढ़े सात दिन कर दूंगा!' इस पर हनुमान तपाक से बोले, 'तुम मेरे लिए अपना नियम मत बदलो। मेरा सिरदर्द जब तक ठीक नहीं होगा, मैं सिर पर शिलाएं रखता जाऊंगा।' हनुमान ने एक और शिला उठा ली, लेकिन इससे पहले कि उसे सिर पर रखते, शनिदेव ने बिलखते हुए कहा, 'प्रभु, मुझसे भूल हो गई। मुझे क्षमा कर दीजिए। मैं आपको कभी कष्ट नहीं दूंगा।' हनुमान ने कहा, 'मुझे नहीं दोगे, लेकिन दूसरे लोगों को तो कष्ट दोगे! मैं आज पूरा उपाय करके ही तुम्हें छोड़ूंगा।' यह कहकर हनुमान ने तीसरी शिला भी सिर पर रख ली। शनिदेव का तो जैसे दम ही निकल गया! उन्होंने विनती की, 'हे रामदूत! दया कीजिए! मैं आपको वचन देता हूं कि जो भी आपको स्मरण करेगा, उसे कभी मुझसे कष्ट नहीं होगा।' तब हनुमान ने प्रसन्न होकर शनिदेव को मुक्त कर दिया। इसीलिए कहते हैं, हनुमान का नाम लेने से शनिदेव के कोप से रक्षा हो जाती है। एक अन्य कथा भी प्रसिद्ध है...शनिदेव ने हनुमान का बहुत यश सुना था। शनिदेव को लगा कि यदि वह हनुमान को परास्त कर दें, तो उनका अपना यश बढ़ जाएगा। इस उद्देश्य से शनिदेव ने हनुमान को चुनौती दे डाली। 'हनुमान! मैं ग्रहों में सर्वशक्तिमान शनि हूं। विश्व 'मेरे नाम से कांपता है। यदि साहस है, तो मुझसे युद्ध करो!' हनुमान, शनिदेव से लड़ने को उत्सुक नहीं थे। उन्होंने विनम्रतापूर्वक शनिदेव से कहा, 'मैं वृद्ध हो चुका हूं तथा श्रीराम नाम के अतिरिक्त मेरी किसी कार्य में रुचि नहीं है। आप बहुत बलवान हैं, इसलिए आपको अपने समान किसी बलशाली से युद्ध करना चाहिए।' शनिदेव ने हनुमान की विनम्रता को उनकी कायरता समझने की भूल कर दी। इससे शनिदेव का दुस्साहस और बढ़ गया। उन्होंने हनुमान से कहा, 'मैं आ गया हूं, तो युद्ध किए बिना नहीं जाऊंगा। अन्यथा आप अपनी पराजय स्वीकार कर लीजिए।' तब हनुमान ने शनिदेव का अहंकार तोड़ने का निश्चय किया। उन्होंने शनिदेव को अपनी पूंछ में बांध लिया। शनिदेव छटपटाने लगे, लेकिन बहुत प्रयास करने के बावजूद हनुमान की पकड़ से मुक्त नहीं हो सके। सहसा हनुमान उछले और ऊबड़-खाबड़ पथरीले रास्तों पर बेतहाशा दौड़ने लगे। इस दौरान, हनुमान अपनी पूंछ को शिलाओं पर पटकते जाते थे।

देश दुनीया से

जंगल की शेरनी का सफरः कश्मीर की वादियों से घने जंगलो तक

भारत की बाघ राजकुमारी (दी टाइगर प्रिंसेस) के रूप में जानी जाने वाली लतिका की कहानी सिर्फ शाही विरासत के बारे में नहीं है, बल्कि उन महिलाओं की शक्ति का प्रमाण है जो बाधाओं को तोड़ती हैं और साहस और दृढ़ विश्वास के साथ अपनी नियति को आकार देती हैं। एक फोटोग्राफर के रूप में, लतिका ने जंगल के बीचों-बीच जाकर, उसकी सुंदरता और चुनौतियों का दस्तावेजीकरण करके रूढ़ियों को तोड़ा। अपने लेंस के माध्यम से, उन्होंने न केवल वन्यजीवों की असुरक्षा को बल्कि महिला भावना की ताकत और लचीलेपन को भी प्रदर्शित किया। लतिका मानती हैं की जब भी आप किसी ऐसी जगह जाते हैं जहां पर प्रकृति अपने आप में संपूर्ण होती है तब ऐसा लगता है की आप भगवान के बनाये एक मंदिर में हो।

भारत के हृदय में, जहां जंगलों और नदियों के रहस्यमय परिदृश्य मिलते हैं, वहां एक ऐसी कहानी मौजूद है जो इस भूमि की तरह ही मंत्रमुग्ध कर देने वाली है। ये कहानी है भारत की बाघ राजकुमारी लतिका नाथ की, जिसमें साहस, जुनून और प्रकृति के प्रति गहरा प्रेम शामिल है। ऐसी दुनिया में जहां जंगली जानवर लगातार खतरे में हैं, लतिका आशा की किरण बनकर खड़ी है और जंगलों में रहने वाले जीवों की रक्षा के लिए अथक प्रयास कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस उपलक्ष्य में, लतिका नाथ के साथ हुए साक्षात्कार (इंटरव्यू) की एक झलक को प्रस्तुत किया है जिसकी यात्रा शक्ति, जुनून और वन्यजीव संरक्षण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में सामने आती है। भारत की बाघ राजकुमारी (दी टाइगर प्रिंसेस) के रूप में जानी जाने वाली लतिका की कहानी सिर्फ शाही विरासत के बारे में नहीं है, बल्कि उन महिलाओं की शक्ति का प्रमाण है जो बाधाओं को तोड़ती हैं और साहस और दृढ़ विश्वास के साथ अपनी नियति को आकार देती हैं। एक फोटोग्राफर के रूप में, लतिका ने जंगल के बीचों-बीच जाकर, उसकी सुंदरता और चुनौतियों का दस्तावेजीकरण करके रूढ़ियों को तोड़ा। अपने लेंस के माध्यम से, उन्होंने न केवल वन्यजीवों की असुरक्षा को बल्कि महिला भावना की ताकत और लचीलेपन को भी प्रदर्शित किया। लतिका मानती हैं की जब भी आप किसी ऐसी जगह जाते हैं जहां पर प्रकृति अपने आप में संपूर्ण होती है तब ऐसा लगता है की आप भगवान के बनाये एक मंदिर में हो। और जैसे लोग खुद को फोकस्सड रखने के लिए मैडिटेशन करते हैं और जैसा उस समय वो लोग महसूस करते है, मुझे वैसा ही महसूस होता है जब में प्रकृति क नज़दीक होती हूं फिर चाहे वो हिमालय की छोटी हो या फिर घाना जंगल, या एक शेर के साथ बैठना या फिर किसी कछुए को समुद्र से आते देखना या फिर एक चिड़िया को अपना घोसला बनाते हुए देखना ये नजारा सच में मंत्र मुग्ध कर देने वाला होता है। कैमरा के लेंस से जब हम एक चीज पर फोकस करते हैं तब हम सारी दुनिया भूल जाते है और यही उनके लिए मैडिटेशन है। लतिका की यात्रा में एक गहरा मोड़ आया क्योंकि वह वन्यजीव संरक्षण के लिए एक सशक्त शक्ति के रूप में विकसित हुई। मुख्य रूप से पुरुषों के कब्जे वाले क्षेत्र में, उन्होंने निडर होकर भारत की लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के लिए अपने प्रयासों को समर्पित करते हुए, इस मुद्दे का समर्थन किया। लतिका ने साझा किया की बहुत से पुरुष कंजर्वेशनिस्ट्स ने भी उन्हें अपना निशाना बनाया और जिसकी वजह से लतिका को शोध तक छोड़नी पड़ी। परिवार और दोस्तों से सहायता मिलने के बावजूद यह यात्रा फूलों से भरी तो बिलकुल भी नहीं थी। आज से करीब 30 दशक पहले जब मुट्ठी भर औरतें विज्ञान जैसे सब्जेक्ट में अपना भविष्य बनाने के बारे में सोचती थी और उसमे भी अगर कोई महिला वन्य जीवन (वाइल्डलाइफ) जैसी फील्ड में जाना चाहती हो जो की बेहद जोखिम भरी होने के साथ साथ पुरुष प्रमुख थी उसमे आगे बढ़ना चाहती है तो यकीन मानिए समाज में कुछ पुरुष प्रधान सोच रखने वाले लोगो की कमी नहीं रही होगी जिन्होंने हर कदम पर मुश्किलें खड़ी की और हर कदम पर ये जताने की कोशिश की होगी की एक औरत कैसे काम करेगी इस फील्ड में और ये सिलसिला शुरुआत के कुछ

सालो तक नहीं बल्कि बहुत लम्बे समय तक चलता रह। लेकिन वह मानती हैं की जब आप खुद पर भरोसा करते है की आपको इसी राह में आगे बढ़ना है तो कोई मुश्किल आपका रास्ता नहीं रोक सकती। हम अपने आप में सौभाग्यशाली है की हमारी इतनी आबादी होने के बावजूद हम इस पृथ्वी के सबसे ज्यादा जैव विविधता से भरपूर की में हैं और हमारे अंदर एक अंदरूनी भावना है की हम पृथ्वी और प्रकृति का इतना आदर करते है। भारत सही दिशा में कदम बढ़ा रहा है लेकिन अपनी बहुत काम करना बाकी है और समय की मांग यही है की सिटीजन साइंस, प्राइवेट सेक्टर, और गवर्नमेंट एक जुट होकर प्रकृति को बचाए। लतिका बताती हैं की अगर हम प्लेनेट अर्थ के इतिहास को खंगाले तो हम देखेंगे की परिवर्तन हमेशा से हुए है और प्रकृति अपने तरीके से इंसान को दिखा रही है की यूं तो इंसान खुद को बहुत शक्तिशाली तो समझता है लेकिन वो भी मात्र एक भाग है प्रकृति का क्योंकि अगर पृथ्वी पर जीवन ही खत्म हो जयेगा तो इंसान का वजूद भी खत्म हो जएगा। इसीलिए हमें अपने तरीके बदलने होंगे और हम सभी को मिलकर इसे सफल बनाना होगा। लतिका की कहानी भावनात्मक स्तर पर गूंजती है, न केवल एक संरक्षणवादी के रूप में बल्कि एक महिला के रूप में जो पुरुष-प्रधान क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। लतिका में, हम एक ऐसी महिला को पाते हैं जो मनुष्यों और वन्यजीवों के बीच की दीवारों को तोड़ती है

आप का नजरीया

केवल और केवल अनुराग

सियासत के अद्भुत प्रतीक और शिनाख्त के पदचिन्हों में राजनीतिक सपूत चुनने की कवायद में आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि सामने आ रही है। पांचवीं बार हमीरपुर लोकसभा के अपने अभेद्य दुर्ग पर अनुराग ठाकुर को भाजपा, लोकसभा में मुकाम दिखा रही है। शिमला से सुरेश कश्यप पर भरोसा जताने के बावजूद मंडी का जौहर दिखाने में भाजपा की सियासी किफायत और कांगड़ा की दौड़ में हिम्मत दिखाने की कंजूसी अभी सूची से बाहर नहीं आई, लेकिन पार्टी का जलवा इस बार हमीरपुर संसदीय सीट के सामने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के प्रभुत्व की मांद में जरूर नई कहानी लिखना चाहेगा। प्रदेश के विधानसभा चुनाव में एकतरफा जीत के दो शंखनाद हुए थे, तो मंडी में भाजपा का वर्चस्व लोकसभा चुनाव की तासीर में पूर्व सरकार की छवि की पहरेदारी में क्या नया हासिल करता है, यह देखना होगा। यहां पूर्व मुख्यमंत्री जयराम की छत्रछाया में कोई नया नाम, कोई नया दांव, अपनी परख के हथौड़े की तरह टन-टन कर रहा है, तो कांगड़ा में भाजपा की सूची उस शोहरत से मुकाबिल है जहां वर्तमान सांसद किशन कपूर ने सात लाख से अधिक वोट जुटा कर ऐतिहासिक काम किया था। लोकसभा चुनाव की पात्रता में विधानसभा चुनाव की दक्षता का ईनाम क्या होगा, इसका फैसला कांग्रेस को भी कांगड़ा में करना है। सुक्खू सरकार के गठन और सत्ता के संगठन में दस विधायकों की जुंबिश लगा कांगड़ा के जिस आधार ने भाजपा को निराधार किया था, उसके आश्रालय में संसदीय चुनाव की अनुगूंज चंबा तक आंखें खोल कर देख रही है। जिला से कुल दो मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, चंद कैबिनेट रैंक और कुछ नियुक्तियों की पैमाइश के बूते कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस का शीर्षासन इसलिए भी देखा जाएगा, क्योंकि सुधीर शर्मा जैसे चेहरे को दरकिनार करके पार्टी अपने वजूद की नई पैरवी कर रही है। यहां से सत्ता के पाले में जितने पद भरे हैं, उनमें से शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया का रुतबा अब हाथों में व्हिप लेकर अपनी मंजिलें बता रहा है। तमाम नियुक्तियों और तरह-तरह के पदभारों से सुसज्जित चेहरों के बीच केवल केवल सिंह पठानिया क्यों लोकसभा चुनाव से पूर्व अलग नजर आने लगे हैं, यह बदली कांगड़ा की सियासत में सरकार के खास नजर आने लगे हैं। केवल सिंह का गैर परिवारवाद तथा कभी कांगड़ा की ललकार रहे मेजर विजय सिंह मनकोटिया के व्यूह चक्र से निकल कर मुख्य सचेतक तक पहुंचना, वीरभद्र सिंह की आभा में चलती रही पार्टी की नई प्रतिभा है। कांग्रेस बदल रही है और बदल रहा है इसकी आभा का केंद्र। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस महज सत्ता नहीं सत्ता का नया पौधारोपण भी है। इस लिहाज से यह सरकार, सरकार के मुखिया तथा उपमुख्यमंत्री की सबसे बड़ी परीक्षा का द्वार भी है। सरकार इसी संसदीय सीट से पार्टी व दो सहयोगी निर्दलीयों समेत पांच विधायकों को बाहर का रास्ता दिखा कर अपना रास्ता साफ करती हुई दिखाई दी है, लेकिन अपने कांटों के बाहर भाजपा के साम्राज्य की दीवारों पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हस्ताक्षर स्पष्ट हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, शुक्रवार, 22 फरवरी 2024| पेज 7

संक्षिप्त खबरें

कॉफी हाउस दुकान का किया गया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता
गिद्धौर : प्रखंड मुख्यालय के मैन चौक बैंक ऑफ़ इंडिया के बगल में स्थित कॉफी हाउस के संचालक मोज़्ज़ारिस ने एक अन्य दुकान कटकमसांडी मैन चौक में संचालन किया है जिसका उदघाटन फीता काटकर कटकमसांडी थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर संचालक के साथ अन्य उपस्थित थे।

शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने की अपील की

प्रभात मंत्र संवाददाता
कुन्दा : गुरुवार को होली पर्व मनाने को लेकर अंचल अधिकारी शम्भू राम की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।वही कार्यक्रम का संचालन थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद ने किया।शांति समिति की बैठक में सीओ शम्भू राम व प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार ने सभी प्रखंड वासियों को आपसी भाईचारा व सौहार्द वातावरण में पर्व मनाने के साथ- साथ उन्होंने डीजे साउंड मे उच्च ध्वनि न बजाने व मटका फोड़ कार्यक्रम की अधिक ऊंचाई ना रखने का निर्देश दिया।वही थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद ने बताया की पर्व में हुड़दंग करने वाले को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।साथ ही उन्होंने आम जनों को अफवाहों से दूर रहते हुए पर्व में विधि व्यवस्था में त्रुटि होने पर सूचना देने को कहा है। वही पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने क्षेत्र में पर्व को लेकर विधि व्यवस्था में अपना सहयोग करने की बात कही है।वही सीओ ने बताया की होली पर्व पर क्षेत्र को ड्राई जोन में रखा जाएगा।शांति समिति की आयोजित बैठक में कई प्रबुद्ध जनों ने भी पर्व मे विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अपना अपना विचार प्रस्तुत किया व पर्व में अश्लील गाना न बजाने को लेकर आमजनो से अपील किया। शांति समिति की आयोजित बैठक के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया होली मिलन समारोह में आपसी भाईचारे को बनाकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया गया। आयोजित बैठक में मुखिया मनोज कुमार साहू, समाजसेवी जयराम भारती, मुखिया भरत यादव, समाजसेवी विनोद साव, अखिलेश प्रसाद यादव, एसआई शिवा यादव, एएसआई मदन सिंह, जयकुमार सिंह, लवकुश कुमार गुप्ता समेत कई राजनीतिक दल के नेता, कार्यकर्ता व प्रबुद्ध जन शामिल हुए।

गाली गलौज और मारपीट को लेकर भुक्तभोगी ने शिक्षक सिधेश्वर सिह के विरुध्द कार्रवाई की मांग की है



प्रभात मंत्र संवाददाता
सिमरिया : थाना क्षेत्र के इचाक गांव निवासी सरिता देवी, पति उदय सिंह ने राजकीय बुनियादी विद्यालय सिमरिया के प्रधानाध्यापक सिधेश्वर सिह पर मारपीट एवं गाली गलौज करते हुए आँचल खिंच लेने एवं विद्यालय का ताला लगाने का मामले को लेकर सिमरिया थाना में लिखित आवेदन दी है। आवेदन में कही है कि मेरा पुत्र आर्यन राजकीय बुनियादी विद्यालय में पढ़ता है। कुछ दिन के लिए नानी घर चला गया था। और पुनः आकर विद्यालय में टेस्ट परीक्षा भी लिखा है। प्रधानाध्यापक सिधेश्वर सिह बीते दिन मुझे फोन कर कहा कि अपना पुत्र आर्यन को रजिस्ट्रेशन कराना है तो अविलंब विद्यालय में रुपये लेकर आइए। मैं फोन पर बुलाए गए बातों पर आनन फानन में कर्ज महाजन कर विद्यालय पहुंची ।जहां शिक्षक सिधेश्वर सिह को 5 हजार दे दी ।बाकी बोली कि अभी आप रजिस्ट्रेशन कर दीजिए बाद में पुनः खोज कर बाकी के 5 हजार रुपये दे दूंगी। कुछ दिन के बाद पुनः 5 हजार रुपये की मांग करने लगे। मैं देने से असमर्थ रही। बीते दिन सभी बच्चे को एडमिट कार्ड मैट्रिक बोर्ड के लिए आने पर मेरा पुत्र का एडमिट कार्ड नहीं आया। इसे लेकर मैं आज विद्यालय अपने सहेली के साथ पहुंची और शिक्षक सिधेश्वर सिह से एडमिट कार्ड नहीं आने का कारण पूछी तो इतने में मेरे साथ अभद्र अभद्र गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और मेरा साड़ी का आँचल खिंचते हुए अपने ऑफिस में ले गया साथ हीं विद्यालय का मेन गेट बंद करते हुए मेरा मोबाइल छीन लिया। इस तरह उक्त शिक्षक द्वारा मेरा पुत्र आर्यन का एक वर्ष के लिए भविष्य खराब कर दिया है। एडमिट नहीं आने के कारण मेरा पुत्र आज भी सदमें है। जिसे लेकर भुक्तभोगी ने उक्त शिक्षक सिधेश्वर सिह पर कानूनी करवाई की मांग करते हुए कही है कि किसी और के पुत्र को रुपये को लेकर जिंदगी खराब ना कर सके।

बिएलओ सुपरवाइजर के साथ बीडीओ ने किया बैठक दिए कई जानकारी

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड कार्यालय सभागार में बृहस्पतिवार को बीडीओ राहुल देव ने बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ बैठक किया। जहां कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया एवं बतलाया गया कि बूथ अवर्णेश ग्रुप के सदस्यों के साथ बैठक करना है। और बीडीओ ने बताया की लोकसभा चुनाव 2024 से संबंधित चुनाव में मतदान को लेकर कई जानकारी दिया। साथ ही सभी बूथों पर पानी, बिजली, शौचालय, रैम्प सहित सभी सुविधाओं का विस्तृत जानकारी दिया। प्रखंड में मतदान शत प्रतिशत कराने को लेकर सभी कर्मियों को मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक करने की बात कही। बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह,पंचायती राज पदाधिकारी दिगम्बर पांडेय, उज्वल सिंह, बिएलओ सुनैना देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

अबुआ आवास को लेकर प्रखंड से जिला तक भुक्तभोगी लगा रही है चक्कर, नहीं मिला अब तक स्वीकृति

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ह्वारी गांव के देवा साव की पत्नी दुलो देवी ने अबुआ आवास को लेकर उपविकास आयुक्त पवन कुमार मंडल को आवेदन दिया। आवेदन में कहा गया कि यह में अत्यंत गरीब परिवार से है।अबुआ आवास की सूची में 40 नम्बर पर स्थान प्राप्त है। जबकि सूची में 45 वें नम्बर वाले को अबुआ आवास लाभुक का प्रथम क़िस्त भुगतान हो गया है। बिचौलिया के वजह से मेरा आवास का प्रथम क़िस्त की राशि नही भेजा गया है।इस क्रम संख्या में 40,41,42,43 क्रमांक के लाभुकों को आवास से वंचित रखा गया है। जांच कर अबुआ आवास का लाभ देने की बात कही।लाभुक ने यह भी लिखा है। कि पंचायत सचिव के द्वारा जिओ टेग भी किया गया है।इस संबंध में मुखिया से पूछा गया तो बताइए की अबुआ आवास में मुखिया का कहीं कोई रोल नहीं है।इसका सारा कार्य भार पंचायत सचिव एवं उच्च अधिकारी के हाथों में है।वही पंचायत सचिव ने बताया कि दूलो देवी का रजिस्ट्रेशन किया गया है।परन्तु जिला से क्रम संख्या को छोड़कर 45 वें क्रम संख्या का प्रथम क़िस्त की राशि का भुगतान किया है। हालांकि अगले टारगेट में दूलो देवी का आवास दिए जाने की बात कही।

होली को लेकर पत्थलगड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता
पत्थलगड़ा : थाना परिसर में बृहस्पतिवार को होली त्योहार को लेकर दोनों समुदाय के बीच शांति बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक थाना प्रभारी आलोक रंजन की अध्यक्षता में किया गया।एवं संचालन एसआई अरविंद दास ने किया। बैठक में थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को आचार संहिता को मद्देनजर श्र रखते हुवे किसी भी प्रकार का सोशल मीडिया से जुड़ी अफवाहो पर ध्यान नहीं देने की बात कही है।वही किसी भी भड़काऊ मैसेज को आगे शेयर न करे ताकि शांति व्यवस्था में किसी तरह विघ्न पैदा न हो। उन्होंने कहा की कहीं अगर किन्ही को भड़काऊ शब्द या नशे में लड़ाई- झगड़ा करते देखते हैं सुनते हैं तो प्रशासन को सूचना करने की बात कही है। बिना विचारे कोई भी मैसेज को अपने रुप में फॉरवर्ड ना करें। प्रशासन की पैनी नजर व्हाट्सएप फेसबुक ट्विटर इंस्टाग्राम जैसे सभी सोशल ऐप पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बैठक में उपस्थित बरवाडीह पंचायत मुखीया संघ अध्यक्ष संदीप कुमार सुमन, नवाडीह पंचायत पूर्व मुखिया मेघन दांगी, सिंघानी पंचायत मुखिया राधिका देवी, नोनगांव पंचायत मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, जिला परिषद भगत जी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सतीस कुमार, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विकास यादव, एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

10 लाख के फिरौती मांगने वाला राजकुमार सुमन्त गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता
सिमरिया : 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाला युवक राजकुमार सुमन्त को सिमरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। मामले की प्रेस वार्ता कर सिमरिया एसडीपीओ अजय केशरी ने पत्रकारों को बताया कि सिमरिया थाना क्षेत्र के तपसा गांव निवासी स्व. मुकेश गिरी के पुत्र राज कुमार सुमन्त बीते 14 मार्च को सिमरिया निवासी सवेंदक जय प्रकाश सिंह को टीएसपीसी संगठन के पहाड़िया गंझू के नाम से फोन किया और कहा कि आपका सड़क निर्माण रोल से पत्थलगड़ा तक चल रहा है। आपको 10 लाख रुपये लेवी देना होगा। जिसे लेकर सवेंदक जय प्रकाश सिंह द्वारा लिखित शिकायत सिमरिया पुलिस को किया गया था। सिमरिया पुलिस ने प्राथमिक दर्ज करते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए आरक्षी अधीक्षक चतरा के आदेशानुसार एक छापेमारी टीम गठित की गई। जिसका नेतृत्व एसडीपीओ अजय कुमार ने किया। अनुसंधान के क्रम में तकनीकी शाखा के मदद से जानकारी मिली कि आरोपीतपसा निवासी राजकुमार सुमन्त द्वारा फर्जी सिम का उपयोग किया जा रहा है। जांच के दौरान गुप्त सूचना पर 20 मार्च को गोनिया पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। गिरफ्तार राजकुमार को सिमरिया काण्ड संख्या 43/24 धारा 387,506 के तहत जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का पुराना इतिहास रहा है कि टंडवा काण्ड संख्या 11/21 के धारा 387भादवी 17 सीएलए एक्ट के तहत जेल जा चुका है।

दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): पुलिस ने गुरूवार को छापेमारी अभियान चलाकर दो स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार वारंटी थाना क्षेत्र के नन्दई गांव निवासी मुनारिक यादव एवं लिसा गांव निवासी संजय पासवान है। दोनो को मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में प्रशिक्षु आईपीएस शुभम खन्डेलवाल ने बताया कि प्रतापपुर थाना कांड संख्या 26/98 में मुनारिक यादव एवं कांड संख्या 27/03 में संजय पासवान स्थायी वारंटी है कोर्ट से बार-बार नोटिस मिलने के बाद उन्हे स्थायी वारंटी घोषित कर दिया है। आगे कहा कि प्रतापपुर थाना के कांड में सभी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।छापेमारी टीम में एसआई कासिम अंसारी, सअनि बिरेन्द्र तिवारी समेत जिला बल के जवान शामिल थे।

आदिम जनजाति परिवार को खाद्यान्न के लिए करना होगा इंतजार

प्रभात मंत्र संवाददाता
बरवाडीह : प्रखंड में पीवीटीजी परिवार के लगभग 1200 कार्डधारी है जिन्हें मार्च माह का खाद्यान्न आवंटन होने के बावजूद अबतक उपलब्ध नहीं कराया गया है सरकार के फरमान पर लापरवाही किसकी। इससे पहले कि उन्हें हर माह समय से उनके घर तक खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया। इस संबंध में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद रवि ने बताया कि खाद्यान्न पैकिंग के लिए बोरे नहीं रहने की वजह से खाद्यान्न उपलब्ध कराने में देर हो रही है। उन्होंने बताया कि लगभग 1200 प्लास्टिक बोरे की मांग की गई है पूर्ति होते ही पैकिंग का काम शुरू हो जाएगा। बताया जा रहा है कि बोरे की आपूर्ति के लिए उसका संवेदक जिम्मेदार है या फिर किसकी है जवाबदेही सरकार का या विभाग की। सरकार का फरमान है कि 31 मार्च तक माह मार्च और माह अप्रैल के खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित किया जाए। मगर सरकार के चहेते आदिम जनजाति परिवार जिनके होली के रंग फीके पड़ने वाले हैं जिन्हें खाद्यान्न के लिए अभी करना होगा और इंतजार, संभावना जताई जा रही है कि उन्हें अगले माह खाद्यान्न उपलब्ध कराई जाएगी। बताते चलें कि आदिम जनजाति परिवार का खाद्यान्न ऑफलाइन वितरण किया जाता है।

नेतरहाट आदिम जनजाति के घरों में एक लाख पौधे लगाना हमारा लक्ष्य : मनीष कुमार

संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र
लातेहार : नेतरहाट आवासीय विद्यालय से पास आउट मनीष कुमार वन, जल व प्रकृति का संरक्षण करने के मूलमंत्र लेकर झारखंड के सभी जिला में जीवन यात्रा करेगें। उन्होंने लातेहार जिला से इसकी शुरूआत की है। मूलतः गुमला के विशुनपुर प्रखंड के रहने वाले हैं।नेतरहाट से उनका गहरा लगाव है। स्कूल से निकलने के बाद मनीष ने दिल्ली में एक स्वयंसेवी संस्था विकिरण की स्थापना की, उन्होंने संस्था के माध्यम से नेतरहाट के आदिम जनजाति समुदाय के लोगों के लिए काम करना शुरू किया। विशेष बातचीत के दौरान मनीष ने बताया कि नेतरहाट एवं आसपास के इलाकों को उन्होंने अपनी कर्मभूमि के रूप में चुना है। इन इलाकों में असुर और बिरिजिया जैसी आदिम जनजातियां निवास कर रही है। कमोबेशी खेती और जंगलों से मिलने वाले फल वगैरह ही इनके आजीविका का साधन है। इन परिवारों की आय के दूसरे स्रोत बनाना बहुत जरूरी है इसी दिशा में

पहल करते हुए संस्था के द्वारा पिछले वर्ष नेतरहाट के ताहिर और बटुआटोली गांव में 850 फलदार पौधे लगाये मनीष ने बताया कि हमारा अगला लक्ष्य है नेतरहाट के आदिम जनजातीय घरों में एक लाख फलदार पौधे लगाना। इनमें आम, लीची, नाशपाती, अमरूद, पपीता, नींबू, आंवला और बेर के पेड़ शामिल होंगे। इन फलों के उत्पादन से इन परिवारों की वार्षिक आय में काफी वृद्धि होगी।इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए मनीष जीवन यात्रा अभियान में निकले हैं।जीवन यात्रा के दौरान वे झारखंड के सभी जिलों के कम से कम 50 शहरों में जनसंपर्क करेंगे। डीएफओ से मुलाकात की अपने यात्रा के दौरान मनीष कुमार ने वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार से मुलाकात की। उन्होंने डीएफओ को अपनी संस्था के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि संस्था वन, जल व प्रकृति संरक्षण के लिए कार्य कर रही है इस पर डीएफओ काफी प्रभावित हुए उन्होंने मनीष कुमार एवं उनकी संस्था को हर संभव मदद करने की बात कही।

नामुदाग निवासी मंदीप प्रसाद की बाइक दुर्घटना में हुई मौत

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता): मनिका प्रखंड क्षेत्र के नामुदाग निवासी मंदीप प्रसाद की गुरुवार को गढ़वा में बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। आपको बताते चलें की मंदीप प्रसाद गढ़वा में रहकर प्राइवेट कंपनी कैश पार में काम करता था प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदीप प्रसाद कंपनी के कार्य को लेकर बाइक से फील्ड में निकला हुआ था इसी दौरान बाइक में किसी वाहन ने धक्का मार दी जिसके कारण बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। और मंदीप प्रसाद की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है एवं मनिका प्रखंड क्षेत्र के लोगों में दुख का माहौल व्याप्त है। आपको बताते चलें कि मनदीप प्रसाद घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था इनके दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं।

तेज रफ्तार बाइक ने दो स्कूली छात्रा को रौंदा, गंभीर

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता): मनिका प्रखंड क्षेत्र के लाली मोड़ के समीप दिन गुरुवार की सुबह तेज रफ्तार बाइक ने विद्यालय जा रही दो स्कूली छात्रा अनुपम कुमारी पिता संतोष उरांव उम्र लगभग 8 वर्ष चांदनी कुमारी पिता अखिलेश उरांव उम्र लगभग 9 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायल छात्रा को परिजनों ने अपने निजी वाहन से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया गया जहां पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिव्या क्षितिज कुजूर के द्वारा दोनों घायल छात्रा का इलाज की गई गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों घायल छात्रा को लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना का सूचना पाकर मनिका थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने पुलिस बल के जवान को घटनास्थल पर भेजा और घटना कैसे घटी इसके बारे में पुलिस प्रशासन के द्वारा छानबीन की जा रही है। हालांकि पुलिस प्रशासन के द्वारा दुर्घटना ग्रस्त बाइक को जप्त कर ली गई है।

भरदुआ बंदूक के साथ युवक गिरफ्तार

महुआडांड़ (लातेहार)(प्रभात मंत्र संवाददाता): महुआडांड़ एवं बारेसाढ़ थाना द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्राम दौना से एक भरठुआ बंदूक एवं अन्य बंदूकों के गोली के खोखे व गन पाउडर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर महुआडांड़ थाना लाया गया। महुआडांड़ थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि बारेसाढ़ थाना एवं महुआडांड़ थाना के द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्राम दौना में पुलिस बल की गश्ती टीम पहुंचीं, जहां पुलिस गाड़ी को देखकर आरोपित युवक जोहन ब्रिजिया पिता सीमोन बिरजिया के द्वारा फायरिंग की गई। जिसके बाद पुलिस की टीम के द्वारा घटनास्थल पर पूछताछ किया गया। वही पूछताछ के बाद युवक जोहन ब्रिजिया पिता सीमोन बिरजिया द्वारा भरठुआ बंदूक से फायर करने की बात सामने आई, जिस पर तालाशी के दौरान अन्य बंदूकों के गोली के खोखे व गन पाउडर भी बरामद हुए। जिसके बाद पुलिस बल के द्वारा दो युवकों नेमा ब्रिजिया पिता स्वर्गीय चिमकू बिरजिया एवं जोहन ब्रिजिया पिता सीमोन ब्रिजिया को पुछताछ के लिए महुआडांड़ थाना लाया गया। जहां पुछताछ के बाद नेमा ब्रिजिया को छोड़ दिया गया।वही गिरफ्तारी के बाद आरोपीतों के स्वजनों एवं दर्जनों ग्रामीणों के द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में महुआडांड़ थाने का घेराव किया गया।

होली को लेकर सदर थाना में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

असामाजिक तत्वों पर रखी जाएगी कड़ी नजर : एसडीपीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता
लातेहार : होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर गुरुवार को एसडीपीओ अरविंद कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक लातेहार थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी लोगों का परिचय प्राप्त कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी देवाशिष टोप्पो, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा कार्यपालक प्रशासक पदाधिकारी राजीव रंजन उपस्थित थे। बैठक में होली के त्योहार को शांतिपूर्वक और भाईचारगी के साथ मानने की अपील की गई। इस दौरान एसडीपीओ अरविंद कुमार ने कहा कि होली परस्पर भाईचारगी का त्योहार है।इसको शांति पूर्ण तरीके से मनाएं। अगर होली के त्योहार को किसी उपद्रवियों के द्वारा भंग करने का प्रयास किया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो और बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि होली में असामाजिक तत्वों पर खास नजर रहेगी। होली के त्योहार में हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई करने की बात कही।साथ ही आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने की अपील की।उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर धारा 144 लागू है। उन्होंने भ्रामक और अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की। नगर प्रशासक राजीव रंजन ने कहा कि होली के मौके पर सावधानी आवश्यक है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि सोशल मीडिया पर साइबर सेल के द्वारा नजर रखी जायेगी। किसी भी धार्मिक स्थलों के पास ऐसा कोई काम नहीं करें जिससे किसी समुदाय की आस्था आहत होती हो। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने हर एक दुसरे को अबीर गुलाल लगायी गई। थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा के द्वारा होली कि शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम संपन्न की गई। मौके पर आसीम बाग, उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद,कन्हाई पासवान, ललित पांडेय, हरिओम प्रसाद, रणधीर कुमार, पूर्व मुखिया रामेश्वर सिंह, अयोध्या प्रसाद जायसवाल, मनोज कुमार गुप्ता, मनोज प्रसाद, निजाम अख्तर, मो आशिफ, रामदयाल उरांव, शंभू प्रसाद आदि उपस्थित थे।

संत जेवियर महाविद्यालय महुआडांड़ में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता
महुआडांड़ (लातेहार) : महुआडांड़ प्रखंड स्थित संत जेवियर महाविद्यालय में दिन गुरुवार को वाद विवाद कार्यक्रम एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में AISECT विश्वविद्यालय हजारीबाग के सहायक शिक्षकों और छात्र-छात्राओं एवं संत जेवियर महाविद्यालय के सहायक शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के बीच अपने-अपने ज्ञान और अनुभव का आदान-प्रदान किया गया जिसमें संत जेवियर महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉक्टर एम के जोश ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए शिक्षा के महत्व बताते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने को प्रेरित किया, जिससे उनका ज्ञान और बढ़े और उनमें तर्क करने की क्षमता का विकास हो। कॉलेज के डिन ऑफ साइंस डॉक्टर दिवाकर निराला ने अपने विश्वविद्यालय के अनुभव और ज्ञान छात्र-छात्राओं के बीच साझा किया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं के बीच कविता और भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रियंका टोप्पो, द्वितीय अनुकंपा मिंज और तृतीय रोशनी टोप्पो का नाम घोषित किया गया, वहीं भाषण प्रतियोगिता के लिए प्रथम स्थान पर निशा नगेसिया द्वितीय शालू कुजुर एवं तृतीय स्थान अनुकंपा मिंज ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के उप प्राचार्या सिस्टर केसलीन जूलियट, सहायक प्रध्यापक मुकेश कुमार साहू, सविता कुमारी, राहुल कुमार, सुप्रियो रानी , अजय कुमार साहू, खुर्शीद आलम, समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ प्रखंड कार्यालय की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने किया आयोजित रैली में प्रखंड कर्मी एवं ग्रामीण शामिल हुए ।रैली प्रखंड कार्यालय परिसर से निकलकर बालूमाथ शहीद चौक होते हुए पुनः प्रखंड कार्यालय पहुंचा। रैली में शामिल लोगों ने हाथों में बैनर एवं पोस्टर टांग रखा हुआ था। जिसमें विभिन्न स्लोगन लिखा हुआ था। जैसे निष्पक्ष एवं प्रलोभन मुक्त चुनाव हर नागरिक की जिम्मेवारी सहित कई स्लोगन शामिल था। मौके पर बोलते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए स्वीप मतदाता जागरूकता का आयोजन किया गया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
हजारीबाग
रांची, शुक्रवार, 22 मार्च 2024| पेज 08

चोपदार बलिया में बिजली विभाग ने 30 बकायदारों की बिजली काटी



प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : कनीय अभियंता प्रभास कुमार के निर्देश पर बड़कागांव प्रखंड के चौपदार बलिया गांव में बिजली बिल बकायदाओं के खिलाफ विभाग के द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान में कूल 30 बिजली उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिजली कनेक्शन काट दी गई है। बिजली विभाग के कनीय अभियंता प्रभास कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जिनका भी बिजली कनेक्शन काटा गया है वे जल्द से जल्द बकाया बिजली बिल जमा कर दें। बकाया बिजली बिल जमा करने के उपरांत हीं आप बिजली जला सकते हैं। अन्यथा पकड़े जाने पर केस दर्ज किया जाएगा। वैसे उपभोक्ता जिनका 3000 से अधिक घरेलू एवं 6000 से अधिक दुकानदार की बकाया बिजली बिल है वें जल्द से जल्द बिजली बिल जमा कर दें। छापामारी अभियान में मुख्य रूप से नरसिंह सोनी, अजय कुमार, टिकेश्वर कुमार, राज मुंडा, प्रकाश प्रजापति के अलावा अन्य उपस्थित थे।

प्रमंडलीय आयुक्त ने की आगामी लोकसभा चुनाव के लिए वाहनों की आवश्यकता संबंधित बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर वाहनों की आवश्यकता के संबंध में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय कक्ष में गुरुवार को आहूत की गई बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले जिलों में मतदान के दिन आवागमन के लिए निमित्त वाहनों की आवश्यकता एवं अन्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निबंधित रामगढ़, धनबाद, चतरा, गिरिडीह हजारीबाग, कोडरमा एवं बोकारो के जिला परिवहन पदाधिकारियों ने अपने जिले में वर्तमान में उपस्थित विभिन्न प्रकार के कुल वाहनों की संख्या से आयुक्त को अवगत कराया। साथ ही 2019 में कुल कितने वाहनों की उपलब्धता थी और आवागमन हेतु कितने वाहनों का आवश्यकतानुसार उपयोग किया गया इसकी जानकारी आयुक्त महोदया के समक्ष साझा की गई। बैठक के दौरान श्रीमती किस्पोट्टा ने उपस्थित अधिकारियों से जानकारी ली कि वर्तमान में कितने बस, टैक्सी, बोलेरो, स्कॉर्पियो, सवारी एवं मैजिक संग विभिन्न श्रेणी के वाहनों की उपलब्धता किन जिलों में आवश्यकतानुसार है या अधिक हैं और किन जिलों में आवश्यकता से कम है। इस दौरान गिरिडीह,धनबाद एवं चतरा के पदाधिकारी ने अवगत कराया की उनके पास वाहनों की संख्या आवश्यकता से कम है। जिसमें श्रीमती किस्पोट्टा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिस जिले में आवश्यकता से अधिक वाहन हैं उनके साथ आपस में समन्वय स्थापित कर वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर इसकी सूची आयुक्त कार्यालय में उपलब्ध करवाई जाए। जिससे मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में विचार-विमर्श के दौरान कुछ समस्याएं भी सामने आई जिसका निराकरण करने हेतु राज्य निर्वाचन आयोग से अनुमोदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।बैठक में आयुक्त के सचिव श्री बासुदेव प्रसाद, सचिव-सह-उप परिवहन आयुक्त श्री संतोष कुमार गर्ग संग हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गिरिडीह, चतरा, धनबाद एवं रामगढ़ के जिला परिवहन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जीवन ज्योति हाई स्कूल करगालो के सभी विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : विष्णुगढ़ प्रखंड में स्थित जीवन ज्योति हाई स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल का परिणाम शत प्रतिशत रहा।अच्छे अंक लाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पदक एवं पुरस्कार से मुख्य अतिथि रहे पंचायत करगालो मुखिया मोतीलाल महतो एवं वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार पाठक के द्वारा सभी बच्चों को सम्मानित किया गया।विद्यालय प्रबंधक प्रकाश कुमार साव ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी ।इस मौके पर शिक्षक गण टहल ठाकुर ,शाही इमाम अली ,राहुल कुमार , पिंटू कुमार ,भोला सोनी ,सुरेश रविदास ,भुनेश्वर प्रसाद एवं शिक्षिकाएं सुमन देवी ,प्रभा देवी ,रीना देवी ,उमा देवी सरिता देवी एवं समाज छात्र छात्राएं उपस्थित थे ।

राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की हुई बैठक होली मिलन समारोह आज

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) : हजारीबाग में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू की अध्यक्षता में बुधवार को होली मिलन समारोह मनाने को लेकर बैठक की गई। जिसमें शुक्रवार को हजारीबाग रोड स्थित रुक्मणी भवन में दोपहर 1:00 बजे होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। होली मिलन समारोह में समाज के कई विशिष्ट लोगों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामविलास साहू, जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू, जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू, उदयनाथ साहू, विजय साहू, सुरेंद्र साहू, सहित अन्य गण मान्य लोग उपस्थित थे।

अवैध बालू लदे हाइवा ने चार बच्चे व एक महिला को मारा टक्कर

प्रभात मंत्र संवाददाता

टाटीझरिया : टाटीझरिया थाना क्षेत्र के खैरा गांव बरकट्ठा जाने वाले रास्ते कारी चट्टान स्कूल के समीप मैन रोड पर अवैध बालू लदे अज्ञात आइसर टिपर (हाइवा) बरकट्ठा के बराकर नदी से इचाक की ओर जा रही था। जो खैरा निवासी नंदनी कुमारी पिता संजय प्रसाद उम्र 13 वर्ष ,मानसी कुमारी पिता प्रकाश प्रसाद 10 वर्ष,लक्ष्मी कुमारी पिता नेहाल महतो ,रिया कुमारी प्रकाश प्रसाद ,महिला में पूजा देबी पति रंजित प्रसाद को सुबह लगभग 6:00 बजे मॉर्निंग वाक और सोच जाने के क्रम में तेज रफ्तार से आ रही आईसर हाइवा गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे किसी का सिर,पैर,कमर में गंभीर चोट लगी है। जिसे ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया। वही दो बच्चे की स्थिति गंभीर बताया जा रहा है ।घायलों को ग्रामीण और परिजनों के सहयोग से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। उक्त घटना की जानकारी ग्रामीणों ने टाटीझरिया पुलिस को दिया वही उन्होंने यह भी कहा की इसी रास्ते बिना नंबर पलेट के ट्रेक्टर आइसर टिप्पर परसबाद के बराकर नदी से बालू की उठाव कर तेज रफ्तार में आवागमन होते रहता है। इन वाहनों के तेज रफ्तार और गाड़ी के त्रिव लाइट से लोगो में भय व्याप्त है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि पुलिस प्रशासन को कई बार मामले की जानकारी दिया गया लेकिन आवैध बालू की तस्करी पर अब तक अंकुश नही लगाया जा रहा है। क्षेत्रीय थाना में पुलिस प्रशासन को घटना की जानकारी तो दी जाती है लेकिन प्रशासन चुप्पी साधते हुए घंटो देर बाद घटना स्थल पर पहुंचती है।

शत प्रतिशत रहा ऑक्सफोर्ड अकादमी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड के ग्राम बादम में अंग्रेजी माध्यम से संचालित ऑक्सफोर्ड अकादमी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें शत प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की। 79 प्रतिशत अंक के साथ नफीसा प्रवीण विद्यालय टॉप रही वहीं 74.8 अंक के साथ सिद्दिका दूसरे, 73.2 अंक के साथ मोहम्मद ताहा तीसरे एवं 72.2 अंको के साथ अंकित कुमार चौथे स्थान पर रहे। प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को ट्रॉफी और मेडल दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मो अब्दुल रहमान ने कहा के जो बच्चे स्थान नहीं ला सके वो उन बच्चों से प्रेरणा ले जो विद्यालय में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान पर रहे और आज उन बच्चों को सम्मानित किया गया है। साथ ही उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर शिक्षिका यासमीन सबा, मोनिका कुमारी, तराना प्रवीण सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

साहू समाज का होली मिलन समारोह आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही: बरही अनुमंडलीय साहू समाज का होली मिलन समारोह आज यानी शुक्रवार को साहू भवन चौपारण में होंगा। उक्त जानकारी बरही अनुमंडलीय साहू समाज के अध्यक्ष अमित साहू ने दिया। उन्होंने कहा की 22 मार्च यानि शुक्रवार सुबह 10 से होली मिलन समारोह कार्यक्रम की शुरुआत हो जाएगी, जो संध्या 4:00 बजे तक चलेगी। इस अवसर पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। वहीं उन्होंने समाज के लोगों से भरी संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया।

झारखण्ड की सभी 14 लोकसभा सीट एनडीए के खाते में होगी : विकास राणा

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): स्थानीय भाग्यमणि विवाह भवन, मालवीय मार्ग, झण्डा चौक, हज़ारीबाग में आजसू पार्टी की नगर कमेटी के द्वारा वार्ड प्रभारी सम्मलेन आयोजित किया गया। इस वार्ड प्रभारी सम्मलेन की अध्यक्षता आजसू पार्टी के नगर अध्यक्ष आफ़ताब आलम ने किया तथा मंच संचालन सदर प्रखण्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि हज़ारीबाग विधानसभा क्षेत्र के संगठन प्रभारी नमन कुमार ठाकुर उपस्थित हुए तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा, केन्द्रीय सदस्य सह नगर के संगठन प्रभारी आनन्द सिंह, केन्द्रीय सचिव सिद्धार्थ शंकर राय उपस्थित हुए ।वार्ड प्रभारी सम्मलेन में हज़ारीबाग नगर निगम क्षेत्र के सभी 36 वार्ड से वार्ड प्रभारी उपस्थित हुए ।बैठक।में आजसू पार्टी के संगठन को सभी वार्ड में मजबूत करने पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि हज़ारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के संगठन प्रभारी नमन कुमार ठाकुर ने कहा कि आजसू पार्टी के संगठन को वार्ड स्तर पर मजबूत किया जायेगा। सभी कार्यकर्तृता आपस में सामंजस्य बनाकर संगठन का विस्तार करें। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा ने कहा कि आजसू पार्टी युवाओं की पार्टी है झारखण्ड के पूर्व उपमुख्यमन्त्री सह आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अगुवाई में झारखण्ड में एनडीए मजबूती के साथ सभी 14 लोकसभा सीट जीतेगी। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, महानगर अध्यक्ष आफ़ताब आलम, महानगर सचिव अविनाश कुमार पिंकू, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुहानी एक्का, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव, अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा, सदर प्रखण्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

फागुन एकादशी महोत्सव पर प्रभु श्री श्याम कीर्तन का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : प्रभु श्री श्याम की आराधना, पूजा अर्चना बुधवार को देर शाम देश के विभिन्न मंदिरों में कीर्तन उत्सव के साथ किया गया ।शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर मे बाबा श्याम का फागुन एकादशी महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। बाबा के भव्य दरबार में प्रभु श्री श्याम की अलौकिक तस्वीर को स्थापित की गई ज्योत के साथ बाबा की पूजा अर्चना किया गया इसके बाद भव्य भजन कीर्तन प्रारंभ हुआ स्थानीय श्याम भक्त त्रिलोक मुनका, जोनी अग्रवाल,शुभम रामरायका के साथ राष्ट्रीय स्तर के कलाकार सह सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने अपने अनेकों भजनों से देर रात तक श्याम प्रेमियों को जमकर झुमाया। फागुन एकादशी महोत्सव के भव्य कार्यक्रम के बीच हजारीबाग शहर से रांची श्याम मंदिर पदयात्रा कर जाने वाले दो श्याम प्रेमियों को श्याम भक्तों के द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें ऋषभ अग्रवाल और समीर शामिल है।

मिशन होस्पिटल में आयोजित तीन दिवसीय मेगा स्वास्थ्य मेला हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग। मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में आयोजित तीन दिवसीय मेगा स्वास्थ्य मेला दिन गुरूवार को संपन्न हुआ। इसमें निशुल्क ओपीडी परामर्श मरीजों को निशुल्क प्रदान किया गया। जिसमें अस्पताल के सामान्य चिकित्सा विभाग, जनरल सर्जरी विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, बाल रोग विभाग हड्डी रोग विभाग, नेत्र विभाग, ईएनटी विभाग एवं मैक्सिलोफेशियल विभाग के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक ने बहुमुल्य सेवाएं दी। निशुल्क ओपीडी परामर्श में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, आरबीएस एवं ईसीजी का जांच मुफ्त हुआ। पहला दिन 470, दुसरा दिन 520 एवं तिसरा दिन 510 जरूरतमंद व मरीजों का मुफ्त उपचार किया गया। जिसमें कुल 1500 से अधिक की संख्या में जरूरतमंद इलाज करवाकर मेगा स्वास्थ्य मेला का लाभ लिया। मेगा स्वास्थ्य मेला में मरीजों एवं जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज के साथ-साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श भी दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हजारीबाग में सबसे बड़ा मेगा स्वास्थ्य मेला के रूप में साबित हुआ है। समय-समय पर इस प्रकार का मेगा स्वास्थ्य मेला लगाया जाएगा। माध्यमिक परिवार एवं गरीब परीवार के कई लोगों ने अपना जांच करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ लिया। उन्होंने कहा कि हम सभी का मुख्य उदेश्य है कि इस प्रकार का स्वास्थ्य मेला के मदद से चिकित्सा के क्षेत्र में जरूरतमंद एवं मरीजों के आर्थिक संकट एवं परेशानियों को कम किया जा सके। मौके पर विशेष रूप से सामान्य चिकित्सा विभाग से डॉ जेके आर्य, डॉ हिमांशु भैया, डॉ आरके अग्रवाल, डॉ शिवम, जनरल सर्जरी विभाग से डॉ उत्कृष्ट कान्त, डॉ कौशर, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग से डॉ मधुबाला राणा, डॉ मेबल, डॉ मिताली, डॉ बिनीता, बाल रोग विभाग से डॉ रामलखन, डॉ बीरेंद्र कुमार, डॉ चितिज, डॉ समीर, हड्डी रोग विभाग डॉ संजीव हेम्ब्रोम, नेत्र विभाग से डॉ एएन सिंह, ईएनटी विभाग से डॉ किंकर दास, डॉ मधु, मैक्सिलोफेशियल/ दंत/ सौंदर्यशास्त्र विभाग से रिंकी यादव एवं नर्सिंग सुपरिटेण्डेन्ट नेहा दिवेदी सहित एडमिनिस्ट्रेशन, नर्सिंग टीम व अन्य कर्मियों ने अपनी बहुमुल्य सेवाएं दी।

बरही मल्लाह टोली बजरंग आखाड़ा शान क्लब रामनवमी पूजा समिति का किया पुर्नगठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : गुरुवार को प्राचीन शिवालय परिसर में शान क्लब बजरंग अखाड़ा गया रोड मल्लाह टोली रामनवमी पूजा समिति का पुनर्गठन को लेकर एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राजू निषाद व संतोष निषाद ने किया। वहीं संचालन रंजीत निषाद ने किया। बैठक में पूजा समिति के लोगों ने रामनवमी पूजा को शांति और सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया। वहीं सर्वसम्मति से प्रदीप निषाद उर्फ गुड्डु को पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। संरक्षक में राजू निषाद ,सुरेंद्र निषाद, शिवा निषाद,अजीत निषाद,गणेश निषाद,संतोष निषाद,राजेश निषाद,दिनेश निषाद, सुनील निषाद, अशोक निषाद विठ्ठल, दिलीप निषाद, रंजीत निषाद, उमेश निषाद, राधा निषाद, मनीष निषाद, सतीश निषाद, अशोक निषाद1, संजय माली,उदय निषाद पर सहमति बना। वहीं पूजा समिति का विस्तार कर सचिव महेंद्र निषाद, उपसचिव तरुण निषाद, उपाधयक्ष राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश निषाद, उप कोषाध्यक्ष बासुदेव निषाद, मंत्री सुदामा निषाद, उपमंत्री राजा मालाकार को बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी समिति सदस्य करण निषाद,बिट्टू निषाद, दीपू निषाद, सुजल निषाद, विकास केशरी, गोलू केशरी, गोलू निषाद, बंटी निषाद, राजा निषाद, कुंदन निषाद, रवि निषाद, विशाल निषाद, सूरज निषाद, छोटू माली, कुणाल निषाद, धौनी निषाद,शंकर निषाद,पिंटू माली, भरत निषाद बनाया गया।

मेगालिथ स्थल में इक्विनोक्स प्वाइंट से सुर्योदय का अद्भुत नजारा देखने पहुंचे दूर दराज से लोग

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता): पंकरी बरवाडीह स्थित विश्व प्रसिद्ध मेगालिथ स्थल के इक्विनोक्स प्वाइंट से खड़े दो पत्थरों के बीच से सुर्योदय के अद्भुत खगोलीय नजारा को देखने को मिला। गुरुवार अहले सुबह से ही सूर्योदय को देखने के लिए दूर दराज से लोग पहुंचे हुए थे। खगोलीय घटना के अद्भुत नजारा को बीआईटी मेसरा में अध्यापन करा रहे ऋचा शर्मा एंव बीआईटी मेसरा के जिज्ञासु छात्र -छात्राएं पहुंचे थे। इस मौके पर श्रीमति शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जो मैं जन्मों से देखना चाहती थी वो सपना आज इस स्थल से सुर्योदय के अद्भुत नजारे को देखकर पुरी हुई। आगे उन्होंने बताया मेरा मानना है कि यह एक इक्विनोक्स प्वाइंट है। कर्क और मकर रेखा पर 21 मार्च व 23 सितंबर को सुर्य की किरणें सीधी पड़ती है जिसके कारण समदिवारात्रि होता है। यह स्थल पुर्वजों के ऊन्नत और समृद्ध ज्ञान को भी दर्शाता है और इसका जीता जागता उदाहरण है कि उनका दिशा, समय और काल का पता उस जमाने सटीक लगा लेते थे जब कोई घड़ी, कैलेंडर या पंचांग नहीं हुआ करता था। ऐसे धरोहरों को संरक्षण करने की आवश्यकता है जो कि भावी पीढ़ी के लोग भी उनके इस ज्ञान को जान और समझ सकें। वहीं बाहर से आए लोगों ने कुछ दूरी पर स्थित पचपड़वा स्थित बौद्ध स्तूप भी देखा। इस मौके पर कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुरजीत घोष, रांची से आए डॉक्टर गोविंद शर्मा, पश्चिम बंगाल से कौशिक द, सरकार अर्पण द, अनुभव चौधरी आदि उपस्थित थे।

झारखंड पार्टी के हजारीबाग युवा जिला अध्यक्ष बने मुकेश कुमार मेहता

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग के रिंग्स एंड रोजेस होटल में गुरुवार को झारखंड पार्टी की जिला समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें झारखंड पार्टी हजारीबाग के युवा जिला अध्यक्ष के रूप में सदर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संजय कुमार मेहता को झारखंड पार्टी हजारीबाग जिला का युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। हजारीबाग सदर पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य मुकेश कुमार मेहता को युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रभारी सह भावी उम्मीदवार राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने कहा कि झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है जल, जंगल, जमीन की लड़ाई को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। झारखंड अलग राज्य के निर्माण में झारखंड पार्टी की अहम भूमिका रही है। झारखंड पार्टी हजारीबाग सहित पूरे झारखंड के विकास के लिए सतत प्रयास रत है। कहा कि झारखंड पार्टी स्थानीय और मूल निवासियों के हक अधिकार को दिलाने के लिए लोकसभा में अपना उम्मीदवार उतार रही है। जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा ने कहा कि हजारीबाग में संगठन को सशक्त और धारदार बनाने के लिए लगातार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है पार्टी की नीति एवं सिद्धांतों से प्रभावित होकर लोग झारखंड पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। झारखंड पार्टी का हजारीबाग में संगठन लगभग पूरा हो चुका है। महिला मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा सहित अन्य प्रकोष्ठ के जिला कमेटियों का गठन किया जा रहा है। बहुत जल्द सभी कमेटियों का घोषणा विधिवत किया जाएगा। इस मौके पर युवा अध्यक्ष के मनोनयन को लेकर मुकेश कुमार कुशवाहा ने कहा कि झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है। जंगल, जमीन को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है झारखंड पार्टी ने मुझ पर विश्वास कर जिस प्रकार से यह जिम्मेदारी सौंपी है हर संभव उसे निभाने का प्रयास करेंगे। संगठन को विस्तारित करने के लिए युवाओं को झारखंड पार्टी से जोड़कर झारखंड पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों के बारे में समझाएगे ताकि युवा वर्ग संगठन से जुड़कर सामाजिक सरोकार के तहत समस्याओं और जन मानस के साथ जुड़े रहें।

यज्ञ को लेकर महावीर मंदिर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : सांढ़-छपेरवा यज्ञ समिति के सौजन्य से महावीर मंदिर के प्रांगण में साफ- सफाई किया गया। इस दौरान ग्राम सांढ़ समाज के ग्राम अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया कार्तिक महतो एंव यज्ञ समिति अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास पड़ोस में गंदगी न रखें,अपने सहयोगियों के साथ अपने गांव मुहल्ले को हमेशा साफ सुथरा रखें। क्योंकिहमारे गांव में 30 मार्च को ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया जाएगा। इसके लिए तमाम ग्राम वासियों से अपने आसपास साफ स्वच्छ रखने का आग्रह किया। मौके पर ग्राम अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया कार्तिक महतो,यज्ञ समिति अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद, श्याम नंदन महतो, मीडिया प्रभारी पूर्व वार्ड सदस्य आनंद कुमार पासवान, निलेश कुमार , गुलाब राम, यज्ञ समिति उपाध्यक्ष अक्षय कुमार, नीतीश नागेश, रतन महतो, अरुण विश्वकर्मा, अमन कुमार ,गुड्डन राम, राम सेवक महतो, विनय कुमार, प्रहलाद कुमार ,मिथिलेश विश्वकर्मा ,रंजन कुमार रवि, प्रहलाद कुमार ,सुकुल महतो, राम लखन महतो, सुजीत कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

आईसेक्ट विश्वविद्यालय में शोध और प्रकाशन विषय पर वेबिनार का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग । आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग व आईक्यूएसी के सहयोग से तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में शोध और प्रकाशन विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य संरक्षक के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे व बतौर संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद वेबिनार में शामिल रहे। बता दें कि यह वेबिनार दरअसल प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं के साथ साथ शोधार्थियों के लिए विशेष तौर पर था। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि शोधार्थियों को प्रभावी ढंग से अनुसंधान करने के लिए जरूरी कौशल और क्षमता प्रदान करना ही इस वेबिनार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि शोध कार्य के बिना अध्यापक व विद्यार्थी का जीवन नीरस होता है। उन्होंने कहा कि शोधार्थियों को अपनी दृष्टि में यह जरूर रखना चाहिए कि उनका यह शोध कार्य समाज को क्या दे सकता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने शोध में गुणवत्ता के मापदंड बताए और शोध कार्य के लिए अनुदान प्रदान वाली महत्वपूर्ण संस्थाएं भी बताई। बतौर वक्ता इस वेबिनार में शामिल विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने विस्तार पूर्वक शोध से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य बताए और कहा कि हमेशा शोधार्थियों को शोध में निराधार या तथ्यहीन बात कहने से बचना चाहिए। उन्होंने शोध-पत्र लेखन की अहमियत से भी अवगत कराया। संचालन कॉमर्स विभाग एचओडी डॉ आलोक कुमार व धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग के एचओडी रितेश कुमार ने किया। वेबिनार को सफल बनाने में कार्यक्रम के सचिव व डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, रितेश कुमार, डॉ आलोक कुमार, डॉ बिनिता कुमारी, अजय कुमार वर्णवाल, पूजा सिंह, राजेश रंजन सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

एनपीएस अरगड्डा नीचे धौड़ा में रक्त जांच शिविर में 50 छात्रों का हुआ ग्रुप टेस्ट

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): अरगड्डा के नव प्राथमिक विद्यालय नीचे धौड़ा के प्रांगण में गुरुवार को छात्रों के लिए रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें करीब 50 बच्चों का ब्लड ग्रुप टेस्ट हुआ। बताया गया कि इससे बच्चों को भविष्य में अपने ब्लड ग्रुप की जानकारी संभव हो पाएगी। मौके पर प्रधानाध्यापिका सबिता कुमारी, शिक्षक रवि हांसदा,स्वास्थ्य कर्मी शैलेश कुमार, संयोजिका नसीमा खातून, रसोईया अनिता कुमारी, अरुणा कुमारी आदि उपस्थित थे।

23 को मजदूरो के मशीहा स्वर्गीय दिलीप यादव की पुण्यतिथि मनाई जाएगी, तैयारी पूरी

उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता): उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यलय में राकोमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव कि नेतृत्व में बैठक की गई। वहीं इस बैठक में आगामी 23 मार्च को उरीमारी के पुर्व समाजसेवी व कोयला मजदूरों के मशीहा स्वर्गीय दिलीप यादव की पुण्यतिथि मनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि पुण्यतिथि कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रबुद्धजन एवं गणमान्य लोग व जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, डा जीआर भगत, महादेव बेसरा,चरका करमाली,चन्दू जायसवाल, सतीश कुमार,भोला रविदास,जतरू बेसरा,दीपक कुमार यादव, सीबू ठाकुर, बालेश्वर प्रजापति, राजेश रजक, बिनोद प्रजापति, रविवार पावरीया, गणेश मोदी,सीगू मांझी, श्याम बेदिया आदि लोग मौजूद थे।

सीसीएल सिरका कोलियरी में ब्लास्टिंग मजदूर चक्कर खाकर गिर पड़ा

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): अरगड्डा क्षेत्र के सीसीएल परियोजना सिरका कोलयरी में गुरुवार सुबह लगभग 8 बजे को ब्लास्टिंग विभाग में कार्यरत केटेगरी दो मजदूर कैला मुंडा अचानक गिर पड़ा, जिसे आनन-फानन में सीसीएल नईसराय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज अभी जारी है, सूचना पर बिहार कोलयरी कामगार यूनियन(सीटू) के सिरका शाखा उपाध्यक्ष अशोक बेदिया मजदूर का हाल-चाल जानने के लिए पहुंचे, साथ ही बेहतर चिकित्सा के लिए प्रबंधन से मांग किया, बताया जाता है कि कामगार कैला मुंडा को एकाएक चक्कर आ गया, जिससे वे गिरकर बेहोश हो गये थे। चर्चा है कि बीते 13 मार्च से खुली खदान सिरका में भू-धसान के बाद इसके नीचे अंडरग्राउंड मांइस के मुहान से गैस, धुआ, आग का रिसाव हो रहा है, जिसके कारण ओपेन कास्ट में काम करने वाले कामगार प्रभावित हो रहे है।

गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया स्थल निरीक्षण, 6 हाईवा बालू जप्त

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ आशीष गंगवार के द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत सेवईयागढ़ा क्षेत्र में स्थल निरीक्षण किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा लगभग 6 हाईवा अवैध बालू का स्टॉक जप्त किया गया जिसके उपरांत मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

माल लदा ट्रक पुल में फंसा आवागमन घंटों हुआ बाधित

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): बरलंगा थाना क्षेत्र के गोला मुरी मार्ग स्थित नावाडीह पंचायत के जोगिया बाबा के निकट घसिया गाढ़ा नदी पुल पर एक ट्रक में ओवरलोड माल होने के कारण पुल की चढ़ाई पर चढ़ नहीं सका जिसके कारण पुल के बीचो-बीच वाहन फंस गई जिससे सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।दोनों ओर से आने जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई जिससे घंटों आवागमन बाधित हुआ। लोगों ने बड़ी मुशकत से किसी तरह से उक्त वाहन को हटाया गया तब जाकर जाम हटा। उक्त ट्रक में छड़ लदा हुआ था जो टाटा से रामगढ़ की ओर जा रहा था। इधर पुल की स्थिति जर्जर होने के साथ ही पुल संकीर्ण भी है जिससे आये दिन इस पुल पर इस तरह की समस्या देखने को मिलती है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

रामगढ़ : गुरुवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए।

पूर्व मध्य रेल
निविदा सूचना
विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना
विद्युत/क०वि० विभाग के लिये खुली निविदायें
मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है । ई निविदा सं.–TRD/OT/20/Remv-Span-23-24, क्र.सं. (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : "Dhanbad Division Removal of old type head span OHE at GMO, KTH, DHN and PEH station" कार्य समापन की अवधि – (12) बारह माह (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रूपया 3,63,89,387.75 निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/– (3) बीड सिक्युरिटि– रू० 3,32,000/– (4) ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि 12.04.2024 को 11.00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 12.04.2024 को 11.30 बजे। (5) वेबसाईट का विवरण: वेबसाईट www.ireps.gov.in. ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०/धनबाद
पीआर/2607/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/23-24/32

रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : होली के मद्देनजर रामगढ़ थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद एवं रामगढ़ अंचल अधिकारी (सीओ) सत्येंद्र पासवान रंगों के त्योहार होली को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने आम लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की तथा अफवाहों से दूर रहने एवं सोशल मीडिया में गलत खबरों को प्रसारित नहीं करने का आह्वान किया। रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने छोटी से छोटी बात से भी पुलिस को अवगत कराने की अपील करते हुए कहा कि ताकि माहौल को खराब होने से समय रहते बचाया जा सके।इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद रामगढ़ अंचलाधिकारी सत्येंद्र पासवान रामगढ़ पुलिस निरीक्षक साह थाना प्रभारी अजय कुमार साहू एवं रामगढ़ के गणमान्य व्यक्तियों में कमल बगड़िया धनंजय कुमार पुटूस आसिफ इकबाल अफरीदी हुसैन अकमल हुसैन जावेद खान के डी यादव जगतपाल सलीम खान अजमल हुसैन विकास शाह बबलू कुमार कुलदीप वर्मा संतोष कुमार गयास खान आकाश चंद्रा राजू मोहम्मद अब्बास अमन कुमार सिंह हरिंदर राम आदि उपस्थित थे।

रामगढ़ पार्षद ने बारलोंग एवं दोहकातू पंचायत में मृतक परिजनों को खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : रामगढ़ प्रखण्ड के बारलोंग पंचायत के अंतर्गत कुंदरु खुर्द सरना टोला निवासी स्व प्रीतलाल बेदिया के श्राद्ध कर्म के लिए रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो निर्देशानुशार शोकाकुल परिवार को खाद्य सामग्री का सहयोग करा कर स्व प्रीतलाल बेदिया के परिजन को खाद सामग्री चूड़ा,चावल,तेल दे कर सहयोग किए जबकि दोहकातू पंचायत बनखेता निवासी मृतक के परजनों को सहयोग राशि दे कर सहयोग करते हुए धनेश्वर महतो जिला परिषद सदस्य रामगढ़ सदर मौके पर उपस्थित दोहकातु पंचायत मुखिया कलावती देवी समाज सेवी वीना देवी पूर्व वार्ड सदस्य बालकिसुन दीपू बबलू राम आशा देवी प्रमिला देवी बाबूराम बेदिया दिवाकर मुंडा खिरोधर बेदिया रमेश बेदिया ब्रजेश बेदिया दिलीप बेदिया प्रेम, रामलाल, बले, सोनू, राहुल मिलिक एवम शोकाकुल परिवार उपस्थित थे।

गरसुल्ला में ग्यारहवा सरना झण्डागडी सह वर्षगांठ समारोह धूमधाम से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : गरसुल्ला पंचायत के सरना स्थल में बुधवार को राजी पड़हा सरना प्राथना सभा एवं सरना झण्डागडी सह वर्षगांठ समारोह धूमधाम से मनाया गया। वहीं इस सरना झण्डागडी समारोह में गांव के पाहन,पाइन,भोरा, कोटवार,मानकी मुंडा धरम अगुवा के सभी सरना धर्मलंबियो के द्वारा सरना झण्डा बदली एवं प्राथना सभा किया गया।वहीं अखड़ा में पुजा के उपरांत डाडी पुजन किया गया एवं इसके बाद गरसुल्ला के भजन मंडलो द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया व भजन तथा आशीश वचन वक्ताओं के द्वारा दिया गया। वहीं संध्या में सरना धर्मलंबियो के बीच पाहनों द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं इस झंडागडी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरना धर्म गुरु के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंधन तिग्गा रहे एवं विशिष्ट अतिथि में झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया, मालती बेदिया, भुनेश्वर बेदिया, राजेश मुंडा,शुकमनी मुंडा, सुदेश उरांव,लोहा पाहन,दशामी मुंडा, मुन्ना बेदिया, पन्नालाल मुर्मू,गुंजन मुंडा एवं कार्यकरणी सदस्यो में अध्यक्ष नरेश बेदिया,लखन बेदिया,सुनील बेदिया, राजकुमार बेदिया, सीतामुनी बेदिया, सीता बेदिया, मनीलाल बेदिया, आशा देवी, गोविंद उरांव, संरक्षक फूलचंद बेदिया,

निर्मल बेदिया, सुरेन्द्र पाहन,दशरथ बेदिया,विजय करमाली गोडाइत, रामबिलास गोप,राजी पड़हा के प्रभारी बबीता मुंडा,अनु मुंडा,किरण मुंडा,मुन्नू मुंडा,मीटका बेदिया, पिंकी मुंडा,आलमनी मुंडा, अनिता बेदिया,परनो उरांव, ललीता भुइयां, संजय मुंडा, गोविंद मुंडा,दीपक उरांव, जगरनाथ बेदिया, बालेश्वर बेदिया, राजेन्द्र बेदिया, राजेश बेदिया, बालमुकुंद बेदिया, धनश्याम बेदिया, उमेश बेदिया,अशोक बेदिया,राजू बेदिया,किनू बेदिया,मंटू बेदिया,देवनंद बेदिया, राजेश करमाली,विशुन करमाली,नन्दकिशोर बेदिया, महाबीर बेदिया, सुलेन्द्र बेदिया, कर्मवीर सिंह, निरंजन बेदिया, दिलेश्वर सिंह, नागेश्वर सिंह,बिरेन्द्र मुंडा, संतोष मुंडा, सागर बेदिया, रामनरेश सिंह, दिलीप बेदिया आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

नवसर्जित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सेंटर हेतु चयन ट्रायल प्रतियोगिता शुरु

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : मारकस हेमरोम, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ द्वारा बताया गया कि खेलकूद युवा कार्य निदेशालय झारखंड रांची द्वारा झारखण्ड खेल प्राधिकरण अंतर्गत प्रारंभ किए जा रहे छः नये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हेतु सत्र 2024 25 के लिए प्रतिभा सेंट्रल का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 21. 03.2024 से 23.03 2024 तक ट्रायल का स्थान-बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी रांची, खेल का नाम-फुटबॉल। दिनांक 27.03.2024 से 29.03 2024 तक ट्रायल का स्थान बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स धनबाद खेल का नाम-फुटबॉल। दिनांक 21. 03.2024 से 23.03 2024 तक ट्रायल का स्थान- मेगा स्पोर्ट्स

कॉप्लेक्स होटवार, रांची, खेल का नाम-कुश्ती।दिनांक 21. 03.2024 से 23.03 2024 तक ट्रायल का स्थान- मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होटवार रांची, खेल का नाम-बैडमिंटन। दिनांक 23. 03.2024 से 24.03 2024 तक ट्रायल का स्थान- चंदनकियारी बोकारो, खेल का नाम- एथलेटिक्स। दिनांक 21. 03.2024 से 23.03 2024 तक ट्रायल का स्थान- एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा, खेल का नाम-हॉकी। ट्रायल हेतु नियम प्रत्येक केंद्र में ऑफ एक्सीलेंस हेतु 25 बालक एवं 25 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा । राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी खिलाड़ियों राज्य स्तरीय प्रतिभागिता में पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।प्राथमिकता के आधार पर 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग के युवक युवतियों का चयन किया जाएगा, ताकि उन्हें एक लम्बे समय तक प्रशिक्षण प्रदान कर उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए तैयार किया जा सके।प्रशिक्षुओं के उम्र सीमा की गणना हेतु कट ओफ तिथि दिनांक 01.04. 2024 होगा।

अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंच की अध्यक्ष डॉ. शारदा प्रसाद ने की। कार्यक्रम का आरंभ सरोज सिंह के गणेश वंदना से हुआ।सर्वप्रथम चांदनी ने जयशंकर प्रसाद की कविता ÷अब जागो जीवन के प्रभात÷का पाठ किया। इसके बाद छाया कुमारी ने हम लौटते हैं तथा पड़ाव जिंदगी के दो पांव से चार पांव तक की यात्रा का पाठ किया, जो जीवन के सत्य को उद्घाटित करते हैं। इसके बाद नीतू सिंह ने मां का घर वर्षों बीत गए उस घर से विदा हुए, चाहती हूं फिर से उन पलों को जीना तथा सीमा साहा ने होली आई है होली मतवाली, खेलेंगे जी भर होली का पाठ करके आभासी मंच को भी रंगमय कर दिया। इसके बाद श्रेयसी सिंह ने बेटी नामक कविता में अपने भावों को मां के प्रति समर्पित किया, मां, काश! मैं कुछ कह पाती, अब मैं सिर्फ बेटी ही नहीं, औरत भी हूं का पाठ किया। सरोज सिंह ने भोजपुरी कविता होली अइहन बलम जी त ले अयहन साड़ी, खोलब मन



के सब किवाड़ी तथा जोगीरा का पाठ करके होली का आभास दिलाया। अंत में डॉक्टर शारदा प्रसाद ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में होली पर ही अपनी कविता मस्त-मस्त आई है होली, कण-कण बनी है वृंदावन-मथुरा तथा चुनावी माहौल में हास्य-व्यंग्य के दोहे भाई-भतीजे, पोते-पड़पोते बिन कमाय ही खाए सुनाकर हंसी-ठहाके का माहौल बनाया । मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सरोज सिंह ने किया। कार्यक्रम में चांदनी, डॉक. स्वाति पांडे, श्रीषा, पिंकी सिंह, डा. जयंती सिंह, अर्चना कुमारी, शुभम इत्यादि उपस्थित थीं। प्रसन्नता दिवस के अवसर पर इन कवत्रियों ने प्रसन्नता बटोरीं और प्रसन्नता का संदेश भी दिया।

गोला प्रखंड मे लिगल ऐड डिफेंस काउंसिल पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान मे गोला प्रखंड मे लिगल ऐड डिफेंस काउंसिल पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर रामगढ के डी. चीफ एलएडीसी राम जी , असिस्टेंट एलएडीसी अभिनव कुमार ने अनेक उपस्थित लोगो को विधिक जानकारियां, लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के कार्यो का विस्तृत एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।इस कार्यक्रम मे बताया गया की लिगल सर्विसेज ओथोरिटी एक्ट के धारा 12 के अनुसार इस योजना का लाभ किसी भी महिला को, बच्चो को, किसी भी अनुसूचित जाती-अनुसूचित जनजाती के लोगो को एवं काराधीन व्यक्तीयों को दी जाती है। उपरोक्त योजना के तहत लोगो के अपराधिक मामले मे डालसा के द्वारा वाद मे अपना पक्ष रखने के लिए एलएडीसी को नियुक्त किया जाता है, नियुक्त एलएडीसी वाद से संबधित कार्य जैसे बेल लगाना, गवाही करवाना, बहस करने का कार्य एवं वाद से संबंधित सम्पूर्ण कार्य तेजी से न्यायालय के समक्ष करते है, उपरोक्त योजना के तहत वाद संबधित सम्पूर्ण कार्य लोगों के लिए निशुल्क होता है, लम्बे समय से चल रहे अपराधिक मामलों को देखते हुऐ सरकार के द्वारा चलाए गऐ। एलएडीसी योजना का मुख्य उद्देश्य अपराधिक मामलो को यथाशीघ्र निपटारा कराने का है। मौके पर पीएलवी पूनम कुमारी भी उपस्थित रही एवं लोगों को डालसा से मिलने वाली योजनाओं के बारे मे बताया।

सिंधु झा सहित सैकड़ों महिलाओं ने छोड़ा विश्व हिंदू परिषद का साथ, कहा अनैतिकता बर्दास्त नही

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर अपनी भूमिका निभाने वाली प्राचार्य सिंधु झा ने दर्जनों महिलाओं के साथ विश्व हिंदू परिषद से अलग होने की घोषणा एक विज्ञप्ति जारी कर किया है।उन्होंने कहा की हिंदू संगठन के नाम से बने इस संगठन की पहचान रामगढ़ में हिंदुओं और महिलाओं के बीच में आपसी फूट डालकर मतभेद पैदा करने वाली बन चुकी है जिसका जिम्मेवार इसके एकमात्र जिला पदाधिकारी हैं जो संगठन को अपने निजी हित हेतु अपनी पसंद से उंगलियों पर नाचना चाहते है। झा ने कहा की वो एक सनातनी होने के नाते वीएचपी से जुड़ी थी पर वर्तमान में रामगढ़ जिले में संगठन को चलाने वाले पदाधिकारी की मनमानी और बदसलूकी से परेशान होकर अपने सम्मान के खातिर वो इस संगठन से अलग हो रहीं है जिसकी जानकारी उन्होंने दूरभाष पर प्रदेश के पदाधिकारियों को भी दिया है।उन्होंने बताया कि पिछले एक साल से मैने अपना पूरा समय संगठन को दिया। उन्होंने फोटो और वीडियो जारी करते हुए कहा की बीते वर्ष 8 अक्तूबर को बजरंग दल की स्थापना दिवस के अवसर पर रांची में आयोजित धर्म सभा हेतु अपने क्षेत्र से सैकड़ों महिलाओं को मातृशक्ति में शामिल करवा कर ले गई थी साथ हीं अपने इन्ही मातृशक्ति में शामिल सैकड़ों महिलाओं के सहयोग से अपने क्षेत्र में आयोध्याधाम से आए पूजित अक्षत वितरण का कार्य संपन्न किया था। एक सजग वोटर और महिला होने के नाते उन राजनीतिक संगठनों के नेताओं से भी अपील करना चाहूंगी कि अगर यही हाल रहा और ऐसे व्यक्ति को अपने साथ मंच पर बिठाया अथवा इनका समर्थन किया तो उन्हें भी नुकसान झेलना पड़ सकता है।

निःशुल्क ब्लड ग्रुप जांच शिविर के दूसरे दिन 300 विद्यार्थियों ने जांच कराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय निःशुल्क ब्लड ग्रुप जांच शिविर लगाया गया है। शिविर के दूसरे दिन गुरुवार को करीब 300 विद्यार्थियों ने जांच कराया। जबकि पहले दिन बुधवार को करीब 200 विद्यार्थियों की जांच हुई थी। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि भारत सरकार के यूडायस प्लस पोर्टल पर विद्यार्थियों का हाइट, वेट और ब्लड ग्रुप दर्ज करना अनिवार्य हो गया है। हाइट और वेट विद्यालय अपने रूटीन के अनुसार लेते रहते हैं। जबकि ज्यादातर बच्चों का ब्लड ग्रुप ज्ञात नहीं होता है। इसलिए वर्तमान में लगभग सारे स्कूलों के विद्यार्थी विभिन्न पैथोलॉजी लैब में निर्धारित शुल्क देकर ब्लड ग्रुप जांच करा रहे हैं। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने तीन दिवसीय ब्लड ग्रुप जांच शिविर लगाया है। जनकल्याण पैथोलॉजी रिवर साइड के सहयोग से चल रहे इस शिविर में किसी भी विद्यालय के विद्यार्थी आकर जांच करा सकते हैं। शिविर का समापन शनिवार को होगा। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक लग रहा है। शिविर को सफल बनाने में मुकेश कुमार, डॉ रागिनी शुक्ला और स्कूल के शिक्षक योगदान दे रहे हैं।

नेहा कुमारी हत्याकांड का उद्भेदन करने को लेकर मुख्यमंत्री अवर सचिव को सौपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : मानवाधिकार सहयोग संघ के द्वारा विगत दिन धनबाद कतरासगढ़ निवासी नेहा कुमारी हत्या कांड को लेकर मिले मुख्यमंत्री के अवर सचिव से सचिवालय में भेंट कर नेहा कुमारी हत्याकांड का जल्द से जल्द उदभेदन करने एवं इस निर्मम हत्याकांड की खुलासा कराने की बात रखते हुए कहा गया कि इस मामले को लेकर लगभग 15, 20 दिन बीत चुके हैं और अभी तक इस निर्मम हत्या के हत्यारे बाहर घुम रहे है जो कि बहुत ही शर्मिंदा की बात है साथ ही राज्य के कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहा है साथ ही हत्यारों को पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर मंत्री सचिवालय में पत्र सौंप कर अवगत कराया गया साथ ही घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने के साथ-साथ कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात रखा गया

उनके द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए पुलिस महानिदेशक को कारवाई के लिए निर्देश दिए एवं जल्द से जल्द मामले को गंभीरता से लेते हुए निबटारा करने की बात कही गई। मिलने वाले में मानवाधिकार सहयोग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिल्पी शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव शर्मा थे।

चितरपुर महाविद्यालय में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : चितरपुर महाविद्यालय के सभागार में बृहस्पतिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, मिलन समारोह में छात्र-छात्र एवं शिक्षक द्वारा संयुक्त रूप से एक दूसरे को लाल पीला हरा गुलाबी बैगनी आदि अलग-अलग रंगों के अबीर और गुलाल लगाये, छात्र-छात्राओं ने सभी शिक्षकों को रंग गुलाल अबीर लगाकर आशीर्वाद लिए इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संज्ञा ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिवार की ओर से होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी, उन्होंने कहा कि होली त्यौहार को आपसी प्रेम भाई सौहार्दपूर्ण से भाईचारगी के साथ अपने-अपने गांव पंचायत में होली उत्सव को धूमधाम से मनाये, एक दूसरे से गले लगाकर रंग और अबीर गुलाल से शराबोर हो जाए, होली का इस रंगोत्सव मे सद्भावना के साथ शांतिपूर्वक ढंग से मनाने का काम करें, इस मौके पर प्रोफेसर निरंजन महतो, प्रो मनोज झा, प्रो जूही उपाध्याय, प्रोअंजनी करमाली, प्रो शाहनवाज खान, प्रो रेवालाल पटेल, प्रो अंजू कुमारी, प्रो तारा शंकर अग्रवाल, प्रो दीपक कुमार, कार्यालय सहायक जफरुल खान, रवि कुमार, राजेश तिवारी सोनू कुमार सब्या कुमारी सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
धनबाद/गिरिडीह
रांची, शुक्रवार, 22 मार्च 2024 | पेज 10

स्कूली बच्चों को खुले आसमान के नीचे पढ़ाया जा रहा

शिक्षक अपनी बाइक कमरे में रखते हैं

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरिया : सरिया प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्रथमिक विद्यालय न्यू अलीपुर संकुल मध्य विद्यालय परसिया मे बीते एक माह से मध्यांन भोजन बंद है जिसके कारण स्कूल के छोटे छोटे बच्चों को भूखा रहना पड़ता है साथ ही बारिश के मौसम में भी स्कूली बच्चों को खुले आसमान में पढ़ाया जा रहा है और शिक्षक स्कूल के कमरे मे अपनी बाइक को बारिश के पानी मे भींगने के डर से रखते है इस स्कूल मे बच्चों की उपस्थिति हाजिरी भी नही बनती है स्कूल मे दो शिक्षक है और बच्चों की संख्या 40 के आसपास है लेकिन वर्तमान मे इन बच्चों की उपस्थिति 20 मात्र है वही स्कूल के प्रधान पारा शिक्षक आदित्य पांडेय ने बताया कि हमलोग दो शिक्षक विद्यालय में कार्यरत है बुलाकी मंडल किसी निजी कार्य से हाजिरी बना कर कही गए है इस दौरान उन्होंने कोई लिखित सूचना नही दिया है और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण

छात्र छात्रा रोजा रखते है इसी के कारण मध्यांन भोजन बंद है जबकि लगभग छात्रों ने बताया कि हमलोग रोजा नही रखे है जो रोजा रखा है वो छात्र विद्यालय नही आते है लेकिन हमलोग प्रतिदिन स्कूल आते है इसके बावजूद हमलोगों को खाना नही मिलता है इसकी शिकायत हम सभी ने अपनी शिक्षक से किया इसके बावजूद मध्यांन भोजन नही बना । सरकार के लाख कोशिश के बावजूद सरिया के इन सरकारी स्कूलों की हालत में सुधार नही हो रहा है शिक्षक बायोमेट्रिक पद्दित से हाजिरी बना कर स्कूल से गायब हो जाते है और स्कूल बंद होने के समय फिर हाजिरी बना लेते है इस बाबत स्थानीय लोगो का कहना है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाते है और स्थानीय होने का लाभ लेते है इसकी शिकायत भी लोग नही करते है लेकिन इसका फायदा लोग उठा रहे है और इन सरकारी स्कूलों का आज बुरा हाल है। इस बाबत प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामाश्रय प्रसाद ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जायेगी ।

लॉटरी के अवैध धंधे में शामिल लोगों पर होगी कड़ी कार्रवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : जामाडोबा में छापामारी कर बड़ी मात्रा में जब्त की गई अवैध लॉटरी के साथ गुरुवार को जोरापोखर थाना में सिंदरी के पुलिस उपाधीक्षक भूपेंद्र राउत एवं थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने पत्रकार वार्ता कर लॉटरी के अवैध धंधे में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा अवैध लॉटरी कि बिक्री पर नकेल कसने की बात कही। डीएसपी राउत ने कहा कि जोरापोखर थाना क्षेत्र में अवैध लॉटरी कि धंधे कि सूचना एसएसपी को मिली थी। एसएसपी के निर्देश पर जामाडोबा के तनवीर अंसारी के यहां नाटकीय ढंग से छापामारी कि गई जिसमें नए पुराने लगभग दस करोड़ के अवैध लॉटरी टिकट तीन सौ छब्बीस किलो को जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि

तनवीर ने बड़कीटांड़ में जहांगीर नामक व्यक्ति के घर को लॉटरी टिकटों कि खरीद बिक्री का गोदाम बनाकर वही से धंधा को संचालित कर रहा था। अवैध लॉटरी के धंधा में संलिस तनवीर अंसारी, जहांगीर, झरिया के शब्बीर और समीर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सभी कि गिरफ्तारी को उसके ठिकानों पर लगातार छापामारी कि जा रही है। लॉटरी के धंधे में शामिल कई और लोगों के नाम सामने आए है। उनके खिलाफ भी जल्द ही कार्रवाई करने कि बात कही है। थाना प्रभारी श्री सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र में तनवीर के अलावे कई और गिरोह भिन्न नामो से डिगवाडीह मांझी बस्ती, जियलगोरा 16 नंबर, भागा आदि क्षेत्रों में अवैध लॉटरी कि बिक्री किए जाने कि सूचना मिली है। पुलिस जल्द ही उक्त अवैध लॉटरी के कारोबारियों को धर दबोचेगी। मौके पर हरेराम सिंह, हर्षमनी राम, राजेश कुमार आदि थे।

झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ के होली मिलन समारोह में उपस्थित हुए बैभव सिन्हा,दी बधाई

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गुरुवार को झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ द्वारा अपने टोटो चालको के संग पुराना बाजार टेम्पल रोड मे होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर बैभव सिन्हा ने टोटो चालकों को अबीर गुलाल लगा उन्हें होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा की होली एक पावन पर्व है जिसमें जाति और धर्म से ऊपर उठकर व सारे मतभेद को भूला कर प्रेम और भाईचारे के साथ हम पूरे हर्सोल्लास के साथ मनाते हैं। टोटो संघ ने होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित कर टोटो चालकों एवं समाज के बीच भाईचारे का संदेश देने का काम किया है। लोगों के बीच एक दूसरे के प्रति इसी तरह स्नेह और सौहाद्रपूर्ण वातावरण बनी रहने की कामना की। आगे उन्होंने टोटो चालकों के साथ-साथ जिले एवं राज्यवासियों को भी होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह मे संघ के प्रवक्ता संतोष कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव, संस्थापक मुन्ना कुशवाहा, सह संरक्षक मो. तारिक अंसारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष रवि साव, जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेश राम, आजाद राम, राजेश सिंह, पवन साव, उमाशंकर पाण्डेय, बिजय रवानी, प्रकाश राम के साथ सैकड़ो टोटो चालक उपस्थित रहे।

पांच विद्यार्थियों को मिला रांची व नेतरहाट भ्रमण करने का अवसर

जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड अंतर्गत स्थित उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय दुम्मा के पांच विद्यार्थियों को तीन दिवसीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नावाचार अंतर्गत राज्य स्तरीय भ्रमण कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला है। विद्यार्थी राँची के प्रमुख शैक्षणिक स्थलो एवं झारखण्ड के सबसे प्रसिद्ध रमणीय स्थल एवं नेतरहाट आवासीय विद्यालय का भ्रमण करेंगे और नए नए चीजों से अवगत होंगे। यह झारखण्ड शिक्षा परियोजना गिरिडीह द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दो सौ छात्र शामिल हैं जो राष्ट्रीय आविष्कार एवं नावाचार का हिस्सा बने हैं। राँची प्रस्थान से पूर्व इस अवसर पर प्लस टू दुम्मा के प्राचार्य बिनोद कुमार, सहायक अध्यापक सुधीर कुमार, अभिभावक बालकृष्ण वर्मा, छात्रा सुगंती कुमारी, कृष कुमार, अंजली कुमारी, प्रिंस कुमार, प्रिया कुमारी एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

कुशवाह समाज गिरिडीह के सिहोडीह में होली मिलन समारोह संपन्न

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : कुशवाहा संघ द्वारा जिला गिरिडीह अंतर्गत सिहोडीह कुशवाहा छात्रावास में कुशवाहा संघ जिला अध्यक्ष इंद्रणरायण वर्मा के द्वारा आयोजित यह होली मिलन समारोह में गुरुवार के दोपहर 2 बजे बड़े ही धूमधाम से बड़ी संख्या में महिला पुरुष होली मिलन समारोह में बढ़ चढ़ कर शामिल हुआ और गीत संगीत, नाच गान के साथ रंग गुलाल एक दूसरे को प्रेम पूर्वक लगाया और शुभकामनाएं दी वहीं महिला में जिला परिषद सदस्य प्रभा वर्मा उपस्थित रही बाकी गणमान्य लोग लोकसभा सह- गाण्डेय उप चुनाव को लेकर तिन प्रखंड से आये बुथ सम्मेलन बेंगाबाद चले जाने के वजह से उपस्थित नहीं हो पाये यह जानकारी जिला अध्यक्ष इंद्रणरायण वर्मा जी ने वहां उपस्थित कुशवाहा भाई बंधू को बताया।

सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम ने चलाया अभियान

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : नगर निगम के द्वारा धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में प्लास्टिक अभियान चलाया गया है। जिसमें गुरुवार को हीरापुर क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक दुकानों में नगर निगम के द्वारा जुर्माना वसूला गया है। नगर निगम के अधिकारी अनिल कुमार ने मीडिया को बताया कि नगर निगम के द्वारा धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में प्लास्टिक मुक्त अभियान को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी निरंतर कार्यवाई को करते हुए हीरापुर चौक से लेकर हरी मंदिर तक सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर कार्यवाई की जा रही है। जबकि आधा दर्जन दुकान में में 100 रुपये से लेकर 500 रुपये तक मात्रा के अनुसार जुर्माना वसूला जा रहा है।

जोरापोखर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : होली त्योहार के मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर गुरुवार को जोरापोखर थाना में शांति समिति कि बैठक हुई। बैठक कि अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा एवं संचालन किशोर कुमार ने किया। बैठक में वक्ताओं ने होली के मौके पर क्षेत्र में शराब कि बिक्री पर रोक लगाने, पानी एवं बिजली कि आपूर्ति को नियमित संचालित करने तथा नियमित पुलिस गश्त करने कि मांग प्रभारी से किया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने लोगों को आश्वस्त किया कि नियमित पुलिस गश्त कि जाएगी। साथ ही बिजली और पानी कि आपूर्ति को विभाग के अधिकारियों से बात कर सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन कि ओर से शराब कि बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। बावजूद अगर चोरी छिपे कहीं शराब बिक्री कि सूचना मिलने पर उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए लोगों से होली कि त्योहार के मौके पर रमजान को देखते हुए भाईचारे कि स्थिति में होली मनाने कि अपील किया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शमशेर आलम, पिंटू तुरी, एम के ठाकुर, अशोक झा, प्रदीप मुखर्जी आदि थे।

पति पत्नी का विवाद : गिरिडीह कोर्ट के बाद सड़क पर चली हाई वोल्टेज ड्रामा

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह कोर्ट परिसर रोड में गुरुवार के दोपहर पति-पत्नी के बीच जम कर हुआ विवाद, कोर्ट परिसर से निकल कर मुख्य सड़क पर आ गया, इस दौरान कई देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। मौके पर वहां के मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर सभी को शांत करवाया. जिसके बाद सभी वहां से अपने अपने जगह पर निकल गए. इस बाबत पीड़िता गायत्री देवी ने बताया कि मेरा विवाह वर्ष 2013 में धनवार थाना क्षेत्र के बांधी

निवासी संदीप शर्मा के साथ हुआ था. विवाह के बाद से ही वो लगातर उसे प्रताड़ित करता आ रहा है इस दौरान यह मामला गिरिडीह कोर्ट पहुंचा जहां दोनों के बीच मध्यस्था होने से बाद फैमिली कोर्ट गया। फिर गायत्री देवी ससुराल चली गयी. लेकिन ससुराल जाने के कुछ ही दिनों के बाद फिर उसका पति संदीप शर्मा, ससुर केदार ठाकुर व सास बसंती देवी उसके साथ मारपीट करने लगे. जिसके बाद वो फिर कोर्ट की शरण में पहुंची. बताया कि आज कोर्ट में तारीख में वह पहुंची थी. जहां उसका पति भी गांव के कुछ लोगों के साथ आया था. इस दौरान कोर्ट में ही विवाद शुरू हो गया और बाहर निकलने पर पति संदीप पत्नि के साथ मारपीट करने लगा. गायत्री का आरोप है कि उसका पति किसी दुसरी लड़की से बात करते रहता है और उससे शादी करना चाहता है. बताया कि शादी के बाद उसके बच्चे हुए लेकिन वह नहीं बच सके. इसके बाद पुरे ससुराल के लोगों ने झूठ बोलकर उसका बंध्याकरण करवा दिया. इस कारण वह बच्चा गोद लेना चाहती है।

राजनैतिक या गैर राजनैतिक कार्यक्रम के लिए लेनी होगी अनुमति : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में होली त्यौहार को लेकर न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू है। साथ ही पूरे धनबाद अनुमंडल में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 भी लागू है। इसलिए कोई भी राजनैतिक या गैर राजनैतिक कार्यक्रम के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करना भी अनिवार्य है। यदि आयोग के दिशा निर्देश का उल्लंघन होगा तो अनुमति लेने वाले पर जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा।

उपायुक्त ने कहा कि इसलिए किसी भी कार्यक्रम के आयोजक मॉडल कोड आफ कंडक्ट के सभी नियमों को अच्छे से पढ़ ले और उसका पालन सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि होली के दौरान डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। इस आदेश का उल्लंघन होने पर डीजे सप्लायर पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की भी अपील की।

जर्जर सड़क को सांसद व विधायक ने किया नजरंदाज तो ग्रामीणों ने खुद कर लिया मरम्मती

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिरनी : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरीहीह में डबरसैनी जोराशांख मुख्य पथ पर स्थित पहाड़ी चौक से शीतल टोला, गोरडीह की ओर जानेवाली पक्की सड़क जो लगभग 10 वर्ष पूर्व बनाया गया था जो बिल्कुल जर्जर हो गया है, जिस पर चलना मुश्किल था। इसको देखते हुए ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग कई बार स्थानीय विधायक एवं सांसद से इस रोड की मरम्मत की गुहार लगा चुके हैं परंतु किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। वहीं समाजसेवी बिरेंद्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि हमलोग लिखित आवेदन संबंधित जनप्रतिनिधियों को भी दिया परंतु आज तक सिर्फ आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। आखिर थक हार कर ग्रामीणों ने खुद से हीं सड़क की मरम्मती करने का निर्णय लिया। गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता बिरेंद्र प्रसाद वर्मा के सहयोग से इस रोड का मरम्मती का कार्य किया गया ताकि ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी न हो। मौके पर टुपलाल पासवान, गोपाल यादव, किशोरी यादव, रंजित यादव, संतोष यादव, पवन पासवान, विजय विश्वकर्मा, भुनेश्वर विश्वकर्मा, जनार्दन वर्मा, राजेश यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

गोरखपुर-छपरा-हाजीपुर के रास्ते होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : होली के अवसर पर पूर्व में घोषित ट्रेनों के अलावा और 03 जोड़ी होली स्पेषल ट्रेनें गोरखपुर-छपरा-हाजीपुर के रास्ते चंडीगढ़ से कटिहार तथा सरहिंद से जयनगर के लिए चलायी जाएंगी । विदित हो कि इसके पूर्व 69 जोड़ी होली स्पेषल ट्रेनों की सूचना दी जा चुकी है । इस प्रकार अब कुल 72 जोड़ी होली स्पेषल ट्रेनें चलायी जाएंगी ।

1. गाड़ी सं. 04534/04533 सरहिंद-जयनगर-सरहिंद फेस्टिवल स्पेषल (गोरखपुर-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-दरभंगा के रास्ते) - गाड़ी सं. 04534 सरहिंद-जयनगर फेस्टिवल स्पेषल सरहिंद से 22 मार्च (शुक्रवार) को 13.00 बजे प्रस्थान कर शनिवार को 13.50 बजे हाजीपुर रूकते हुए 19.45 बजे जयनगर पहुंचेगी । गाड़ी सं. 04533 जयनगर-सरहिंद फेस्टिवल स्पेषल जयनगर से 23 मार्च, 2024 (शनिवार) को 23.30 बजे प्रस्थान कर रविवार को 04.55 बजे हाजीपुर रूकते हुए सोमवार को 05.15 बजे सरहिंद पहुंचेगी ।

2. गाड़ी सं. 04538/04537 चंडीगढ़-कटिहार-चंडीगढ़ फेस्टिवल स्पेषल (गोरखपुर-हाजीपुर-बरौनी के रास्ते) - गाड़ी सं. 04538 चंडीगढ़-कटिहार फेस्टिवल स्पेषल चंडीगढ़ से 23 मार्च (शनिवार) को 19.15 बजे प्रस्थान कर रविवार को 17.35 बजे हाजीपुर रूकते हुए 23.45 बजे कटिहार पहुंचेगी ।

गाड़ी सं. 04537 कटिहार-चंडीगढ़ फेस्टिवल स्पेषल कटिहार से 25 मार्च, 2024 (सोमवार) को 04.00 बजे प्रस्थान कर 10.03 बजे हाजीपुर रूकते हुए मंगलवार को 09.40 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी ।

3.गाड़ी सं. 04539 कटिहार-अम्बाला कैंट फेस्टिवल स्पेषल (बरौनी-हाजीपुर-गोरखपुर के रास्ते)-गाड़ी सं. 04539 कटिहार-अम्बाला कैंट फेस्टिवल स्पेषल कटिहार से 23 मार्च, 2024 (शनिवार) को 04.00 बजे प्रस्थान कर 10.03 बजे हाजीपुर रूकते हुए रविवार को 09.00 बजे अम्बाला कैंट पहुंचेगी ।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

पत्रांक :– 570 गुमला, दिनांक :– 21.03.2024

निविदा स्थगन सूचना का प्रकाशन

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 410 दिनांक 11.03.24 के द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID /GUMLA/F2-45/2023-24, PR No. 322061 Minor Irrigation (23-24)D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

PR 323264 (Minor Irrigation)23-24*D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(जिला शस्त्र शाखा)

-:: संशोधित आदेश ::-

निर्वाचन आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली का आदेश संख्या– ECI/PN/23/2024, दिनांक–16.03.2024 के द्वारा जारी अधिसूचना के आलोक में लोक सभा चुनाव–2024 स्वच्छ शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से कराने हेतु शस्त्र नियमावली–1962 के नियम–63 के तहत् शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र अनुज्ञप्ति में धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराने का निदेश दिया जाता है। सभी शस्त्रधारी भौतिक रूप से अपने–अपने अग्नेयाशास्त्रों को सम्बन्धित थानों के सामने अंकित तिथि पर सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। सम्बन्धित थाना प्रभारी अपने–अपने थाना/ओ०पी० क्षेत्र के अनुज्ञप्तिधारियों को इसकी सूचना चौकीदारों के माध्यम से देंगे।

निम्नांकित पदाधिकारियों को उनके नाम के सामने अंकित थाना/ओ०पी० एवं तिथि में सभी प्रकार के शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं उनपर धारित शस्त्रों के भौतिक सत्यापन करने हेतु दण्डाधिकारी के रूप में प्राधिकृत कर प्रतिनियुक्त किया जाता है।

सम्बन्धित थाना/ओ०पी० क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने–अपने थाना/ओ०पी० क्षेत्रान्तर्गत सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों/अनुज्ञप्तियों का सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे।

क्र०	दण्डाधिकारी का नाम	थाना क्षेत्र	शस्त्र निरीक्षण करने का स्थान	शस्त्र सत्यापन की तिथि
1	2	3	4	5
1	अंचल अधिकारी, रामगढ़	रामगढ़ थाना	रामगढ़ थाना परिसर	18.03.2024 से 23.03.2024 तक
2	अंचल अधिकारी, माण्डू	माण्डू थाना	माण्डू थाना परिसर	18.03.2024 से 19.03.2024 तक
		कुजू ओ०पी०	कुजू ओ०पी० परिसर	20.03.2024 से 21.03.2024 तक
		वेस्ट बोकारो ओ०पी०	वेस्ट बोकारो ओ०पी० परिसर	22.03.2024 से 23.03.2024 तक
3	अंचल अधिकारी, गोला	गोला थाना	गोला थाना परिसर	18.03.2024 से 20.03.2024 तक
		बरलंगा थाना	बरलंगा थाना परिसर	21.03.2024 से 23.03.2024 तक
4	अंचल अधिकारी, चितरपुर	रजरप्पा थाना	रजरप्पा थाना परिसर	18.03.2024 से 23.03.2024 तक
5	अंचल अधिकारी, पतरातू	पतरातू थाना	पतरातू थाना परिसर	18.03.2024 से 19.03.2024 तक
		बासल थाना	बासल थाना परिसर	20.03.2024 से 21.03.2024 तक
		भदानीनगर ओ०पी०	भदानीनगर ओ०पी० परिसर	22.03.2024 से 23.03.2024 तक
		बरकाकाना ओ०पी०	बरकाकाना ओ०पी० परिसर	26.03.2024 से 27.03.2024 तक
		भुरकुण्डा ओ०पी०	भुरकुण्डा ओ०पी० परिसर	28.03.2024 तक

शस्त्र अनुज्ञप्तियों एवं उनपर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि को पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक किया जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय पर सत्यापन नहीं कराने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध शस्त्र नियमावली के तहत् अनुज्ञप्ति निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को निदेशित किया जाता है कि शस्त्र का भौतिक सत्यापन के उपरान्त अपने–अपने शस्त्रों को निश्चित रूप से शस्त्र प्रतिष्ठान/सम्बन्धित थाना/ओ०पी० में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। यदि शस्त्र को शस्त्र प्रतिष्ठान में जमा किया जाता है, तो उसकी प्राप्ति रसीद की छायाप्रति सम्बन्धित थाना/ओ०पी० में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी, जिन्हें अपने शस्त्र को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने पास रखना आवश्यक प्रतीत होता है, वैसे अनुज्ञप्तिधारी थाना प्रभारी के प्रतिवेदन के साथ शस्त्र के विमुक्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कारण सहित आवेदन–पत्र समर्पित करेंगे।

सम्बन्धित क्षेत्र के थाना प्रभारी अनुज्ञप्तिधारियों से शस्त्र जमा लेने के पश्चात् उन्हें निम्नांकित प्रपत्र में प्राप्ति रसीद देना सुनिश्चित करेंगे।

प्राप्ति रसीद :–

1. अनुज्ञप्तिधारी का नाम/पता –
2. अनुज्ञप्ति संख्या –
3. शस्त्र का प्रकार –
4. शस्त्र का नम्बर –

प्राप्तकर्त्ता का हस्ताक्षर
थाना/ओ०पी०

प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया जाता है कि शस्त्र अनुज्ञप्ति का सत्यापन प्रतिवेदन निम्नांकित विहित प्रपत्र में अधोहस्ताक्षरी के अवलोकनार्थ **दिनांक– 28.03.2024 के अपराहन 5:00 बजे तक** उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

शस्त्र सत्यापन सम्बन्धी प्रतिवेदन का प्रपत्र

क्र०	अनुज्ञप्तिधारी का नाम	अनुज्ञप्ति संख्या	शस्त्र का प्रकार	शस्त्र संख्या	कब से कब तक नवीकृत है	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7

ह०/– **उपायुक्त** –सह–
जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़

PR 323235 District (23-24)_D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, शुक्रवार, 22 फरवरी 2024 | पेज 11

संसद में आवाज उठाना और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना ही मेरा लक्ष्य होगा : समीर उरांव

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा लोकसभा प्रत्याशी समीर उराँव ने अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यसमिति की बैठक बख्शीडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में शामिल हुए। इस दौरान अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन दास एवं पूर्व विधायक रामचंद्र नायक जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, प्रदेश मंत्री कमलेश राम, ओमप्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, राजमोहन राम मुख्य रूप से शामिल रहे। बैठक की अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष प्रकाश नायक की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरुआत महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गीत के साथ शुरुआत की गई। बैठक में अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर की। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति

मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय किशन दास बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज हमारा समाज आगे बढ़ रहा है तो वह सिर्फ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ रहा है। शौचालय निर्माण हो आयुष्मान कार्ड हो 2000 प्रति 4 महीने में हो या फिर गरीब कल्याण योजना हो इन सभी योजनाओं का लाभ हम सभी अनुसूचित जाति समाज को एवं अनुसूचित जनजाति समाज को भारी मात्रा में मिल रहा है और आने वाले लोकसभा चुनाव में जो हमारे प्रत्याशी समीर उरांव को भारी बहुमत के अंतर से विजय बनाकर लोकसभा भेजें। समीर उरांव ने कहा कि लोहरदगा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला की यह बैठक एवं होली मिलन समारोह काफी महत्वपूर्ण बैठक इस तरह की बैठक में हमें शामिल होने का सौभाग्य मिला। आप सभी अनुसूचित जाति समाज को में आस्वस्थ करता हूं कि समीर उरांव यह प्रत्याशी नहीं आप सभी एक-एक सदस्य प्रत्याशी है और एक लोग अपनी बहुमूल्य वोट देकर अपने आप को विजय बनाएं और समीर उरांव लोकसभा भेजें बाकी लोहरदगा लोकसभा के एक-एक व्यक्ति सांसद रहेंगे और समीर उरांव साधारण कार्यकर्ता ही रहेगा एवं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं तमाम लोकसभा क्षेत्र के सभी जनता को सेवा करना हमारा पहला लक्ष्य है। बैठक में राजमोहन राम, प्रकाश नायक, कमलेश राम, रामचंद्र नायक, मनीर उराव, ओम प्रकाश सिंह, श्री चंद प्रजापति ने भी संबोधित किया। बैठक में संजय बर्मन, राजीव राज, बजरंग करुआ, नरेंद्र नायक, बृजमोहन करुआ, शुकुल राम, वीरेंद्र भैया, रानी कुमारी, मुस्कान नायक, कलिंदर रविदास, विनोद रविदास, मनोज राम, मोहन राज, वीरेंद्र राम, मुकेश नायक, बीनू राम, सुरेंद्र राम, राजू कुमार रजक, मीकू पासवान, कामेश्वर राम, मुन्ना राम, बिहारी राम, टिंकू राम, रोशन करुआ, शिवनारायण करुआ, सुनील कुमार, पवन कुमार राम, अमरेश राम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

केंद्रीय सरहुल संचालन समिति का हुआ गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : गुरुवार को स्थानीय पड़हा भवन कुडू में केंद्रीय सरहुल को लेकर शनि भगत के अध्यक्षता में संचालन एवम संचालन समिति का गठन हेतु बैठक किया गया। बैठक में शनि भगत ने कहा की अगले वर्ष से बेहतर इस बार का सरहुल 11/04/2024 दिन गुरुवार को आयोजन करना है, एवम सर्वसहमति से पूर्व के संचालन समिति में गठित अधिकारी ही इस वर्ष के सरहुल का संचालन करेंगे। जिसमे अध्यक्ष अवधेश उरांव, उपाध्यक्ष अमित उरांव,सचिव जतरु उरांव, उप सचिव दुबराज उरांव, कोषाध्यक्ष रूपनारायण उरांव, संरक्षक जतरू उरांव, बिंदेश लकड़ा, अनुप भगत, कुलदीप उरांव और शनि भगत को बनाया गया, वहीं सदस्य पहन सुनील मुंडा, रविंद्र उरांव, अनिल उरांव, सुबोध उरांव को बनाया गया, बैठक में मुख्य रूप से सैकड़ो समाज के लोगों उपस्थित थे।

बेमौसम बारिश से दो परिवार का उजड़ा आशियाना

सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): बेमौसम बारिश से गरीब किसान परिवर का उजड़ा आशियाना। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत स्थित घाटा ग्राम में मौसम का असर देखने को मिला बताया जाता है कि गरीब किसान परिवार का कच्चा मकान गिरने से हजारों का नुकसान हुआ। लगातार तीन दिनो से रुक रुक कर बारिश होने की वजह से झलजमीरा पंचायत के घाटा ग्राम निवासी स्व.एतवा उराँव के पुत्र सोमा उराँव तथा सुखराम उराँव का कच्चा खपरैल मकान गिर गया है। जिसे दोनों गरीब किसान को करीब 60-70 हजार का नुकसान हुआ है। और घर गिर जाने से परिवार के साथ रहने में भी काफी परेशानी हो रही है। वही मकान गिरने से घर मे रखा धान,चावल और दैनिक उपयोगी सहित अन्य वस्तु दब कर नष्ट हो गया। इससे परिवार का भरण पोषण के लिए दोनों गरीब किसान परिवार के बीच समस्या बना हुआ है। पीड़ित परिवार द्वारा अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी को आवेदन देते हुए मकान गिरने के सम्बंध में अवगत कराते हुए आपदा राहत कोष से सरकारी प्रावधान के अनुसार मदद का गुहार लगाया है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा प्राप्त आवेदन के आलोक में जांच प्रकिया आरम्भ कर दिया गया है और जांचोपरांत गरीब परिवार को सरकारी आपदा मद से सहयोग प्रदान किया जाएगा।

कक्षा सप्तम की छात्रा ने दिया नैतिक व ईमानदारी का परिचय

सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अध्ययनरत सांतवी कक्षा छात्रा ने ईमानदारी दिखाई। प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में किन्ही सज्जन या किसी अन्य भैया बहन का 250 रुपये गिरे पड़े थे जिस पर छात्रा पूजा कुमारी नजर पड़ा तो वह रुपैया को उठा कर ईमानदारी के साथ विद्यालय के खोया पाया विभाग में जमा कर दी। बहन पूजा कुमारी चाहती तो पैसा को छिपा सकती थी। परन्तु वह ऐसा नही की और ईमानदारी का परिचय दिया। साथ ही प्रधानाचार्य श्री तीवारी ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय में पढ़ने वाले भैया बहन की यही विशेषता रही है। वे नैतिक मूल्यों के साथ साथ संस्कारात्मक वातावरण में नैतिकता व आदर्श के लिये सर्वगुणसम्पन्न बनते हैं। वही इस कार्य के लिये प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी, जयप्रकाश सिंह, डॉली कविता, प्रतिमा देवी, प्रेमशीला उराँव, चांदनी कुमारी, राजकिशोर उराँव सहित सभी अचार्य आचार्या और छात्र छात्राओं द्वारा पूजा कुमारी का सराहना किया गया।

लोकसभा चुनाव को लेकर तीसरा दल के रूप में लोकहित अधिकार पार्टी ने उतारा उम्मीदवार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अब पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा करने लगे हैं वही झारखंड में तीसरा दल के रूप में लोकहित अधिकार पार्टी ने अपना उम्मीदवार की घोषणा शुरू कर दिया है। लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर दावेदारी पेश कर रही है और अपना उम्मीदवार चुनाव में खड़ा कर रही है। लोहरदगा लोकसभा सीट से लोकहित अधिकार पार्टी ने पूर्व प्रमुख रामचंद्र भगत को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इसी के साथ लोकसभा के प्रत्यासी रामचंद्र उरांव ने क्षेत्र में जनसंपर्क तेज कर लगातार चुनावी मोड पर कार्यकर्ताओ से बैठक कर चुनाव को लेकर रणनीति तैयार कर रहे है। चुनाव को लेकर लोकहित

अधिकार पार्टी जिला में तीसरा मोर्चा के रूप में दिख रही है वही इस पार्टी द्वारा आदिवासी और अल्पसंख्यकों के वोट पर सेंधमारी करने का उम्मीद जताया जा रहा है। लोकहित अधिकार पार्टी ने कई चुनावी वादे किए हैं जिनमे क्षेत्र में निशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य प्रमुख हैं। लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी रामचंद्र भगत 2019 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव भी विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से लड़ चुके हैं। लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी रामचंद्र भगत ने कहा अगर हमारी पार्टी की जीत होती हैं तो क्षेत्र में शिक्षा,स्वास्थ्य निशुल्क कर दिया जाएगा और रोजगार के साथ कृषि क्षेत्र में भी कार्य किया जाएगा हमे जनता का समर्थन मिल रहा है।

जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए सिमडेगा की चार सहित झारखंड की 6 खिलाड़ी आमंत्रित

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए सिमडेगा की चार सहित झारखंड की 6 खिलाड़ी नीरु कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, निराली कुजूर और निशा मिंज 03 अप्रैल से 16 मई 2024 तक साई सेंटर बंगलुरु में आयोजित जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड के पांच महिला हॉकी खिलाड़ी नीरु कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, निराली कुजूर और निशा मिंज को आमंत्रित किया गया है। वर्तमान समय में ये सभी खिलाड़ी झारखंड सरकार खेल विभाग द्वारा संचालित एकलव्य हॉकी सेंटर रांची के प्रशिक्षणार्थी है। जिनमे नीरू कुल्लू,रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर और निशा मिंज सिमडेगा जिला की तथा बिनिमा धान खूंटी जिला की रहने वाली है। इन पांच खिलाड़ियों

के अलावा झारखड़ के एक और खिलाड़ी खूंटी जिला की संजना होरो का भी इस कैंप के लिए चयन किया गया है जो वर्तमान समय में साई सेंटर कोलकाता में रहती है। इन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय कैंप में सामिल होने के लिए हॉकी इंडिया के एक्सकुटिव डायरेक्टर कमांडर श्री आर के श्रीवास्तव जी ने हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह जी को पत्राचार के माध्यम से सूचित किए है और उन्हे 02 अप्रैल को कैंप में उपस्थित होने की जानकारी दी है। जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में एक साथ झारखंड के आधा दर्जन खिलाड़ियों को आमंत्रित करने पर हॉकी सिमडेगा, हॉकी झारखंड एवम खेल विभाग के अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। साथ ही सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

बक्सीडीपा स्थित एक मकान से देशी महुवा शराब को किया गया नष्ट

सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र के सेन्हा और बक्सीडीपा में शराब की अवैध बिक्री को रोकने के लिए सेन्हा थाना पुलिस ने जिले के एस पी हारीश बिन जमा के निर्देश पर बुधवार देर शाम अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए अभियान चलाया गया। प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर एवं एस आई मनोज कुमार द्वारा पुलिस जवान अभियान में शामिल होकर अवैध शराब को बहा कर नस्ट दिया गया। प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने कहा की क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है?। इस के तहत सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित होटल और बस्ती के मकान में छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे एक मकान में शराब बनाने के लिये जवा महुवा,बर्तन और 5 लीटर शराब सहित अन्य वस्तु को नष्ट कर दिया गया है.वही पुलिस प्रशासन द्वारा इस तरह की कारवाई से क्षेत्र में शराब कारोबारियों में दहस्त है। साथ ही उन्हनो कहा कि शराब बिक्री करने और शराब पीकर घर परिवार में पति पत्नी के साथ लड़ाई झगड़ा काफी हो रहा है। जिसे बच्चो पर गलत प्रभाव पड़ रहा है तथा शराब का सेवन से आर्थिक नुकसान पहुंचता है। उस उद्देश्य से शराब कारोबारियों पर नकेल कसने के काम किया जा रहा है। वही लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव होने वाला है जिस निमित आदर्श आचार संहिता लग चुका है और गांव गांव में सभी जगह बड़े पैमाने पर शराब बनता है जिसे शराब बनाने वालों का सूचना दें जिस पर कारवाई किया जाएगा जिसे शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न हो सके। मौके पर प्रशिक्षु एस पी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर, एस आई मनोज कुमार दल बल के साथ मौजूद थे।

कुडू थाना परिसर में होली त्यौहार को लेकर शांति समिति के हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : होली त्योहार 2024 के अवसर पर शांती समिति की बैठक कुडू थाना परिसर में अंचलाधिकारी कुडू श्रीमती मधुश्री मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया तथा सभी लोगों द्वारा सहमति से निर्णय लिया गया कि आगामी 25/3/2024 को होली त्यौहार शांतिपूर्वक तरीके से मनाया जाएगा तथा प्रशासन को हर संभव मदद किया जाएगा। इस मौके पर कुडू अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रवेश कुमार साव, थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो, उप प्रमुख कुडू एनुल अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कुडू भूषण प्रसाद, ओमप्रकाश भारती, मोहम्मद साजिद आलम, ओम प्रकाश साहू, अब्दुल मनान अंसारी, कमरुल इस्लाम, रुस्तम अंसारी, लाल राजेश नाथ शाहदेव, आदिवासी छात्र संघ जिलाध्यक्ष अवधेश उराव, अरिवलेश कुमार सिंह, मोज अफरोज, मोज इकबाल, परमेश्वर उराँव, अमित उराँव, अनूप भगत, चंद्रकांत पाठक, हलीम अंसारी, धर्मदेव भगत, अनिल उराव, अमित उराव, जतरू उराव सहित लोग उपस्थित थे।

क्षेत्र के बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में शाइन पब्लिक स्कूल कर रही है बेहतर कार्य : ऐनुल अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुंदरू में संचालित शाइन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी व विशिष्ट अतिथि के रूप में सुंदरू पंचायत समिति सदस्य अब्दुल मनान अंसारी, जेएमएम नेता संजू तुरी, पूर्व मुखिया शुशील उरांव, मौजूद रहे अतिथियों का कार्यकर्म स्थल पहुंचने पर स्कूल के डायरेक्टर अल्ताफ अंसारी के अगुवाई में बच्चो के द्वारा स्वागत गान के साथ स्वागत किया गया इधर स्कूली बच्चों और शिक्षकों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में शाइन पब्लिक स्कूल बेहतर भूमिका निभाने का

कार्य कर दिखा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गरीब पिछड़े वर्ग के बच्चों में शाइन पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने बेहतर शिक्षा प्रदान कर होनहार बनाने का सराहनीय कार्य कर दिखाया है। उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि शिक्षा इंसान को उनके मंजिल तक पहुंचाने में काफी मददगार साबित होती है, बगैर शिक्षा के मनुष्य का जीवन पशु समान होता है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और बच्चों को हुनरमंद बनाएं। जिससे आने वाले दिनों में आपके बच्चों को अपने हक अधिकार की प्राप्ति हेतु किसी प्रकार की परेशानियों से जूझना नहीं पड़े। उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी हथियार है जिसके बदौलत इंसान खुद का और अपने परिवार वालों को बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा घर की माली हालत और जीवन को संवारने में काफी महत्वपूर्ण कड़ी है, शिक्षा के बिना बेहतर भविष्य निर्माण की कल्पना करना मुश्किल है। उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि आज के परिवेश में शादी विवाह समेत अन्य सभी प्रकार के कार्यालयों और दफ्तरों में शिक्षा की मांग बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों की बेहतरी हेतु अभिभावक भूखे पेट रहकर शिक्षा ग्रहण कराएं, ताकि आपके बच्चों का भविष्य सुनहरा और सुखद हो। उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों में शिक्षा को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाने का कार्य कर दिखा रही है, जरूरत है लोग शिक्षा की प्राप्ति हेतु जागरूक बनें और खुशहाल जीवन व्यतीत करें मौके सुंदरू पंचायत समिति सदस्य अब्दुल मनान अंसारी, जेएमएम नेता संजू तुरी, पूर्व मुखिया शुशील उरांव, समाज सेवी, समसुल अंसारी ने भी संबोधित किए वही कार्यकर्म का संचालन संजय कुमार बैठा ने किया। मौके पर स्कूल के डायरेक्टर अल्ताफ अंसारी, प्रिंसिपल गोविंद ठाकुर, शिक्षक नाजनीन अंसारी, गुलनाज प्रवीन, शानिया प्रवीन, परीना प्रवीन, प्रेमिका कुमारी, अरशद अंसारी, संजय कुमार बैठा, मुस्ताक अंसारी, मौलाना परवेज अंसारी, कारी नेशार दानिश, माजिद अंसारी, आदि उपस्थित थे।

बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने बड़की चांपि पंचायत में स्थित बूथों का किया निरीक्षण

कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही प्रशासन पूरी तरह से पार्दर्शिता के साथ चुनाव को संपन्न कराए जाने हेतु तैयारियां तेज कर दी है। इधर इसी निमित गुरुवार को कुडू बीडीओ प्रवेश कुमार साव के द्वारा कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पच्छिमी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़की चाँपि अंतर्गत विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान कुडू बीडीओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को बूथ तक पहुंच पथ, पेयजल एवं अन्य सुविधाओं को शत-प्रतिशत बहाल कराए जाने हेतु मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर पूरी स्थिति वस्तु का मुआयना किया गया। इस मौके पर दुबांग गांव स्थित बूथ,बड़की चाँपि में बनाये अस्थायी जांच का स्थल का निरीक्षण कर पूरी स्थिति वस्तु का जायजा लिया गया।

कैरो थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 21 मार्च गुरुवार को कैरो थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य, थाना प्रभारी नीरज झा, प्रखंड प्रमुख श्री राम उराँव, एस0 आई मनोज कुमार गुप्ता, प्रखंड के सभी पंचायतो के मुखिया एवं शांति समिति सदस्यो, गणमान्य लोगों विभिन्न समाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति मे आगामी त्यौहार होली को लेकर किया गया शांति समिति की बैठक। उक्त बैठक मे बीडीओ छन्दा भट्टाचार्य ने कहा कि 16 मार्च को चुनाव आयोग के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव की तिथियों के घोषणा के बाद आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है, आगामी होली समेत अन्य त्योहार भी आप सभी आदर्श चुनाव आचार संहिता के कानुन व नियमो के दायरे मे रहकर त्योहार को शांति व सौहार्द के साथ संपन्न करें। वही थाना प्रभारी नीरज झा ने

कहा कि त्योहार के निमित आप सभी एक दूसरे के भावनाओं का ध्यान रखँ, शोसल मिडिया पर आपतिजनक मैसेज पोस्ट किये जाने पर संबंधित व्यक्ति पर कानुन की सुसंगत धाराओं के तहत सीधे करवाई की जायेगी। बैठक मे प्रखंड के सभी 06 पंचायतों से आये प्रतिनिधियों, समिति सदस्यों ने ग्रामवार त्योहार होली मे होलिकादहन, रंग गुलाल, एवं त्योहार के निमित होने वाले अन्य कार्यक्रमो पर विस्तार पुर्वक चर्चा किया। मौके पर बैठक मे उपरोक्त के अलावा कैरो मुखिया वीरेंद्र महली, सढाबे सुमित्रा उराँव, नरौली अरविंद उराँव, गजनी सुमन उराँव, हनहट श्रवण मुंडा, 20 सुत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव, जिला शांति समिति के शरत कुमार विद्यार्थी, सुरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, बजरंग उराँव, पुर्व उप-प्रमुख दिलीप कुमार सिंह, लखन उराँव, विपिन सिंह, विवेक प्रजापति, प्रखंड अन्जुमन के सदर जमील अख्तर, सेक्रेटरी समीद अंसारी, हनहट से मोहन साहू, गोविंद महतो, प्रवीण साहू, बलराम साहू, सजाद अंसारी, शहीद अंसारी, मोजाहिर अंसारी, महताब अंसारी, समिरुद्दीन अंसारी, धनपत उराँव, इत्यादि अनेको लोग शांति समिति बैठक मे उपस्थित थे।

स्वास्थ के प्रति जागरूक करें स्वास्थ सहिया : डा संजीत आनंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सेन्हा में स्वास्थ विभाग के एएनएम एव स्वास्थ सहिया के साथ प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी संजीत आनंद ने बैठक कर निर्देश देते हुए कहा की स्वास्थ सहिया गांव में भ्रमण कर लोगों को स्वास्थ के प्रति जागरूक करें और जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगो को खान पान, परिवार का देख भाल और छोटा परिवार से समाज और परिवार को लाभ की जानकारी दें। लोगों को बताए की छोटा परिवार से समाजिक व्यवस्था, शिक्षा तथा रहन सहन में विकास होता है। इसके लिए परिवार नियोजन विधि को अपनाने और स्वास्थ रहने के बारे विशेष तुरप जानकारी देने का निर्देश दिया गया।

मैकाले शिक्षा नीतियों के दंश को समाप्त करेगा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 : अंकित कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : केरसई ग्राम के सिमडेगा जिले के निवासी अंकित कुमार एक शैक्षिक शोधकर्ता है। वे राजनीतिक रूप से भी क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए शैक्षिक विषयों पर संवेदनशील हैं। उत्तर प्रदेश राज्य के लखनऊ जिले के नवयुग कन्या महाविद्यालय, के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 20 एवं 21 मार्च 2024 को भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में अपने शोध आलेख प्रस्तुत किए। उनके शोध पत्र का शीर्षक था ÷राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं भारत में शिक्षक शिक्षा की रूपरेखा। पीएचडी शोधकर्ता अंकित कुमार ने शोध प्रस्तुतीकरण के दौरान कहा की सन 1986 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के कार्यकाल में शिक्षा नीति आई थी। इसके बाद लंबे समय अंतराल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 वर्तमान प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन के अध्यक्षता में आई।इस नीति को

लाने का मुख्य उद्देश्य था- भारतीय ज्ञान परंपरा, सभ्यता, संस्कृति एवं भाषा के अनुरूप शिक्षा का पाठ्यक्रम तैयार करते हुए शिक्षा का प्रसार करना, देश के समस्त शिक्षार्थियों का समग्र विकास करना, विद्यालय शिक्षा व्यवस्था को 5 + 3 + 3 + 4 वर्ष के पैटर्न में रूपांतरित करना, बहुविषयक पाठ्यक्रम शिक्षण पद्धति को विकसित करना, 2030 तक पूरे देश में 4 वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम का संचालन करना, देश की शिक्षण संस्थानों को विश्व के शीर्ष 100 शिक्षण संस्थानों में सम्मिलित करना, योग्य, कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की भर्ती करना इत्यादि। शैक्षिक शोधकर्ता मुख्य रूप से देश के शिक्षण संस्थानों को विश्व के शीर्ष 100 शिक्षण संस्थानों में सम्मिलित करने एवं शिक्षकों की भर्ती विषयों पर बल देते हुए कहा की हमारे देश की सबसे प्रसिद्ध शिक्षण संस्थानों में से एक आईआईटी, आईआईएम, एनएलयू, अन्य विश्वविद्यालय इत्यादि विश्व के शीर्ष 450 शिक्षण संस्थानों से बाहर है। आज हमारी शिक्षा व्यवस्था बहुत ही कमजोर हो गई। जिसका सबसे बड़ा कारण ब्रिटिश कालीन मैकाले शिक्षा नीति है। मैकाले की शिक्षा नीति ने भारत की सभ्यता, संस्कृति एवं भाषा को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। मैकाले ने भारत में अंग्रेजी शिक्षा का प्रसार करते हुए कहा कि मैं ÷भारत में ऐसे अंग्रेज पैदा करूंगा जो शक्ल एवं सूरत से तो भारतीय होंगे लेकिन दिमाग से अंग्रेज होंगे। भारत से अंग्रेज भले ही चले जाएं लेकिन अंग्रेजियत नहीं जाएगी।÷ मैकाले के यह दोनों कथन भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर बहुत गहरा प्रभाव डाला है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 इसी दंश को समाप्त करने की पहल करता है। देश के शिक्षण संस्थानों को पुनः विश्व के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में सम्मिलित करने के लिए भारत में शिक्षा का प्रसार भारतीय सभ्यता, संस्कृति एवं भाषा के अनुरूप किया जाएगा, शिक्षा से संबंधित सभी मूलभूत आवश्यकताओं की सुलभता सुनिश्चित होगी तथा शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों में राष्ट्र के प्रति वास्तविक प्रेम,नैतिक जिम्मेवारियां, कार्य के प्रति लगनता विकसित करनी होगी। साथ ही साथ शिक्षण संस्थानों में अच्छे शोध का क्रियान्वयन होगा जो समाज की व्याप्त समस्याओं का सफलतापूर्वक निदान कर सकेगी।

चलते चलते एक नजर

डॉ विनय बने राजस्थान का चुनाव प्रभारी

नई दिल्ली: लोकसभा चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे को राजस्थान का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। उनके साथ विजया राहटकर और पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। साथ ही, राजस्थान बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां को पार्टी ने हरियाणा में प्रदेश चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है।विधानसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया था। लेकिन अब प्रह्लाद जोशी खुद कर्नाटक के धारवाड़ से लोकसभा चुनाव लड़ रहे है। ऐसे में बीजेपी ने संगठन का लंबा अनुभव रखने वाले डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे को राजस्थान में प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया हैं। मूलत: महाराष्ट्र से आने वाले डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे वर्तमान में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य हैं। वहीं, इससे पहले वे महाराष्ट्र से राज्यसभा सदस्य भी रह चुके है। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर भी उन्होंने काम किया है। उन्हें पार्टी का थिंक टैंक भी माना जाता हैं। प्रदेश चुनाव प्रभारी के साथ-साथ बीजेपी ने राजस्थान में दो सह प्रभारियों की भी नियुक्ति की है। पहले से राजस्थान में प्रदेश सह प्रभारी के पद पर काम कर रही राष्ट्रीय मंत्री विजया राहटकर को पार्टी ने प्रदेश चुनाव सह प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंपी हैं। राहटकर भी महाराष्ट्र मूल की नेता हैं। लंबे समय से राजस्थान में प्रदेश सह प्रभारी के पद पर काम कर रही हैं। ऐसे में उन्हें सहस्त्रबुद्धे के साथ प्रदेश चुनाव सह प्रभारी लगाया गया है।

ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): रांची के सुखदेवनगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपितों को किशोरगंज स्थित श्री रोडवेज के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के न्यू आनंदनगर रोड नंबर 7 निवासी मुकेश यादव और राकेश कुमार का नाम शामिल है। दोनों मूलरूप से बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपित मुकेश के पास से पांच पीस एल्युमिनियम फॉयल में रखे ब्राउन शुगर और मोबाइल बरामद किया, जबकि राकेश के पास से सात एल्युमिनियम फॉयल में रखे ब्राउन शुगर और मोबाइल बरामद किया है। पुलिस इस दौरान फरार आरोपित बबलू यादव उर्फ बबलू राय, कृष्णा यादव उर्फ कृष्णा राय, कन्हैया कुमार यादव उर्फ कन्हैया राय, दुर्लभ और पवन उर्फ पवन सोनी उर्फ पारले की तलाश में संभावित ठिकाने पर छापेमारी कर रही है। डीएसपी प्रकाश सोय ने गुरुवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि श्री रोडवेज किशोरगंज के पास कुछ लड़के अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर एवं गांजा की खरीद बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर छापेमारी के क्रम में मुकेश यादव और राकेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों के पास से 1.80 ग्राम ब्राउन सुगर सहित अन्य समान पुलिस ने बरामद किया है। अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

मन बहकने लगा, प्रीत का गीत गाकर चहकने लगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढवा : सृजन साहित्यिक मंच गढवा द्वारा होली के अवसर पर बुधवार की शाम हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्थानीय मेलोडी मंडप में आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार और उत्तर प्रदेश के कवियों ने विभिन्न विधा के अपनी रचनाओं से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि प्रधान जिला जज राजेश शरण सिंह, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राम बचन सिंह और सेवानिवृत जज केएन पांडेय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर किया।कवि सम्मेलन की शुरूआत भभुआ से आये शंकर कैमूरी ने वर दे वीणावादिनी वर दे.. सरस्वती वंदना से की। इसे आगे बढाया बनारस से आये कवि नागेश त्रिपाठी ने अपनी हास्य व व्यंग्य रचना की प्रस्तुति कर की। उनकी हे ऋतुराज वसंत आओ... व मेरे साढू घुले रहते हैं रहर की दाल की तरह सुनाकर तालियां बटोरी. इसके पश्चात यूपी के चंदौली से आये मनोज द्विवेदी मधुर ने अपने एक से बढकर एक सस्वर गीतों की प्रस्तुति कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर डाला। प्रतापगढ़ यूपी से आये दिनेश सिंह गुकज ने मंडप में मैने देखा जो बीवी का

* सृजन साहित्यिक मंच द्वारा हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

नजारा...सुनाकर सबको हंसी से लोटपोट कर दिया। मंच पर गढवा की पुनमश्री ने होली खेले सबके संग, होली का हुड़दंग...गाकर सबको होली के रंग में डुबोने का प्रयास किया। सृजन के उपाध्यक्ष राजमणि राज ने अपनी रचना रोशन सुबह तुझी से, चांदी निशां बनी है...की प्रस्तुति कर सबको प्रभावित किया।

स्थानीय लोकगायक राजकिशोर राय व संजय चौबे ने भी अपनी प्रस्तुति से सबका मनोरंजन किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण अध्यक्ष विनोद पाठक ने, संचालन शंकर कैमूरी व राकेश त्रिपाठी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रासबिहारी तिवारी ने किया। इसके पूर्व सचिव सतीश कुमार मिश्र ने अपने शहरनामा में गढ़वा शहर की वर्तमान दशा पर अपने व्यंगात्मक प्रस्तुति से समस्याओं को बखूबी से उठाया।

समारोह में मंच की ओर से डॉ पातंजलि केसरी, विजय पांडेय, राजकुमार मधेशिया, राजमणि राज आदि ने सभी कवियों व अतिथियों को अंगवस्त्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

युवाओं को साहित्य से जोड़ने की जरूरत- राजेश शरण सिंह

इस अवसर पर प्रधान जिला जज राजेश शरण सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये कहा कि आज के युवाओं को साहित्य से जोड़ने की जरूरत है। समाज का निर्माण इसी तरह के सांस्कृतिक पहल से होगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर आज सबकुछ मिल जाता है, परंतु मोबाइल पर कार्यक्रम देखना और मंचीय कार्यक्रम देखना दोनों में काफी अंतर होता है। यहां आने पर काफी कुछ सीखने को मिलता है।

कार्यक्रम में ये ये उपस्थित: भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, समाजसेवी विजय केसरी, कंचन साहू, राकेश पाल, चौबर अध्यक्ष बबलू पटवा, डॉ एमपी गुप्ता, डॉ जेपी सिंह, उमाकांत तिवारी, कमलेश गुप्ता उर्फ पिंटूजी, कांग्रेस अध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, दीपक तिवारी, शशिशेखर गुप्ता, अनितादत्त, उपेंद्र सिंह, भृगुनाथ चौबे, विजय चौबे, विवेकानंद उपाध्याय आदि।

भाजपा जो कहती है, वही करती है : वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : भारतीय जनता पार्टी की हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज मंडल के मंडल एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित की गई। माननीय सांसद पलामू एवं पलामू लोकसभा से भाजपा सांसद प्रत्यासी विष्णु दयाल राम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी जो कहती है, वही करती है। इस पार्टी के अंदर ही चाय बेचने वाला देश का प्रधानमंत्री बन कर देश की खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस लाने के लिए पूरी ईमानदारी से लगा है। बूथ स्तर के कार्यकर्ता पार्टी के सबसे महत्वपूर्ण कार्यकर्त्ता होते है ।हैदरनगर में बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव एवं मोहम्मदगांज में मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह ने किया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह कर्नल संजय सिंह रविंद्र सिंह प्रफुल्ल सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामेश्वर राम सी बी रमन सिंह मानिक शर्मा कामेश्वर सिंह ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह हुसैनाबाद मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता सांसद निजी सचिव अलख दुबे सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह महेंद्र सिंह अखिलेश मेहता डॉ. अजय जायसवाल संतोष सिंह महीला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुशुम देवी प्रदीप सिंह ईश्वरी पांडे यामबिहारी सिंह विजय राम रूपेश कुमार एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बच्चों की प्रत्येक गतिविधि का निरिक्षण करता है संत मरियम विद्यालय

* चेयरमैन अविनाश देव ने स्कूल बस से यात्रा कर परिवहन स्थिति का लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : सभी अभिभावक बड़ी उम्मीद के साथ बच्चो को स्कूल भेजते है। बच्चो का शैक्षणिक, सामाजिक और संस्कारिक विकास ही उनका प्रमुख उद्देश्य होता है। उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए सभी अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करते है। अभिभावकों की उम्मीद और भरोसा को अनवरत बनाए रखना किसी भी स्कूल की सबसे बड़ी जिम्मेवारी होती है। इसी कड़ी में कल संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने स्कूल बस से यात्रा कर स्कूल की परिवहन स्थिति का जायजा लिया। बच्चो कि सुरक्षा, सीटो के अनुपात में बच्चो की संख्या, सीसीटीवी कैमरा, विद्यार्थियो के प्रति चालक और सह चालक का व्यवहार ,सहित वाहन की पूर्ण सुरक्षा संबन्धित सभी तथ्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के पश्चात चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि संत मरियम स्कूल के सभी बस सीसीटीवी कैमरा युक्त है। अभिभावक अपने घर से ही बच्चो की अद्यतन स्थिती का जायजा ले सकते है। जाम या बच्चो की सुरक्षा संबन्धित सभी मामले में अभिभावक निर्भीक होकर अपने बच्चो को स्कूल भेज सकते है। बस में सीटो की संख्या के अनुपात में बच्चो की संख्या ठीक है।

चालक और सहचालक भी बच्चो के साथ बेहतर तरीके से पेश आते है। पूरी यात्रा में वाहन की स्पीड नियंत्रित रही।

होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था द्वारा जिले के डंडई प्रखण्ड स्थित जल भवन परिसर के पास होली मिलन सह सम्मान समारोह का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डंडई प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मुखिया, प्रमुख, बीडीसी सहित संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने संयुक्त रुप से बाबा भीम राव अंबेडकर को मल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम मंच पर फीता काटकर किया। समारोह में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गयी। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधि ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था की शुरुआत हमारे प्रखंड में होना हम सभी ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा। संस्था का

उद्देश्य काफी सराहनीय है। संस्था गरीब हित में कार्य करती है। संस्था दहेज प्रथा बाल विवाह भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को दूर करने को लेकर मुहिम छेड़ा है जिसमें हम सभी को सहयोग करने की जरूरत है। संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का त्योहार है। होली अंहकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक है। होली एक ऐसा पर्व है कि सभी गिले शिकवे भूल कर लोग एक-दूसरे से गले मिलते है। उन्होंने कहा की इस बैनर के तले अब तक हजारों गरीब असहाय लड़कियों की शादी कराई गई है। वहीं भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा से संबंधित कई जागरूकता कार्यक्रम भी झारखंड बिहार सहित अन्य प्रदेशों में चल रहा है। इस अवसर पर जिला परिषद् उर्मिला देवी, राजेश मेहता, महाबिर राम, दीनानाथ पांडे, राम प्यारी सिंह, सुभाष चन्द्र मेहता, राजा लाल सिंह, राम सागर राम, कृष्णा कांत सिंह, अरविंद पासवान, सुमन मेहता, राजकुमारी देवी सहित आदि लोग उपस्थित थे।

केंद्र सरकार ने झामुमो की पूर्व विधायक सीता सोरेन को दी जेड श्रेणी की सुरक्षा

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की पूर्व विधायक सीता सोरेन को केंद्र सरकार ने जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। सीता सोरेन ने बीते 19 मार्च को झामुमो से इस्तीफा देने के तुरंत बाद दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। जेड श्रेणी में 22 कर्मियों की सुरक्षा होती है, जिसमें 4-6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी शामिल होते हैं। झारखंड पुलिस की विशेष शाखा में राज्य सुरक्षा वर्गीकरण समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक के दौरान झारखंड के विशिष्ट, अति विशिष्ट व्यक्तियों के आसन्न खतरे की समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद जेड प्लस, जेड, वाई प्लस, वाई और एक्स कटैगरी में सुरक्षा में सभी लोगों को रखा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और राजनीति में कदम रख चुकीं कल्पना सोरेन को भी अब वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। राज्य पुलिस ने कुल 119 लोगों की सुरक्षा की समीक्षा की थी।

पर्यावरण के लिए हर जीव महत्वपूर्ण : डॉ. धनंजय

एजेंसी

देहरादून : विशेषज्ञों ने अंतरराष्ट्रीय वन दिवस पर ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी में गुरुवार को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि धरती का हर जीव पर्यावरण संरक्षण में अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि दीमक से लेकर मधुमक्खियां तक इसकी स्थिरता बनाए रखने में योगदान देती हैं।अंतरराष्ट्रीय वन दिवस पर ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी में वन और नवाचार-बेहतर दुनिया के लिए नए समाधानों पर राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हो गया है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. धनंजय मोहन ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या, बदलती जीवन शैली व प्रदूषण जैसे कारणों से पारिस्थितिकी तंत्र में बड़े बदलाव आ रहे हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए इसका संरक्षण करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता संरक्षण के लिए कृषि वानिकी, एक्स सीटू और इन सीटू जैसे प्रबंधनों को बढ़ावा देकर ही प्रकृति और हमारे बीच का संतुलन बना रहेगा।सम्मेलन में कुलपति डॉ. नरपिंदर सिंह ने कहा कि वनों की निगरानी और प्रबंधन के लिए ड्रोन और जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम जैसी तकनीकें उपयोगी साबित हो रही हैं। पर्यावरण संरक्षण के

लिए शहरों में भी पौधारोपण, वन उद्यान और हरित संरचनाएं अपनानी चाहिए।दो दिवसीय सम्मेलन में आज पहले दिन 30 से ज्यादा शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर पौधारोपण का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ़ बायोटेक्नोलॉजी ने उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड के सहयोग से किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी वन संरक्षण देहरादून के रंजन कुमार मिश्रा, उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड के पूर्व सदस्य सचिव एस. एस. रसाइली, ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी की डीन लाइफ साइंसेज प्रो. प्रीति कृष्णा, एचओडी डॉ. मनु पंत, डॉ. यशस्वी सिंह और डॉ. प्रमोद रावत भी मौजूद रहे।

पर्यावरणविद ने मनाया विश्व वानिकी दिवस व पोती का जन्मदिन

वनराखी मूवमेंट से होता है संपूर्ण ब्रह्मांड की सुरक्षा: कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के कौशल नगर मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क जैविक उद्यान में पौधरोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन कर 54 वां विश्व वानिकी दिवस व अपनी पोती आद्रिका का छठी जन्मोत्सव मनाया । उन्होंने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की भी शपथ दिलाई।कार्यक्रम में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए श्री कौशल ने कहा कि समय रहते अगर लोग सचेत नहीं हुई तो कोरोना की कहर से भी ज्यादा तबाही प्रदूषण की जहर से मचेगी। पर्यावरण धर्म से जुड़े लोगों के साथ पर्यावरणविद ने वनों पर राखी बांधकर उसे बचाने की शपथ दिलाई। विश्व वानिकी दिवस पर आयोजित गोष्ठी में पर्यावरणविद कौशल किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति से केवल लेना नहीं देना भी सीखें क्योंकि अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ के कारण कोरोना से भी अधिक भयावह प्रदूषण का खतरा लोगों के सिर पर मंडरा रहा है।

विश्व वानिकी दिवस पर उन्होंने ब्रह्माण्ड के सभी जीवों की रक्षा के लिए पौधरोपण करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मदेव यादव ने की जबकि संचालन छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के प्रतिनिधि सुचित कुमार ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल के प्रतिनिधि पूर्व उप मुखिया अफजल अंसारी ने की। मौके पर जुबेर अंसारी, सूरज देव यादव,कृष्ण प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद,कामेश्वर राम, कामेश्वर सिंह, रूपेश कुमार,अजय कुमार, श्रवण कुमार , विशाल कुमार,समेत कई लोग शामिल थे।

होली के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर जेबीवीएनएल ने निर्देश जारी किया

रांची : राजधानी रांची में होली के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति हो, इसे लेकर जेबीवीएनएल मुख्यालय ने निर्देश जारी किया है। जेबीवीएनएल ने निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सभी आपूर्ति कार्यालयों को आदेश दिया है, जिसमें कहा है कि राज्य में होली समेत गर्मी के दौरान बिजली उपभोक्ताओं को बिजली की किल्लत का सामना न करना पड़े। इसके लिए आपूर्ति कार्यालयों की ओर से सुनिश्चित कार्रवाई की जाए, जिससे समय-समय पर होने वाली लोड शेडिंग से लोगों को राहत मिल सके। विशेषकर तकनीकी कारणों से होने वाली बिजली कटौती को रोकने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए आपूर्ति क्षेत्र में बिजली उपकरणों की जांच, ट्रांसफॉर्मर जांच, फीडर चेकिंग से लेकर अन्य तकनीकी चीजों को दुरूस्त करने का आदेश दिया गया है। निगम की ओर से अधिकारियों की जवाबदेही तय की गयी है, जिससे क्षेत्रवार बिजली की समस्या का समाधान हो सके।

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आज प्रवेश परीक्षा

राज्य के 36,230 विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में होंगे शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य में संचालित जिलास्तरीय 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए शुक्रवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा में राज्य के 36,230 विद्यार्थी शामिल होंगे। प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड उपलब्ध करा दिया गया है। प्रत्येक एडमिट कार्ड में परीक्षा केंद्र की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध है। परीक्षार्थियों को परीक्षा से आधे घंटे पूर्व सुबह 9.30 बजे तक परीक्षा केंद्र में स्थान ग्रहण करना होगा। सुबह 10 बजे से परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा केंद्रों में प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षकों को भी राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश उपलब्ध करवाए गए हैं। परीक्षा में शामिल हो रहे सभी परीक्षार्थियों को राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह ने शुभकामनाएं दी हैं।

परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश

राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा जारी एडमिट कार्ड में परीक्षार्थियों के लिए सभी निर्देश साफ शब्दों में अंकित हैं। परीक्षार्थियों को अपने एडमिट कार्ड में लेटेस्ट पासपोर्ट साइज फोटो लगाना होगा। परीक्षा केंद्र में वाइटनर, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, इलेक्ट्रिक घड़ी, पेजर इत्यादी ले जाना वर्जित होगा। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी अपने साथ केवल प्रवेश पत्र, काला/नीला पिन पॉइंट पेन और कार्डबोर्ड के अतिरिक्त कुछ नहीं ले जा सकेंगे। सत्यापन के लिए परीक्षार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड या कोई अन्य फोटो पहचान पत्र साथ ले जाना अनिवार्य है।

30 मार्च को होगा मेधा सूची का प्रकाशन

30 मार्च को प्रवेश से संबंधित पहली मेधा सूची का प्रकाशन किया जाएगा। एक अप्रैल से सात अप्रैल तक विद्यार्थियों का नामांकन लिया जायेगा। 8 अप्रैल से उत्कृष्ट विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो जायेगी।

बालवाटिका और कक्षा 1 में नामांकन के लिए नहीं ली जाएगी प्रवेश परीक्षा

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों की बालवाटिका और कक्षा एक में नामांकन के लिए किसी तरह की कोई प्रवेश परीक्षा नहीं ली जाएगी। बालवाटिका और कक्षा एक में 40-40 बच्चों का नामांकन होगा।